दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 36 | जयपुर | सोमवार, 09 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन

## सरकार का 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव का दावा; उद्योगपति गौतम अडाणी पहुंचे जयपुर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम मोदी सुबह 10.15 बजे सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में समिट का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान पीएम उद्घाटन सत्र को संबोधित भी करेंगे।

समिट में शामिल होने के लिए उद्योगपति गौतम अडाणी रविवार शाम जयपुर पहुंच गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमआर में सभी उद्योगपतियों को स्पेशल नाइट डिनर पर भी इनवाइट किया है। यहां सभी को राजस्थानी व्यंजन परोसे जाएंगे।

उद्घाटन सत्र में देश के जाने माने उद्योगपति, केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, 5 हजार से अधिक निवेशक, कारोबार और व्यापार जगत के अधिकारी, डेलिगेट्स और अन्य प्रतिभागी मौजूद रहेंगे।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत सीएम भजनलाल शर्मा के स्वागत भाषण से होगी। अपने स्वागत भाषण में सीएम भजनलाल शर्मा राज्य सरकार का एजेंडा और अगले 5 सालों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के बारे में बताएंगे। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में सरकार ने करीब 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आने का दावा किया है।



### राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन

पीएम मोदी इस मौके पर समिट में लगाई गई राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का भी उद्घाटन करेंगे। एक्सपो में राजस्थान पवेलियन, कंट्री पवेलियन, स्टार्टअप पवेलियन, प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों (पीएसई), प्रमुख भारतीय और वैश्विक व्यापार समूहों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी राजस्थान की अपार संभावनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा ताकतों के बारे में जानकारी देगी। वहीं, व्यवसायों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने वाली राज्य की प्रगतिशील नीतियों को भी प्रदर्शित करेगी।

RISING RAJASTHAN

### कंट्री सेशन और थीमैटिक सेशन होंगे

तीन दिवसीय इन्वेस्टमेंट समिट में कंट्री सेशंस (देश पर सेशंस) के साथ प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव, एमएसएमई कॉन्क्लेव और 12 क्षेत्रों के लिए थीमैटिक (किसी सब्जेक्ट से संबंधित) सत्र शामिल हैं। इन सत्रों में देश और दुनिया के कई विशेषज्ञ, उद्योग और व्यापार जगत के शीर्ष अधिकारी, केंद्र और राजस्थान सरकार के अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान संबंधित विषय से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों, तकनीकी परिवर्तनों और उभरते अवसरों पर चर्चा की जाएगी। 12 थीम आधारित सत्रों में महिला बिजनेसवुमन, मशीनों-औजारों और श्रम का उपयोग करके सामान बनाने की क्रिया, जल प्रबंधन, स्थिरता, सस्टेनेबल ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, सस्टेनेबल माइनिंग, स्टार्टअप, शिक्षा, सस्टेनेबल वित्त, कृषि-व्यवसाय, पर्यटन और इन्फ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई चेन के शामिल है।

## जयपुर में राहुल गांधी ने सीखा सेल्फ डिफेंस

### कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में कराटे यूनिफॉर्म में दिखे, राजस्थान के नेताओं को एंट्री नहीं



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार सुबह 1 दिन के दौरे पर रविवार सुबह करीब 7 बजे जयपुर पहुंचे। राहुल गांधी खेड़ापति बालाजी (सामोद) में कांग्रेस के नेतृत्व संगम ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए। आठ दिन से चल रहे ट्रेनिंग कैंप के सुबह के सेशन में राहुल गांधी ने सेल्फ डिफेंस की भी ट्रेनिंग ली। वे ट्रेनिंग कैंपस में कराटे यूनिफॉर्म में नजर आए। इससे पहले रविवार सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर उनका पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ( पीसीसी चीफ) गोविंद सिंह डोटासरा,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने स्वागत किया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को सूत की माला पहनाई। पीसीसी चीफ ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे ट्रेनिंग में पहुंचे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा की। राहुल गांधी दोपहर 3 बजे वापस एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। जयपुर एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता उनको सी-ऑफ करने पहुंचे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था।

गृह मंत्री अमित शाह का जोधपुर दौरा

## बॉर्डर की चिंता हमें नहीं, हमारे जवान निपट लेंगे : शाह

### जोधपुर में गृह मंत्री को बीएसएफ के डॉग ने सलामी दी; ऊंट पर जवानों ने योग किया

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस के नाम से जानी जाती है। यही वजह कि सीमा से जब किसी अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान हैं, निपट लेंगे। अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए जवानों को जाता है और किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उनके सामने जवानों, श्वान टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इससे पहले गृह मंत्री को सुबह ठीक 11 बजे बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड से पहले बीएसएफ विंग के स्वदेशी हेलिकॉप्टर ध्रुव ने आसमान से सुरक्षा का जायजा लिया। उधर, बीएसएफ का कार्यक्रम पूरा होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह सर्किट हाउस जोधपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे।

#### गृह मंत्री के सामने श्वानों ने शानदार प्रदर्शन किया

गृह मंत्री अमित शाह के सामने बीएसएफ में शामिल श्वानों ने अपने शानदार प्रदर्शन से खूब प्रशंसा बटोरी। भारतीय नस्ल का श्वान रामपुर हाउंड सहित तमाम अन्य श्वानों ने जवानों का साथ देकर बचाव कार्य का प्रदर्शन किया।

#### बीएसएफ ने साहसिक कार्यों का प्रदर्शन किया

बीएसएफ की ओर से साहसिक कार्यों का प्रदर्शन हो गया है। कार्यक्रम में सबसे पहले ऊंटों पर बीएसएफ के जवान प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें रेगिस्तान में तस्करों का पीछा करने, क्रॉस कंट्री रोलिंग, औचक निरीक्षण का प्रदर्शन किया जा रहा है।



#### गृह मंत्री बोले- जवानों के बलिदान से ही भारत अजेय है

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मैं बीएसएफ जवानों से कहता हूं- आपकी ड्यूटी कितनी कठिन है। जवान अपने जीवन का स्वर्णकाल माइनस 43 डिग्री के तापमान से लेकर प्लस 43 डिग्री टेम्प्रेचर तक के वातावरण में बिताता है। न आप बच्चों की देखभाल कर पाते हैं, न बूढ़े माता-पिता की सेवा कर पाते हैं। पूरा देश आपके इस बलिदान के प्रति सम्मान रखता है। तपते रेगिस्तान, घने जंगलों और बर्फ में भी आपने अपनी ड्यूटी निभाई है। जब देश सो रहा होता है, तब आप पहली पंक्ति के रूप में देश की सेवा करते हैं। आपका ये बलिदान एहसास दिलाता है कि भारत अजेय है। इसको कोई नहीं हरा सकता है। यह जो अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ लोगों के दिलों में पैदा हुआ है, इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए जवान को जाता है और किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है।

#### लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली होगी कारगर

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- आने वाले समय में ड्रोन की समस्या और गहराने वाली है। ऐसे में देश के सभी सीमा सुरक्षा बल, रक्षा विभाग, डीआरडीओ और सारे सुरक्षा विभाग ने मिलकर एक लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित की है। अभी यह प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहद अच्छे आए हैं। इससे पंजाब बॉर्डर पर 55 हमलों को रोका गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- तीन हजार गांवों में प्रायोगिक रूप से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है। सीमा सुरक्षा बल की ओर से ओखा (गुजरात) में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी की स्थापना की गई है।

## किसानों का मार्च स्थगित, बैठक में होगी आगे की रणनीति पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**शंभू बॉर्डर (पटियाला)।** शंभू बॉर्डर पर जुटे किसानों के जत्थे ने रविवार को दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। किसानों को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले दागे, जिनकी वजह से कई किसान घायल हो गए। इसके बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने अपने मार्च को स्थगित कर दिया।

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने संवाददाताओं से कहा, आज हमने जत्था वापस लेने का फैसला किया है। पहले उन्होंने हम पर फूल बरसाए, जिनमें केमिकल थे। उसके बाद उन्होंने हम पर रबर की गोलियां चलाईं, केमिकल फेंके। उन्होंने आगे कहा, कई किसान घायल हुए हैं, उनमें से एक को चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया गया है।

किसानों की आगे की रणनीति पर पंढेर ने कहा, कल दोनों मंचों की बैठक होगी और आगे की रणनीति बनाई जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। बता दें, किसान एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं। किसान 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

## राजस्थान में स्कूली बच्चों की बस पलटी, 3 की मौत

### ब्रेक फेल होने से एक्सीडेंट; पिकनिक के लिए जा रहे थे, 17 स्टूडेंट्स गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**राजस्मंद( नि.स. )।** राजस्थान के राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई। हादसे में 3 छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में कुल 67 लोग सवार थे। इनमें 62 बच्चे, 6 टीचर और एक ड्राइवर था। जिले के देसूरी नाल में रविवार सुबह करीब 10.30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। हेडमास्टर और 15 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां से उसे परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। वहीं, 37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी।

इसमें राछिया (आमेट, राजसमंद) के महात्मा गांधी स्कूल के बच्चे थे। बच्चे पाली के परशुराम महादेव मंदिर दर्शन और पिकनिक के लिए जा रहे थे। वे सुबह 8 बजे स्कूल से निकले थे।





#### गुस्साए परिजनों ने किया रोड जाम

गुस्साए परिजनों ने दोपहर में चारभुजा सीएचसी के बाहर चारभुजा-राजसमंद रोड को जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बाद वे रास्ते से हटे। शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों छात्राओं के शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे में 3 बच्चियों की मौत हो गई। इनमें ललिता नट (14) पुत्री प्रकाश निवासी मानक देह (आमेट), आरती नट (12) पुत्री मीठालाल निवासी आमेट और प्रीति कंवर पुत्री पिंटू सिंह हैं। जानकारी के अनुसार मृतक बच्चियों के चेहरे बुरी तरह से कुचल गए।

**स्कूल से निकलने के ढाई घंटे बाद हुआ हादसा**-घायल छात्र सूरज ने बताया- मैं छठी क्लास में पढ़ता हूं। बस का ब्रेक फेल हो गया था। स्कूल से हम सुबह 8 बजे निकले थे। छात्र किशन गुर्जर ने बताया- मैं आठवीं क्लास में पढ़ता हूं। मुझे कुछ नहीं पता कि क्या हुआ? मैं बेहोश हो गया था। हम पिकनिक पर जा रहे थे। घायल बच्ची वर्षा ने बताया- मेरे होंठ पर चोट लगी। हम पिकनिक पर जा रहे थे। बस पलटी तो चीख पुकार मच गई। सभी को लगी। मैं आठवीं क्लास में पढ़ती हूं।छात्र हरीश ने बताया- गुवानी गुड़ा गांव का हूं। हम पिकनिक पर जा रहे थे। मैं बीच की सीट पर बैठा था, इसलिए बच गया।

**हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है- जिला कलेक्टर**-राजसमंद कलेक्टर बाल मुकुंद असावा ने बताया- आमेट के राजकीय स्कूल के बच्चे पिकनिक पर जा रहे थे।एक्सीडेंट में तीन बच्चियों की मौत हुई है। 14 बच्चे घायल हैं, जिन्हें चारभुजा हॉस्पिटल भिजवाया जा रहा है। देसूरी की नाल में काफी टर्न हैं। संकेतक चिह्न भी लगाए गए हैं। पता लगाएंगे बस ओवरलोड थी या कुछ और कारण है।

VARDHAMAN
DENTAL HOSPITAL
Dr. Amit Kant Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9829422290
Dr. Meha Jain
Dental Surgeon
Mobile : 9983039253
Medical History : • Asthema • Hypertension • Diabeties
• Pregnancy/Breast Feeding • Hospitalization/Surgery • Drug Allergy

Dental Laser | Digital X-ray(RVG) | Fix Braces | Zirconia Crowns
• 71/44 Opp. Kala Color Lab, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur
• 114/415 Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## पेट्रोल पम्प से डीजल चोरी करने वाली गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर ग्रामीण जिले की नरैना थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप से डीजल चोरी करने वाली गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से डीजल चोरी करने के उपकरण और एक ट्रक बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी कई राज्यों में डीजल चोरी करने की वारदात को अंजाम दे चुके है। महाराष्ट्र की यह गैंग पिछले कई सालों से इस काम को कर रही है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले की नरैना थाना पुलिस ने पेट्रोल पम्प से डीजल चोरी करने वाली गैंग के शातिर बदमाश लाला काले पुत्र पिंटू काले, भीमा काले पुत्र झुंबर काले, गणेश पंवार पुत्र बालू पंवार तथा रामा पंवार पुत्र पन्या पंवार निवासी पारधी बस्ती तेरखेडा तहसील वासी थाना येरमला जिला धाराशिव (उस्मानाबाद) महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ में सामने आया है कि वह महाराष्ट्र से राजस्थान में ट्रांसपोर्ट का सामान लोड करके लाते हैं। रास्ते मे जब ट्रक की टंकी में डीजल की मात्रा कम हो जाती है। मौका मिलते ही रात को ट्रक को हाईवे पर न चला कर लोकल रोड पर सुनसान जगह पेट्रोल पम्प के पास उतर जाते हैं। ट्रक को आसपास की होटल पर ले जाकर खड़ा कर देते हैं। खाना बनाने लग जाते हैं। बदमाश पेट्रोल पंप के पीछे से टैंक में पाइप डालकर 200 से 300 मीटर तक मौका स्थिति के अनुसार छोटे-छोटे हैंडपंपों की मदद से डीजल से जरीकन भर लेते हैं। जरीकन भरने के बाद ट्रक को बुलाकर ट्रक की टंकी भर लेते हैं। शेष जरीकन ट्रक में रख लेते हैं। आवश्यकतानुसार ट्रक की टंकी में डाल लेते हैं। आरोपी महाराष्ट्र से 30-40 लीटर डीजल लाते हैं। वापस महाराष्ट्र जाते वक्त ट्रक की दोनों टंकियां और जरीकन भरकर ले जाते हैं। घर पर खेती आदि के लिए ट्रैक्टर मे डाल लेते है। गौरतलब है कि 3 दिसम्बर को दिनेश सिंह खंगारोत ने नरैना थाने में रिपोर्ट दी कि उसके पेट्रोल पम्प पर शाकंभरी किसान सेवा केन्द्र ग्राम मरवा पर रात को अज्ञात व्यक्ति डीजल चोरी कर के ले गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर एक पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज देख कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बदमाशों तक पहुंची।

## राइजिंग राजस्थान के 9 दिसंबर के माइंस के सेक्टोरल सेशन में

### सतत खनन : भविष्य की सुरक्षा पर जाने माने विशेषज्ञ करेंगे मंथन

बढ़ता राजस्थान

- केन्द्रीय खान व कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के मुख्य आतिथ्य में सेशन का आयोजन
- केन्द्रीय खान सचिव वीएल कांताराव देंगे की नोट संबोधन
- प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त प्रजेंटेशन के माध्यम से करेंगे दशा व दिशा पर चर्चा
- देश के जाने माने विशेषज्ञ होंगे पैनलिस्ट

**जयपुर, (का.स.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में 9 दिसंबर को जेईसीसी में आयोजित सेक्टोरल सेशन में सतत खनन- भविष्य की संभावनाओं पर मंथन होगा। सेक्टोरल सेशन में जाने माने विशेषज्ञ प्रतिभागी होंगे। केन्द्रीय खान एवं कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस सेशन में जनजाति विकास एवं होमगार्ड मंत्री श्री बाबू लाल खराड़ी व वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा गस्ट ऑफ ऑनर होंगे। सेक्टोरल सेशन में केन्द्रीय खान सचिव श्री वी एल कांताराव की नोट संबोधन देंगे वहीं प्रमुख शासन सचिव माइंस श्री टी. रविकान्त पीपीटी प्रजेंटेशन द्वारा सतत खनन- भविष्य की सुरक्षा को केन्द्र में रखते हुए देश दुनिया में हो रहे नवाचारों और अभिनव प्रयोगों को साझा करेंगे। श्री रविकान्त प्रदेश में खनन क्षेत्र की भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सतत खनन के लिए किये जाने वाले प्रयासों व दशा और दिशा पर अपनी बात रखेंगे। राइजिंग राजस्थान के खान विभाग के नोडल अधिकारी श्री बीएस सोढ़ा ने बताया कि सतत खनन भविष्य की सुरक्षा विषयक सेक्टोरल सेशन में हिन्दुस्तान जिंक जियोटेक माइनिंग ऑपरेशन के महाप्रबंधक श्री डेविड जोसेफ फिन सस्टेनेबल माइनिंग पर प्रजेंटेशन देंगे। इस अवसर पर आयोजित पैनल डिस्कशन के मोडरेटर हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण मिश्रा होंगे वहीं ऑयल इण्डिया के सीएमडी डॉ. रणजीत रथ, हिन्दुस्तान जिंक के श्री डेविड जोसेफ फिन, सीएमपीडीआई के निदेशक श्री सतीश झा, आस्ट्रेलियन माइनिंग सलाहकार श्री एन्ड्रू हाल, आईआईटी धनवाद टेक्समिन के सलाहकार श्री नरेश सोनी और फैडरेशन ऑफ माइनिंग एसोसिएशन आफ राजस्थान के महासचिव श्री अक्षयदीप माथुर पेनलिस्ट होंगें राइजिंग राजस्थान के माइनिंग के सेक्टोरल सेशन में सस्टेनेबल माइनिंग-सेफगार्डिंग द फ्यूचर प्रदेश के माइनिंग क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए रखा गया है। प्रतिभागियों व सेशन में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों द्वारा मंथन के साथ ही भविष्य की संभावनाओं, नवाचारों, देश दुनिया में हो रहे बदलाव और बेस्ट प्रेक्टिसेज का साझा किया जाएगा।

## अस्पताल में काम करने के दौरान सफाई कर्मचारी की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** एक निजी अस्पताल में काम करने के दौरान शनिवार सुबह एक सफाई कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक की मौत के बाद अस्पताल में परिजन व अन्य लोग जमा हो गए। परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और नौकरी व मुआवजे की मांग की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। करीब सात घंटे के अथक प्रयासों के बाद अस्पताल प्रशासन और परिजनों के बीच सहमति बन पाई। तब जाकर परिजन शव लेने को राजी हुई। घटना मुरलीपुरा थाना इलाके की है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे रोड नम्बर चार पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारी मौनू वाल्मीकि निवासी जेडीए बस्ती विद्याधर नगर के सीने में दर्द उठा। इस पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही उसके परिजन सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए।

### उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

# प्रमुख शासन सचिव ने गांधीनगर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने रविवार को गांधीनगर स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का राज्य स्तरीय शुभारम्भ किया। राठौड़ ने कहा कि भारत में वर्ष 1995 में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई।जनवरी 2011 के पश्चात् गत 13 वर्षों में कोई भी पोलियो का नया केस भारत में नही पाया गया। मार्च 2014 को भारत को पल्स पोलियो मुक्त होने का प्रमाण पत्र मिल चुका है, लेकिनपाकिस्तान में 55 व अफगानिस्तान में 23 पोलियो के केस पाये गये हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने देशभर में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश में 39 जिलों में जन्म से 5 वर्ष तक के करीब 87.50 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। अभियान के सफल आयोजन के लिए 46,887 पोलियो बूथ स्थापित किये गये हैं तथा 59,936 टीमे बनाई गई हैं। इनमें 5,396 ट्रांजिट टीम एवं 7,653 मोबाईल टीमें भी शामिल हैं। अभियान के प्रथम दिवस को बूथ पर जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी तथा छूटे हुए बच्चों को अगले 2 दिवस तथा जयपुर शहर में अगले 3 दिवस घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी।

**इन जिलों में संचालित किया जा रहा है अभियान :** यह अभियान अजमेर, अलवर, अनूपगढ़, ब्यावर, बांसवाड़ा, बालोतरा, भरतपुर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बून्दी, चूरू, दौसा, दूदू, डीडवाना-कुचामन, डीग, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जयपुर-ग्रामीण, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, खैरथल तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, नीम का थाना, फलौदी, सांचौर शाहपुरा, सीकर, सिरोही, सलूम्बर, टोंक एवं उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

**स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश :** श्रीमती राठौड़ ने इस दौरान गांधीनगर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध करवाई जा रही जांच एवं उपचार



व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गैर संक्रामक रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर की जा रही गतिविधियों के बारे में पूछा और इन गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, इसके अनुसार स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी रोगियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाएं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती भारती दीक्षित, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## टिंकल बेल स्कूल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ





बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** रविवार को निवाई की मोदी धर्मशाला में टिंकल बेल स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित हुआ । हर वर्ष की तरहा इस बार भी स्कूल के सभी बच्चो ने वार्षिक उत्सव के लिए काफ़ी दिनों से जो तैयारियाँ की थी जो स्टेज के माध्यम से सभी सम्पूर्ण हुई।

वार्षिक उत्सव में विशिष्ट अतिथि डिप्टी मृत्युंजय मिश्रा,मुख्य अतिथि राजकुमार करनानी, मोहित टेलर मौजूद रहे। स्कूल की प्रिंसिपल कल्पना भदोरिया राकेश सिंह भदोरिया ने इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी अवार्ड भी दिया जिसमें मनीषा मीणा क्लास 10th, कोयल मीणा क्लास 12th और विभिन तरहा के सांस्कृतिक प्रोग्राम हुए जिसमें संस्कृति राजस्थानी ,पंजाबी देश भक्ति गानों पर डांस और छोटे छोटे बच्चो ने डाँस और कुछ बच्चो ने हास्य मनोरंजन नाटक कर सभी लोगो को लुभाया। बच्चो के साथ सभी के परिवारजन ने वार्षिक उत्सव आनन्द लिया।

## दूल्हे ने पेश की मिसाल, बिना दहेज की शादी, एक रुपया नारियल लेकर लाया दुल्हन

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स)।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा में दूल्हे ने समाज के लिए एक मिसाल पेश की हैं। बिना दहेज शादी की। ससुराल पक्ष से केवल एक रुपया और नारियल लेकर दुल्हन को विदा कराकर घर लाया। दूल्हे की इस फैसले की तारीफ हो रही हैं। काचरोदा के पूर्व सरपंच भंवर रतिवाल के पुत्र राहुल ने बिचून निवासी अंजली के साथ 6 दिसम्बर में आयोजित हुए विवाह में शगुन के तौर पर एक रुपया और नारियल लेकर मिशाल पेश की हैं। राहुल दहेज प्रथा,नशे जैसी बुराइयों के खिलाफ रहा हैं। जब उसके रिश्ते की बात बिचून निवासी महेश धुंधारिया की बेटी के साथ चली तो पहले ही दहेज के लिए मना कर दिया था। दुल्हे राहुल ने कहा कि एक उच्च शिक्षित युवती से विवाह होना ही उसके लिए सबसे बड़ा दहेज होगा। राहुल की इस बात से उसके पिता भंवर रतिवाल भी राजी थे।

## वर्टेक मेडिसिन फार्मेस्सी की पहली शाखा जयपुर मे शुरू



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** स्वास्थ्य से सम्बन्धित सभी उत्पाद एक ही जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्टेक फार्मेसी की पहली ब्रांच का शुभारम्भ किंग्स रोड निर्माण नगर जयपुर में शुरू हुआ। के. के. टाक ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ थे एवम् धर्म जागरण समन्वय के राम प्रसाद सम्मानित अतिथि थे। के के टाक ने बताया कि देशभर में 1 हजार ब्रांच खोलने का लक्ष्य है, इसके लिए फ्रेंचाइजी आमंत्रित किए गए हैं। फार्मेसी क़ी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। यहाँ मेन्स केयर, विमेन्स केयर, बेबी केयर, स्किन केयर, हेयर केयर, मेडिकल डिवाइस, विटामिन सप्लीमेंट्स सभी प्रकार के हेल्थ टेस्ट साहित हेल्थ से जुड़े सभी काम एक ही जगह होंगे, वो भी बाजार दर से भी कम कीमत पर। एमडी सुरेंद्र टाक ने बताया कि इस अवसर पर सोहनलाल ताम्बी, मनोज मुदगल, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामलाल जाट, जीएसटी कमिश्नर सुमित कुमार यादव, त्रिलोक खंडेलवाल, सुरेंद्र टाक, श्रवण कुमार यादव (जयपुर एयरपोर्ट) , रवींद्र सिंह मटरू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विदेशी कोयले की चोरी में धरपकड़ जारी : बीस महीनों से वांछित चल रहा ग्यारह हजार का इनामी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच रेंज सेल जोधपुर की टीम की ओर से विदेशी कोयले में मिलावट कर चोरी करने के मामले में आरोपियों की निरन्तर धरपकड़ की जा रही है। इसी क्रम में टीम ने सांचौर थाने में दर्ज मुकदमे में वांछित ग्यारह हजार के एक और फरार इनामी आरोपी भंवर लाल बिश्नोई (50) निवासी चितलवाना जिला सांचौर को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि कोयला चोरी के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक पुलिस टीम गठित की गई। जहां टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भंवर लाल बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। इससे पहले ग्यारह हजार के इनामी मोहन भाई व समा याकूब इब्राहिम के साथ अन्य मिठू मथडा इब्राहिम निवासी गांधीधाम को गिरफ्तार किया गया था। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि विदेशों से महंगा कोयला गुजरात के बंदरगाह पहुंचता है। जहां से यह कोयला ट्रकों द्वारा अलग-अलग जगह भेजा जाता है।

इस दौरान बदमाश ट्रक चालकों से मिलीभगत कर कोयले को अपने स्थान पर उतार कर उसमें उतने ही वजन का घटिया कोयला मिलाकर वापस ट्रक को सील कर आगे भेज देते थे। वहीं असली कोयले को फर्जी बिलो के जरिए दूसरे लोगों को बेच देते है। एमएन ने बताया कि इस गोरखधंधे पर लगाम लगाने पिछले साल अप्रैल महीने में उनके निर्देशन में सीआईडी सीबी की विभिन्न टीमों ने स्थानीय पुलिस के साथ एक साथ 13 जिलों में कार्रवाई की गई। जिसमे फरार चल रहे 15 आरोपियों पर पुलिस मुख्यालय से 11-11 हजार रुपये के इनाम की घोषणा




की गई थी। टीम द्वारा सांचौर थानांतर्गत करौला गांव के पास स्थित एक बाड़े में 20 अप्रैल, 2023 को दबिश देकर बाड़े से 65 टन कोयला व वाहन इत्यादि जब्त कर आरोपी बाबुलाल विशनोई निवासी कारौला, बंशीलाल खोरवाल निवासी जटियावास सांचोर, भवरलाल विश्नोई निवासी सांगड़ा डावल, भरत कानजी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था।

# पत्रकार हितों की सुरक्षा और मांगों के समर्थन में विशाल धरना

बढ़ता राजस्थान

### पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**जयपुर, (का.स.)।** पत्रकारों के हितों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर राजस्थान पीरियोडिकल प्रेस ऑफ़ इंडिया (पीपीआई) की ओर से शनिवार को शहीद स्मारक एमआई रोड जयपुर पर विशाल धरने का आयोजन किया गया। यह सांकेतिक धरना दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित हुआ। जिसमें जयपुर और अन्य जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। इस धरने का नेतृत्व पीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय ने किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा की अनुशंसा पर यह आयोजन हुआ। धरने में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, आवासीय योजना को पूरा करने, लघु एवं मंझौले समाचार पत्रों के लिए विज्ञापन नीति बनाने और डिजिटल मीडिया को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

**पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग :** धरने में पत्रकारों ने राजस्थान सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून तुरंत लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और कैमरे में अपराधियों के सबूत रखने के कारण अक्सर निशाने पर रहते हैं। कई घटनाओं में पत्रकारों पर हमले हुए हैं, उनके उपकरण तोड़े गए हैं, और कुछ मामलों में तो उनकी हत्या को दुर्घटना का रूप दे दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय ने कहा कि पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून बेहद जरूरी है। यह उनका अधिकार है, जिसे सरकार को देना ही होगा। यह धरना सरकार को यह संदेश देगा कि अब पत्रकार चुप नहीं बैठेंगे।

**मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन :** पत्रकार संगठन पीपीआई ने पत्रकारों की मांगों का पांच सूत्रीय मांग पत्र सीएमआर में मुख्यमंत्री के नाम उपस्थित अधिकारी को दिया गया। पीपीआई के डेलिगेशन में प्रदेश अध्यक्ष सन्नी आत्रेय, प्रदेश महामंत्री नरेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीस खान, प्रदेश सचिव अचल दीप सिंह शामिल रहे । पत्रकारों की अन्य प्रमुख मांगें

**आवासीय योजनाओं का निपटारा :** लंबे समय से लंबित पत्रकारों की आवासीय योजनाओं को पूरा किया जाए। विज्ञापन नीतिरू लघु और मंझौले समाचार पत्रों के लिए नियमित विज्ञापन नीति बनाई जाए।

**डिजिटल मीडिया का समावेश :** डिजिटल मीडिया के लिए स्पष्ट नीति तैयार की जाए और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ा



जाए। गैर-अधिस्वीकृत पत्रकारों को सुविधार, गैर-अधिस्वीकृत पत्रकारों को भी अधिस्वीकृत पत्रकारों की तरह सरकारी सुविधाएं और मेडिक्लेम पॉलिसी का लाभ दिया जाए।

**समर्थन और सहभागिता :** धरने में हिंद ग्रामीण पत्रकार संघ, राजस्थान पत्रकार प्रगति संघ ,सर्व हिंदू समाज, हिंदू समाज एकता महापंचायत और सर्व सिंधी स्वर्ण सभा के पदाधिकारी सहित कई संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया।

# फौज के जवान ने ग्रामीणों पर की अंधाधुंध फायरिंग सभी सुरक्षित

## भागवत कथा चन्दा राशि को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस के पहुंचने से पूर्व आरोपी फरार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** जिले में एक युवक ने ग्रामीणों पर फायरिंग कर दी। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी आर्मी में जवान है। मामला रविवार सुबह करीब 10 बजे, बयाना के नजदीक नगला सराय भम्बू गांव का है। बयाना कोतवाली थाने के एसएचओ बाबूलाल गुर्जर- हमें ग्रामीणों से फायरिंग की सूचना मिली थी। जानकारी थी कि फायरिंग करने वाले आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा हुआ है, लेकिन जब हम टीम के साथ पहुंचे तब तक वो ग्रामीणों के चंगुल से छूटकर फरार हो गया। एक टीम आरोपी की तलाश में निकल चुकी है।





### भागवत कथा के लिए इक्ट्ठा चंदा राशि के लिए हुआ विवाद

ग्रामीण शेरसिंह ने बताया- गांव में भागवत कथा के आयोजन के लिए करीब 20 दिन पहले चंदा इकट्ठा किया गया था। करीब 3.25 लाख रुपये चंदा इकट्ठा हुआ था। 17 नवंबर को भागवत कथा शुरू हुई थी। 24 नवंबर को कथा का अंतिम दिन था। अगले दिन भंडारा आयोजित होना था। 23 नवंबर को आरोपी फौजी रामकुमार गुर्जर उर्फ सोनू के चचेरे भाई की 22 वर्षीया पत्नी की मौत हो गई थी। इस वजह से ग्रामीणों ने भंडारा स्थगित कर दिया था। रविवार सुबह ग्रामीण चौपाल पर चंदे के हिसाब-किताब को लेकर चर्चा कर रहे थे। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि बाद में बचे हुए पैसे से भंडारा कर दिया जाए। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना था कि बची हुई राशि को जिसने पहले जितना चंदा दिया था, कथा का खर्चा काटकर उसके अनुपात में उन्हीं लोगों को वापस लौटा दी जाए। हिसाब के दौरान विवाद बढ़ा और गांव के ही बृजेन्द्र गुर्जर और उनके फौजी बेटे रामकुमार उर्फ सोनू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। थोड़ी देर में ही रामकुमार गुस्से में चिल्लाने लगा और पिस्टल से फायरिंग कर शुरू कर दी। एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने कहा कि ग्रामीणों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई जा रही है और मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गीता जयंती महोत्सव : बाल कलाकारों ने किया प्रेरक मंचन

## कलाकारों द्वारा कृष्ण अर्जुन संवाद से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,(दिनेश गोठवाल)।** गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा निम्बार्क महाविद्यालय में आयोजित गीता जयंती महोत्सव में बाल शिक्षा सदन के विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के विश्व रूप और अर्जुन को दिए गए संदेश का जीवंत मंचन प्रस्तुत किया। इस प्रेरक नाटिका ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ हुआ, जिसका संचालन डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में ऑनलाइन गीता प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती और लक्ष्मण पुरी महाराज ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत ओमकार प्रार्थना, तुलसी पूजन और गीता प्रार्थना से हुई, जिसका संयोजन गोपाल कनेरिया और सुभाष चंद्र मेहता ने किया। मोटिवेशनल स्पीकर आशीष सिंहल ने गीता के सभी अध्यायों का सार प्रस्तुत किया। गीताव्रती संतोष दीदी ने गीता के 15वें अध्याय का अनुपठन करवाया। धनवारहट के प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों और संस्कृत शिक्षिका कुंती बाला शर्मा ने गीता के 12वें अध्याय का पाठ करवाया। संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत की विद्वत परिषद प्रमुख डॉ. रेनू पालीवाल ने गीता के महत्व पर विचार रखे। प्रियंका शर्मा के सामूहिक कीर्तन ने सभी को भावविभोर कर दिया। डॉ. शीतल जोशी ने गीता पढ़ें, पढ़ाएं और जीवन में लाएं का आह्वान किया। साक्षी प्रजापत ने गीता के श्लोकों का हिंदी अनुवाद सामूहिक रूप से प्रस्तुत किया। भाजपा प्रदेश आपदा विभाग के अध्यक्ष जिनेंद्र शास्त्री ने गीता को संपूर्ण मानव जाति के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बताते हुए कहा कि इसमें हर समस्या का समाधान निहित है। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. जगदीश पालीवाल ने बताया कि गीता परिवार, सनातन पाठशाला, संस्कृत भारती और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अब तक 20,000 से अधिक लोगों को गीता संदेश दिया जा चुका है।कार्यक्रम में गीता आरती और प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। रवि प्रकाश अरोड़ा और रमेश चंद्र कुम्हार ने गीता साहित्य के स्वाध्याय का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष संपत लाल महेश्वरी, डॉ. पी.सी. जैन, रेखा मोगरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को अपने विरोधी दल के धर्म को निभाना चाहिए पंडित रामकिशन, पानी के मुद्दें पर पथैना में हुई किसानों की सभा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भाजपा वर्ष 2014 में खाऊँगा ना खाने दूंगा , हर वर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने , 15 लाख रुपये खाते में आने तथा किसानों की आय दुगनी , स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वायदा किया जो वायदे जुमले और झूठे सावित हुऐ । भाजपा ने खाऊँगा ना खाने दूंगा कहकर सत्ता तो प्राप्त करली लेकिन जनता फैसला करे कि क्या खाने में कमी आई है हर जगह भ्रष्ट्राचार फैला हुआ है। भाजपा ने जरूरत नहीं होने के बाद भी सबसे ज्यादा भ्रष्ट्राचारी दलबदलूओं को अपनी पार्टी में शामिल किया और समझो भाजपा भ्रष्ट्राचारियों की शरणास्थली बन गई है । यह कहना है समाजवादी विचारक और देश में समाजवादी शताब्दी पुरुष के सम्मान से सम्मानित भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन रविवार को जिले के बड़े और ऐतिहासिक गाँव पथैना में बिहारी जी मन्दिर पर आयोजित जन सभा में बतौर मुख्य वक्ता अपना उदबोधन दे रहे थे। पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा 2014 में जिन वायदों को जनता से करके सत्ता में आई थी वो अधिकांश झूठे सावित हुऐ है । उन्होंने कहा कि देश में लगातार आर्थिक गैर बराबरी बढ़ रही है देश में एक प्रतिशत लोगों की आमदनी देश की 22 त्न लोगों की आमदनी के बराबर है जबकि देश की 53त्न सम्मति मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है । उन्होंने कहा कि देश में जो लोग टैक्स देते है 50त्न लोग 13त्न टैंक्स देते है जबकि सबसे अमीर लोग 5त्न टैक्स देते है क्योंकि सरकार उन्हें करों में राहत देती रहती है । उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्त्ताओं ने इन नेताओं को नहीं सुधारा तो इनका हाल भी कांग्रेस जैसा ही होगा ।



### बिना रोजगार के पलायन

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि आज सबसे बड़ा संकट पानी और रोजगार का है, रोजगार के लिये लोग पलायन कर रहे है जबकि बगैर सिंचाई पानी के खेती बंजर और घाटे बाली हो गई है । खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है और कर्जदार हो चुका है । उन्होंने कहा कि या तो सरकार खेती के काम आने बाली चीजों के दाम कम करे या किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिया जाये। पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह ने कहा कि भरतपुर और डीग में बढ़ती बेरोजगारी के लिये प्रदूषण रहित उद्योग धन्धे लगने चाहिये ताकी नौजवानों को रोजगार मिल सके । उन्होंन पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा कर भरतपुर के पानी का हिस्सा तय करने तथा कई दशक से सूखी पड़ी बाणगंगा नदी को गम्भीर नही से जोड़ने की माँग कि तथा लोगों से संघर्ष का आह्वान किया ।

### निर्वाचित नेताओं की जन समस्या निराकरण में रुचि नहीं

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि सरकारें भरतपुर के साथ भेदभाव करती है और अधिकांश निर्वाचित राजनेता जन समस्याओं के निराकरण में रुचि नहीं लेते जिसकी बजह से आज भरतपुर और डीग विकास के मामल में बहुत पीछे चले गये है । किसानों ने कहा कि राजस्थान सरकार को यहाँ के पानी से जुड़े मुद्दों को हल करना चाहिये तथा राजनेताओं को भी पानी और रोजगार पैदा करने के लिये प्रयास करने चाहिये । सभी किसानों ने भरतपुर डीग जिले के समूचे पुरान सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये सरकार को बजट देने तथा जिले में और नये बाँध बनाने की माँग की । सभा में लगभग सात सौ के करीब किसानों ने हिस्सा लिया और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और पानी की माँग की । सभा में मौजूद किसानों ने पानी और रोजगार के लिये वर्ष 2007 से लगातार संघर्ष कर रहे शतायू पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और उनके राजनैतिक सहयोगी इन्दल सिंह जाट के लगातार संघर्ष की सभी ने प्रशंसा की और उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया तथा मौजूद सभी किसानों नें आन्दोलन में सहयोग करने का वायदा किया । किसानों ने वैर के सीता बाँध को विकसित कर बन्ध बारैठा पाइप लाइन स्कीम से जोड़ने की माँग की। सभा में सरपंच बृजेश फौजदार , ठाकुर रमेश बाबा , सरपंच हुक्म सिंह झारौठी , किसान नेता घनश्याम गाजीपुर,ठाकुर रोशन सिंह पहलवान, ठाकुर पुष्कर सिंह , ठाकुर तेज सिंह , ठाकुर यादराम सिंह , ठाकुर नेकराम सिंह , ठाकुर दर्याब सिंह सूबेदार , ठाकुर गोविन्द सिंह, रामकुमार सिंह भाकियू , ने अपने विचार प्रकट किये । सभा की अध्यक्षता ठाकुर हिम्मत सिंह ने की जबकी संचालन सरपंच बृजेश सिंह ने किया ।

# एसएफआई ने चिकित्सा प्रभारी को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** रविवार को एसएफआई द्वारा राजकीय अस्पताल की अव्यवस्था व मरीजों के साथ घोर लापरवाही को लेकर चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन दिया। तहसील संयोजक सन्दीप भारतीय ने बताया कि रात को बाहर से कुछ युवक आते हैं और केनुला लगाते हैं जिसके कारण बच्चों के हाथों में सूजन आ जाती है तथा दर्द करता है जो युवक आते हैं उनके पास किसी भी प्रकार का कोई आईकार्ड नहीं होता है तथा रात के दरमियान जिस डाक्टर कि ड्यूटी होती है और वो अनुपस्थित रहतें है संयोजक ने बताया कि इन तमाम समस्यों को जल्दी ही संज्ञान में नहीं लिया गया तो एसएफआई उग्र आंदोलन करेंगी।

इस दौरान आरिफ खान अनिल बरोड़ रविन्द्र सिंह चौहान भरतराज बरोड़ व आदि मरीज परिजन मोजुद रहे।

# 20 हजार रुपए था मासिक व्यय, पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल हुआ जीरो

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** पीएम सूर्यघर योजना में सोलर प्लांट लगवाने वाले जिले के उपभोक्ताओं को योजना का पूरा लाभ मिलने लगा है। रूफटॉप सोलर प्लांट लगवाने के बाद इनका बिजली का बिल जीरो हो गया है। सोलर प्लांट की स्थापना, लोन, सब्सिडी आदि प्रक्रिया भी बिना ज्यादा समय लिए आसानी से पूरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट लगवाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। शनिवार सवेरे जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय पर विभिन्न उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों की छतों पर लगवाए गए रूफ टॉप सोलर प्लांट का जायजा लिया और योजना को लेकर लाभार्थियों का फीडबैक लिया। जिला कलक्टर ने उनसे सोलर प्लांट स्थापना में लगे समय, प्रक्रिया, परेशानियों और मिल रहे लाभ के बारे में चर्चा की, जिस पर सभी लाभार्थियों ने प्रक्रिया में हुई आसानी पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि उन्हें योजना का पूरा लाभ मिल रहा है और घरेलू बिजली का बिल शून्य हो गया है। इस दौरान डिस्कॉम एक्सईएन अनिल पूनिया, जेईएन लोकेश मीणा तथा रूफटॉप सोलर वेंडर भी उनके साथ रहे।



### उपभोक्ताओं ने जताई संतुष्टि

सभी उपभोक्ताओं ने जिला कलक्टर को बताया कि वेंडर चयन के बाद पंद्रह दिन में पैनल लग गए तथा इसके बाद 7 दिन में ही सब्सिडी की राशि उनके खाते में आ गई। नया बास निवासी देवकिशन सैनी ने बताया कि कि सोलर प्लांट की स्थापना करने से पहले औसत बिल प्रतिमाह करीब 8000 रुपए आता था। पांच किलोवॉट का सोलर प्लांट लगवाने के यह बिल जीरो हो गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन के बाद वेन्डर चयन करने उपरांत 15 दिन में रूफटॉप सोलर स्थापित कर दिया गया। इसके सात दिन में ही खाते में 78000 रुपए की सब्सिडी भी आ गई। नया बास निवासी सुशीला शर्मा ने बताया कि सोलर प्लांट की स्थापना करने से पहले औसत बिल लगभग 20000 रुपए मासिक आता था। 10 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाने के बाद विद्युत बिल शून्य हो गया है। वेंन्डर चयन करने के बाद पंद्रह दिन सोलर प्लांट स्थापित हो गया। सात दिन में ही सब्सिडी खाते में आई गई। शेखावत कॉलोनी के रवि सैनी ने जिला कलक्टर को बताया कि सोलर प्लांट की स्थापना करने से पहले औसत बिल लगभग 6500-7500 रुपए आता था, पांच किलोवॉट का सोलर प्लांट लगवाने में 2 लाख 65 हजार रुपये का खर्च आया, जिसमें से 2,12,000 रुपये का ऋण एसबीआई से 10 वर्ष के लिए 7 प्रतिशत ब्याज दर से लिया। सोलर प्लांट लगवाने के बाद पहला बिल 45 रुपए का आया है। ऑनलाईन आवेदन कर वेंडर चयन करने के बाद पंद्रह दिन में सोलर रूफटॉप स्थापित कर दिया गया। स्थापना के सात दिन में ही सब्सिडी की राशि 78 हजार रुपए प्राप्त हो गई।

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने उपभोक्ताओं की संतुष्टि पर प्रसन्नता जताई और मौके पर ही वेंडर्स व डिस्कॉम अधिकारियों से कहा कि चूरू शहर में वार्ड वार जनप्रतिनिधियों के साथ 2-2 घंटे के शिविर लगाएं और उपभोक्ताओं को जागरुक कर अधिक से अधिक पंजीकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि अधिक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को इसका लाभ लेकर अपना बिजली बिल जीरो करना चाहिए।

## दो दिवसीय पंचतत्व चिकित्सा शिविर में 253 व्यक्तियों ने कराया उपचार

# पंचतत्व हमारी सृष्टि व जीव जगत का आधार : आचार्य ब्रज मणि

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ डीग ( नि.स. )।** समृद्ध भारत अभियान द्वारा खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय पंचतत्व चिकित्सा शिविर का रविवार को सफल समापन हुआ। शिविर के पहले दिन 108 एवं दुसरे दिन 145 तथा कुल 253 रोगियों की जांच की गई और उनका उपचार किया गया। समापन समारोह में आचार्य ब्रज मणि ने रोगियों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मांड के पंचतत्व - आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथ्वी - मानव जीवन और स्वास्थ्य का आधार हैं। इन तत्वों के असंतुलन से शरीर में बीमारियां उत्पन्न होती हैं, जबकि इनका संतुलन स्वास्थ्य को सुधार सकता है। उन्होंने बताया कि हमारी रसोई में मौजूद मसाले इन बीमारियों का इलाज हैं, बशर्ते उनका उपयोग संतुलित मात्रा में किया जाए। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक श्री सीताराम गुप्ता ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव के कारण लोग बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व से परिचित कराना और गंभीर बीमारियों का समाधान प्रदान करना है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में रोगियों की मांग के अनुसार और ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह में महंत मनीराम दास, हेमराज गोयल, श्रीमती त्रिवेणी गुप्ता, हरी शंकर मुसद्दी, के. जी. गुप्ता (दिल्ली), पुनीत गुप्ता, सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी, गौरव कुलश्रेष्ठ, आशीष भार्गव, नारायण सिंह, अनिल गर्ग, विष्णु मित्तल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिविर के समापन पर प्रतिभागियों ने आयोजकों का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसे शिविरों के आयोजन की मांग की। यह आयोजन स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रभावशाली कदम साबित होगा।

### आधिकांश बीमारियों का इलाज हमारी रसोई में मौजूद



# भागवत कथा प्रसंग कर्ण प्रिय भक्ति संगीत पर जमकर झूमे श्रोता


## भक्ति मार्ग सबसे बड़ा मार्ग, बोले-आचार्य बजरंग दास महाराज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बामड़ा मंदिर रोड सुभाषचौक में आयोजित मद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक आचार्य सन्त श्री बजरंग दास जी महाराज ने कहा कि जिसे भगवान के चरणों की छाया मिल जाये वह तो धन्य हो जाए।उन्होंने मार्मिक कथा प्रसंगों के माध्यम से कथा सुनाई। उन्होंने कर्ण प्रिय भजनों के माध्यम से आध्यात्म का सार बताया। जीबन है बेकार भजन बिन दुनिया में भजन पर भागवत प्रेमी जमकर करतल झूमे।उन्होंने भावपूर्ण संस्कृत श्लोकों के माध्यम से कथा ब्रतान्त प्रस्तुत किया।उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम सबसे बड़ा आश्रम है।जो जितेंद्रिय है काम,क्रोध,मद लोभ इत्यादि जीत लिया वह सर्वोपरि।भक्ति मार्ग सबसे बड़ा मार्ग।

जिस परिबार में,कुल में भक्त का जन्म हो गया वो माँ धन्य हो गयी,वो कुल धन्य हो गया।उन्होंने ऋषभ देव की कथा सुनाई।आचार्य जी ने कहा कि करोड़ो काम छोड़कर भगवान का काम करना चाहिए।शरीर क्षण भंगुर है इसलिए प्रभु भक्ति जरूरी। संसार में रहो तो महापुरुषों का संग अवश्य करें। संसारी का संग करोगे तो नरक का द्वार पहुंचा देंगे। इसलिए सद संग करना चाहिए। जानवरों की तरह जीवन बिताना अच्छा नही है।

जीबन में संस्कार जरूरी। जो झुकना नही सीखा उसका जीवन बेकार। इस अवसर पर सन्त शंकर दास, सन्तमोहनदास,तेज सिंह,सूरज मिश्रा अयोध्या बाले,करन सिंह, बिज्जो, मोना पहलवान,धुजीराम गुप्ता,मुकेश सिंघल, राजकुमार, प्रदीप बंसल, कान्हा, मनन, ओम वती ,बिमलेश, बबिता, नीतू, रेखा, निधि,अनीता गुप्ता सहित अन्य भागवत प्रेमी मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# सुस्त विकास दर और महंगाई की चुनौती, ब्याज दरें घटाने के विकल्पों पर देना होगा ध्यान

बीते दिनों आए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के मोर्चे पर सुस्ती के आंकड़ों ने हैरान करने का काम किया। इस दौरान जीडीपी में कमी के आसार तो लग रहे थे, लेकिन उसमें इतनी गिरावट व्यापक अनुमानों के उलट ही रही है। इस परिदृश्य से प्रभावित हुए बिना भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत ब्याज दरों को जिस प्रकार यथावत रखा है उससे यही संकेत मिलते हैं कि विकास की परवाह करने के साथ ही महंगाई को काबू में रखना रिजर्व बैंक की सबसे बड़ी प्राथमिकता बनी हुई है। साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अपना अनुमान भी घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसके पीछे एक वजह तो चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था का कमजोर प्रदर्शन ही है, जिससे आर्थिकी के लिए तीसरी एवं चौथी तिमाही में भी उतनी भरपाई की उम्मीद नहीं कि वह पूर्वानुमानों के अनुरूप गति पकड़ सके।

दूसरी तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन की बात करें तो जीडीपी की 5.4 प्रतिशत की वृद्धि ने चौंकाने का काम किया। जीडीपी की यह तस्वीर आरबीआई, बाजार का आकलन करने वाले विश्लेषकों से लेकर बाजार में सक्रिय तत्वों के अनुमानों से भी उलट रही। अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ने के संकेत तो पहले से ही दिखने लगे थे, लेकिन 5.4 प्रतिशत की वृद्धि कई संकेत देने वाली है। यह अर्थव्यवस्था में स्थायित्व को भी रेखांकित करती है।

इस धीमेपन की कारणों की पड़ताल की जाए तो नीतिगत ब्याज दरों को 21 महीने से यथावत बनाए रखने वाला आरबीआई का रुख भी इसके लिए एक हद तक जिम्मेदार है। इसे लेकर कई स्तरों पर आवाज उठती रहती है। औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए ब्याज दरों में कमी की आवश्यकता को लेकर बहस लंबे समय से जारी है। हालांकि ब्याज दरों को लेकर आरबीआई के अपने तर्क हैं और चूंकि यह उसका ही विशेषाधिकार है तो परिस्थितियों का समग्र आकलन करने के बाद वही अंतिम निर्णय करता है। घाटे पर नियंत्रण करने के लिए सरकारी मितव्ययिता भी वृद्धि की गति को प्रभावित कर रही है। सरकारी खर्च में कमी से भी आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। चुनावी आचार संहिता की वजह से कई परियोजनाओं का काम चुनाव निपटने के बाद भी परवान नहीं चढ़ पाया। मौसमी परिघटनाओं ने भी जहां खनन गतिविधियों को अवरुद्ध रखा तो बेहतर बारिश की वजह से बिजली की मांग सीमित रही। दूसरी तिमाही में खनन और विद्युत क्षेत्रों में गिरावट इसकी पुष्टि करती है।

वैश्विक अस्थिरता और अन्य कारणों से निर्यात भी संकुचित हुए, जिनका असर समस्त उत्पादन श्रृंखला पर देखने को मिला। इस बीच, कई रुझानों के आधार पर यही लगता है कि दूसरी छमाही में अर्थव्यवस्था फिर से गति पकड़ेगी। रबी की फसल में उत्पादन भी बेहतर होने की उम्मीद है तो सरकारी खर्च में बढ़ोतरी से आर्थिक गतिविधियां भी गति पकड़ती हुई दिखाई देंगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस-9 दिसम्बर, 2024

# भ्रष्टाचार के अंधेरे कुएं से निकालने की चुनौती

**ललित गर्ग**



अन्तर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस प्रतिवर्ष 9 दिसम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र ने एक भ्रष्टाचार-निरोधी समझौता पारित किया था और तभी से यह दिवस मनाया जाता है। पूरे विश्व में एक समृद्ध, ईमानदार, पारदर्शी, नैतिक एवं मूल्याधारित समाज को बनाए रखने के लिए भ्रष्टाचार को खत्म करना इस दिन का मुख्य उद्देश्य है। तेजी से पांव पसार रहा भ्रष्टाचार किसी एक समाज, प्रांत या देश की समस्या नहीं है। इसने हर व्यक्ति एवं व्यवस्था को दूषित किया है, इसे रोकने के लिये प्रतीक्षा नहीं प्रक्रिया आवश्यक है। सत्ता एवं स्वार्थ ने भ्रष्टाचारमुक्ति को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसी कायरता का एक उदाहरण शुक्रवार को संसद में नोटों का बण्डल मिलना है, सांसदों के खरीद-फरोश्त के किस्से आम है, वर्ष 2008 में अविश्वास प्रस्ताव पर मनमोहन सिंह की सरकार को बचाने के लिये सांसदों को खरीदने की कोशिश का मामला भी काफी चर्चित रहा है। ऐसी ही घटनाओं की वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा, भ्रष्ट एवं अनैतिक लगता है। आंखें उस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी समाजों में नैतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है।

भ्रष्टाचार दुनिया के सभी हिस्सों में व्याप्त है, यह राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक हो और साथ ही लोकतांत्रिक संस्थानों को भी कमजोर करता है, सरकारी अस्थिरता में योगदान देता है और आर्थिक विकास को भी धीमा करता है, तभी इस विकराल होती समस्या पर नियंत्रण पाने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने भ्रष्टाचार निरोध दिवस को आयोजित करने का निश्चय किया। इस वर्ष इस दिवस की थीम है "भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुट होना- कल की ईमानदारी को आकार देना।" यह थीम भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों में युवाओं को शामिल करने पर केंद्रित है, जो युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाती है। पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता को बढ़ावा देकर हम सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

भ्रष्टाचार निरोध दिवस मनाते हुए दुनिया के कतिपय राष्ट्रों ने ईमानदार शासन व्यवस्था देने का उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिनमें भारत में नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को जन्म दिया है, न खाऊंगा का प्रधानमंत्री का दावा अपनी जगह कायम है लेकिन न खाने दूंगा वाली हुंकार अभी अपना असर नहीं दिखा पा रही है। सरकार को भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये सख्ती के साथ-साथ व्यावहारिक कदम उठाने की अपेक्षा है। आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके देश में भ्रष्ट कार्यसंस्कृति ने देश के विकास को अवरूद्ध किया। आजादी के बाद से अब तक देश में हुये भ्रष्टाचार और घोटालों का हिसाब जोड़ा जाए तो देश में विकास की गंगा बहायी जा सकती थी। दूषित राजनीतिक व्यवस्था, कमजोर विपक्ष और क्षेत्रीय दलों की बढ़ती ताकत ने पूरी व्यवस्था को भ्रष्टाचार के अंधेरे कुएं में धकेलने का काम किया। देखना यह है कि क्या वास्तव में हमारा देश भ्रष्टाचारमुक्त होगा? यह प्रश्न आज देश के हर नागरिक के दिमाग में बार-बार उठ रहा है कि किस प्रकार देश की रगों में बह रहे भ्रष्टाचार के दूषित रक्त से मुक्ति मिलेगी।

वर्तमान सरकार की नीति और नियत दोनों देश को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने की है, लेकिन उसका असर दिखना चाहिए। विभिन्न राजनीतिक दल जनता के सेवक बनने की बजाय स्वामी बन बैठे। मोदी ने इस सड़ी-गली और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने का बीड़ा उठाया और उसके परिणाम भी देखने को मिले। प्रधानमंत्री का स्वयं को प्रधानसेवक कहना विपक्ष के लिये जुमलेबाजी का विषय हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में लोक विश्वास, लोक सम्मान जब ऊर्जा से भर जाए तो लोकतंत्र की सच्ची संकल्पना आकार लेने लगती है। मोदी ने लोकतंत्र में लोक को स्वामी होने का एहसास बखूबी कराया है। लेकिन प्रश्न यह है कि यही लोक अब तक भ्रष्टाचार के खिलाफ जागृत क्यों नहीं हो रहा है? जन-जागृति के बिना भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार की चरम पराकाष्ठा के बीच मोदी रूपी एक छोटी-सी किरण जगी है, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े लोग एक दूसरे के कान में कह रहे हैं, इस देश ने भ्रष्टाचार की अनेक आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर भारत की ईमानदारी, नैतिकता एवं सदाचार के दीपक को बुझने मत देना।

भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ जो माहौल बना निश्चित ही एक शुभ संकेत है देश को शुद्ध सांसें देने का। क्योंकि हम गिरते गिरते इतने गिर गये कि भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, नैतिकता, पारदर्शिता की कहीं कोई आवाज उठती भी थी तो ऐसा लगने लगता है कि यह विजातीय तत्व है जो हमारे जीवन में घुस रहा है। जिस नैतिकता, प्रामाणिकता और सत्य आचरण पर हमारी संस्कृति जीती रही, सामाजिक व्यवस्था बनी रही, जीवन व्यवहार चलता रहा, वे आज लुप्त हो गये हैं। उस वस्त्र को जो राष्ट्रीय जीवन को ढके हुए था आज हमने उसे तार-तारकर खूंटी पर टांग दिया है। मानों वह हमारे पुरखों की चीज थी, जो अब इतिहास की चीज हो गई। लेकिन देर आये दुरस्त आये कि भांति अब कुछ संभावनाएं मोदी ने जगाई है, इस जागृति से कुछ सबक भी मिले हैं और कुछ सबब भी है। इसका पहला सबब तो यही है कि भ्रष्टाचार की लडाई चोले से नहीं, आत्मा से ही लड़ी जा सकती है। दूसरा सबब यह है कि धर्म और राजनीति को एक करने की कोशिश इस मुहिम को भोंथरा कर सकती है। तीसरा सबब है कि कोई गांधी या कोई गांधी बन कर ही इस लड़ाई को वास्तविक मंजिल दे सकता है। एक सबब यह भी है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों से भ्रष्टाचारमुक्ति की आशा करना, अंधेरे में सूई तलाशना है।

विभिन्न देशों में भ्रष्टाचार की सीमा को मापने का एक तरीका भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक है, जिसे ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है, जो नीति निर्माताओं और संगठनों को भ्रष्टाचार रूपी समस्याओं को पहचानने और भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है। ग्लोबल करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में भारत की स्थिति चिंताजनक रही है। 2023 में भारत 40 अंकों के साथ 180 देशों में 93वें स्थान पर था। यह स्कोर दर्शाता है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए भारत को अभी भी लंबा रास्ता तय करना है। भारत ने भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए कई भ्रष्टाचार विरोधी कानून और नीतियां लागू की हैं। इन ढांचों का उद्देश्य जवाबदेही को मजबूत करना और नैतिक शासन सुनिश्चित करना है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 यह भ्रष्टाचार को परिभाषित करता है और लोक सेवकों द्वारा किए गए अपराधों के लिए दंड निर्धारित करता है। इसे 2018 में संशोधित किया गया और रिश्वत देने वालों के लिए दंड को शामिल करने के लिए पीसीए के दायरे का विस्तार किया गया। भारतीय न्याय संहिता, 2023 इस अधिनियम ने भारतीय दंड संहिता, 1860 का स्थान लिया। इसने भ्रष्टाचार से संबंधित विभिन्न प्रावधानों का आधुनिकीकरण और सुधार किया तथा रिश्वतखोरी के लिए दंड का प्रावधान किया।

आदर्श सदैव ऊपर से आते हैं। लेकिन आजादी के बाद की सरकारों एवं राजनीतिक दलों के शीर्ष पर इसका अभाव रहा है। वहां मूल्य बने ही नहीं हैं, फलस्वरूप नीचे तक, साधारण से साधारण संस्थाएं, संगठनों और मंचों तक स्वार्थ सिद्धि और नफा-नुकसान छाया हुआ रहा है। सोच का मापदण्ड मूल्यों से हटकर निजी हितों पर ठहरता गया है। यहां तक धर्म का क्षेत्र एवं तथाकथित चर्चित बाबाओं की आर्थिक समृद्धियों ने इस बात को पुष्ट किया है। क्योंकि वे खुद संन्यासी होने के बावजूद फकीर नहीं रह पाए। वह अरबपति बन गये, कारोबारी हो गये, कोरपोरेटर हो गये।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

### वृष
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

### मिथुन
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

### कर्क
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

### सिंह
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी। नौकरीपेशा वर्ग को

### कन्या
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

### तुला
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी।

### वृश्चिक
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

### धनु
निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

### मकर
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

### कुंभ
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

### मीन
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है। बीमारी में राहत महसूस होगी।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**



डॉ. टेकचंद
प्रभारी महिला चिकित्सालय,अलवर

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वर्तमान में महिला चिकित्सालय के इंचार्ज डॉ.टेकचन्द जी। ग्राम झाड़ोली तहसील एवं जिला अलवर, राजस्थान में 16 जून 1971 को जन्में डॉ.टेकचन्द का बचपन गाँव में ही बीता। पिता श्री छोटे लाल माता श्रीमती फूलवती किसान परिवार में से ही रहे थे। प्राथमिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय झाड़ोली उच्च प्राथमिक विद्यालय जगता बसई पड़ीसल माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक राजकीय विद्यालय खैरथल अलवर । प्रथम वर्ष पीडीसी राज ऋषि कॉलेज, आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर से एमबीबीएस, एमएस ओबीएसटी एवं गायनी डॉ. .एन मेडिकल कॉलेज जोधपुर से हुई और नौकरी की शुरुआत चिकित्सा अधिकारी के पद पर पीएचसी जीवद भरतपुर से हुई। एमएस करने के बाद सीएचसी केलवाड़ा जिला बारां में भर्ती हुई,इसके बाद 2013 में किशनगढ़ बॉस और कुछ समय के लिए सीएचसी राजगढ़ अलवर में महिला चिकित्सालय में सेवा शुरू हो गई। वर्तमान में प्रभारी एवं प्रमुख विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत है डॉ.टेकचन्द जी। विभाग में होने वाले सभी चिकित्सकीय कार्य करते हुए तथा विभाग के सभी तरह के ऑपरेशन का कार्य करना,महिला एवं पुरुष नसबंदी का कार्य करना चिकित्सकों को दूरबीन द्वारा महिला नसबंदी ऑपरेशन की ट्रेनिंग देना भारत एवं राजस्थान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लाभार्थियों को उपलब्ध करवाना । उत्कृष्ट सेवाओं के लिए इन्हें अनेकों प्रशंसा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। राज्यस्तर पर दो बार परिवार कल्याण सेवाओं के लिए व जिला स्तर पर दो बार उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा तीन बार सम्मानित महिला चिकित्सालय में कार्यरत सभी चिकित्सक एवं स्टाफ के सहयोग द्वारा महिला चिकित्सालय को लक्ष्य मापदंडों पर प्रमाणित करवाना जो कि भारत सरकार के मापदंडों अनुरूप चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करवाना है। लाजबाव डॉ. हैं टेकचन्द जी उससे कहीं बेहतर एक अच्छे इंसान हैं। महिला चिकित्सालय में जहां महिलाओं का प्रसव के दौरान दूसरा जन्म माना जाता है। ऐसे में बेहतरीन व्यवार की सेवाओं से महिलाओं में विश्वसनीय नाम बन गया है डॉ.टेकचन्द जी का। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

*रूपक शर्मा*

## आज का इतिहास

- हालैंड और इंग्लैंड के बीच 1625 में सैन्य संधि पर हस्ताक्षर।
- भारत में मदरास का तेरह महीनों तक चलने वाला युद्ध 1758 में आरंभ हुआ।
- ब्रिटिश संसद ने 1762 में पेरिस संधि को स्वीकार किया।
- हिज एक्सेलेंसीजार्ज बैरिंग वायसराय तथा भारत के गवर्नर जनरल ने 1873 में 'म्योर कॉलेज' की आधारशिला रखी।
- बेलूर मठ की 1898 में स्थापना।
- फ्रांसीसी सेनाओं ने 1910 में मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर कब्जा किया।
- जनरल अलेनबाय केनेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने 1917 में यरुशलम पर कब्जा किया।
- हालैंड और हंगरी के बीच 1924 में व्यापार संधि पर हस्ताक्षर।
- जापानी सेना ने 1931 में चीन के जेहोलप्रांत पर हमला किया।
- चीन ने 1941 में जापान,जर्मनी और इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- संविधान सभा की पहली बैठक 1946 में नयी दिल्ली के कांस्टीट्यूनल हॉल में हुई।
- फ्रांसीसी मजदूर संघ ने 1947 में हड़ताल समाप्त कर सरकार से बात शुरु की।
- लिबरेशन वॉर केदौरान भारतीय सेना ने 1971 में हवाई अभियान मेघना हेली ब्रिज छेड़ा था।
- प्रिंस चार्ल्सऔर प्रिंसेस डायना ने 1992 में अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की।
- आस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ियों शेन वार्न और मार्क वॉ ने 1998 में एक भारतीय सट्टेबाज़ से 1994 में श्रीलंका दौरे पर रिश्वत लेने की बात स्वीकारी।
- यूनाइटेड नेशनलपार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने 2001 में श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।
- तालिबान में 2001 में नार्दन एलांयस का विमान दुर्घटनाग्रस्त,21 मरे।
- जॉन स्नो 2002 में अमेरिका के नयेवित्तमंत्री बने।
- पाकिस्तान ने 2006 में परमाणु क्षमता युक्त मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र 'हत्फ़-3 ग़ज़नवी' का परीक्षण किया।
- पूर्वप्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने 2007 में पाकिस्तानी सरकार के साथ अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करने कीघोषणा की।
- इसरो ने 2008में यूरोप केप्रसिद्ध उपग्रह प्रणाली विशेषज्ञ ईएडीएम एस्ट्रीयस के लिए सेटेलाइट का निर्माण किया।
- मेक्सिको में 2012 में विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत।
- इंडोनेशिया मेंबिनटारो के समीप 2013 में ट्रेन हादसे में सात की मौत और 63 घायल।


### 9 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- महान् कवि संत सूरदास का 1484 में जन्म हुआ।
- स्वीडन के प्रसिद्ध रसायनशास्त्री व आधुनिक रसायनशास्त्र के संस्थापकों में से एक कार्लविल हेल्म शील का 1742 में जन्म हुआ।
- सिपाही विद्रोहके एक प्रमुख नायक राव तुला राम का 1825 में जन्म हुआ।
- असम राज्य केप्रथम असहयोगी और असम में कांग्रेस के संस्थापकों में से एक चन्द्रनाथ शर्मा का 1889 में जन्म हुआ।
- भारत की प्रथम महिला फ़ोटो पत्रकार होमी व्यारावाला का 1913 में जन्म हुआ।
- भारत केजाने-माने उपन्यासकार और नाटककार कुशवाहा कान्त का 1918 में जन्म हुआ।
- अमेरिकी हास्य अभिनेता रेड फॉक्स्स का 1922 में जन्म हुआ।
- हिन्दी केसाहित्यकार व पत्रकार रघुवीर सहाय का 1929 में जन्म हुआ।
- हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा का 1945 में जन्म हुआ।
- प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पत्नी सोनिया गाँधी का 1946 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# कैसे बढ़े चुनावों में मतदान का प्रतिशत

**डॉ. आर.के.सिन्हा**



महाराष्ट्र और झारखंड विधान सभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। अब दोनों राज्यों में नई सरकारों का गठन भी हो गया है । झारखंड और महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों ने शपथ भी ले ली है।

महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है- पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है।

लेकिन, प्रश्न यह उठता है कि क्या मतदान का यह प्रतिशत क्या किसी भी मजबूत लोकतंत्र के लिये पर्याप्त है? बिल्कुल नहीं! तो फिर किया क्या जाये! पर यह तो पूरे तो पूरे देश के सभी जिम्मेदार नागरिकों को यह सोचना ही होगा कि चुनावों में मतदान को कैसे बढ़ाया जा सकता है। यह गंभीर मसला है। जैसा कि मैंने ऊपर कहा है कि महाराष्ट्र विधान सभा के लिए हुए चुनाव में 65 फीसद से अधिक मतदान हुआ है, जो पिछले 30 वर्षों में सबसे अधिक है। यह दो कारणों से उल्लेखनीय है- पहला, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े से लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है; और दूसरा, यह चुनावों में औसत राष्ट्रीय मतदान के करीब है, जो लगभग 65-66% आंका गया है। महाराष्ट्र के आंकड़ों पर इसलिए गौर किया जाता है क्योंकि राज्य में देश की सबसे बड़ी शहरी आबादी है, और ऐतिहासिक रूप से यह शहरों और कस्बों में कम मतदान के कारण औसत राष्ट्रीय मतदान से पीछे रहा है। हालांकि, महाराष्ट्र के आंकड़े का गहराई से अध्ययन करने पर पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पूरी तरह से गायब नहीं हुई है। उदाहरण के लिए, पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 76.25% का उच्च मतदान दर्ज किया गया, उसके बाद गढ़चिरौली का स्थान है, जो माओवादियों की गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है , जहाँ 73.68% मतदान हुआ है, जबकि मुंबई शहर जिले में 52.07% का कम मतदान हुआ। पुणे, ठाणे और मुंबई उपनगरीय जैसे अन्य शहरी जिलों में भी इसी तरह के आंकड़े दर्ज किए गए हैं। हालांकि, सकारात्मक पहलू यह है कि पूरे राज्य में मतदान में समग्र सुधार हुआ है। इस बदलाव का श्रेय, हालांकि अपेक्षाकृत धीमा और क्रमिक है, इसका मुख्य रूप से श्रेय भारत के वर्तमान चुनाव आयोग को जाता है। मतदान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग इस बार काफी सक्रिय था। इसके अभियान में, सोशल मीडिया सहित, स्थानीय हस्तियों - क्रिकेटरों से लेकर फिल्म सितारों तक को भी शामिल किया गया है, और इसमें ऊँची इमारतों और आवासीय सोसायटियों में मतदान केंद्र स्थापित करना और कतार में लगने के समय को कम करने के लिए टोकन प्रणाली शामिल है। राजनीतिक दलों के उच्च-वोल्टेज अभियानों ने भी मतदाता भागीदारी बढ़ाने में मदद की है।महाराष्ट्र में बेहतर मतदान भारतीय लोकतंत्र के लिए आश्वस्त करने वाला है।

हालांकि यह मानना होगा कि देश के शहरी इलाकों में मतदान कमोबेश कम ही रहता है।शिमला से सूरत तक शहरी मतदाता की उदासीनता लगातार बनी हुई है। यह रुझान नया नहीं है। चुनावों के पहले तीन दशकों में, शहरी मतदाताओं की भागीदारी काफी बेहतर रहती थी। 1980 के दशक से शहरी और ग्रामीण मतदान के बीच का अंतर बढ़ गया है। शहरी उदासीनता को समझना होगा। शहरी भारत का जीडीपी में 60% और करों में बहुत बड़ा हिस्सा है। पर हमारे यहां के शहरों की हालत लगातार खराब हो रही है। आजकल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर जिस तरह का हो गया है, उसने आम लोगों का जीना दूधर कर दिया है। दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बन गई है। यह तो राजधानी की हालत है। गुजरे कुछ सालों के दौरान दिल्ली, मुंबई, चैन्नई, बैंगलुरू जैसे देश के अति अहम महानगर बारिश से जलमग्न होते रहे। इनमें जिंदगी कई दिनों तक थमी रही। सड़कों पर जलभराव के कारण जाम लग गए, रेल सेवा प्रभावित हुई, घरों में पानी जाता रहा, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए। देश के इन खासमखास शहरों की तस्वीर बहुत कुछ बयां कर गई। यह कोई पहली बार नहीं हुआ। यह स्थिति हर साल होती है, योजनाएं बनती हैं ताकि बारिश के बाद होने वाली अव्यवस्था और अराजकता की पुनरावृत्ति ना हो। पर योजनाएं फाइलों में गुम हो जाती हैं।

यह समझना होगा कि शहरी भारत, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश का लगभग सारा सेवा क्षेत्र ( सर्विस सेक्टर) शहरों में ही सिमटा है। जनगणना के आंकड़ों को माने तो देश की 31 फीसद आबादी शहरों में रहती है। हालांकि गैर-सरकारी आंकड़ें शहरी आबादी कहीं अधिक होने का दावा करते हैं। इन शहरों में रोजगार के अवसर हैं। सारे देश के नौजवानों के सपने इन्हीं शहरों में पहुंचकर साकार होते हैं। पर नीति निर्धारकों के फोकस से कहीं दूर बसते हैं शहर।जाहिर है, इस कारण से मतदाता निराश होने लगता है अपने जनप्रतिनिधियों से। उसे लगता है कि जब उसके नेता निकम्मे होंगे तो वह वोट क्यों करे। मतदाताओं को नेता बार-बार निराश करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों को समझना होगा कि अगर देश में मतदान केन्द्रों की तरफ फिर से मतदाताओं को बड़े पैमाने पर लाना है, तो उसकी जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव आयोग की ही नहीं है। उन्हें भी जनता से सीधा संपर्क बनाकर रखना होगा। उन्हें भी जनता के मसलों को लेकर संवेदनशील बनना होगा। आपको याद ही होगा पिछले लोकसभा चुनाव के वक्त लगभग सारे में देश सूरज देवता आग उगल रहे थे। फिर भी मतदाता मतदान करने के लिए घरों से निकल रहे थे। मतदान वाले दिन कई जगहों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर था। लू भी चल रही है। इतने कठोर मौसम में चुनाव प्रचार करना और फिर मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर लंबी लाइन लगाकर खड़ा होना सामान्य बात नहीं थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# क्षेत्र में संतो के प्रवेश से मंगल ही मंगल : आचार्य सुन्दरसागर जी महाराज

## मंगल प्रवेश के जुलुस में उमड़ा जनसैलाब, गुरू शिष्यो का अद्‌भुत मिलन व आहारचर्या एक अनोखा संयोग

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ने कहा है कि जिस क्षेत्र में संतो का प्रवेश होता है उस क्षैत्र में मंगल ही मंगल हो जाता है। जैनाचार्य रविवार को गांधी पार्क के नजदीक स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आयोजित धर्मसभा में उमड़े धर्मप्रेमीयो को प्रवचन दे रहे थे। इस मौके पर मुनिराज सुन्दर सागर जी महाराज ने कहा कि जिस तरह पानी एक जगह नहीं रूकता और जहां रूक जाता है वहां हरियाली ही हरियाली ही कर देता है। ठीक उसी तरह संत होते हैं। वैसे तो संत चलायमान रहते हैं। लेकिन संत जिस क्षैत्र में रूक जाते हैं वहां धर्म प्रभावना होती है, लोग धर्म के प्रति अधिक रूचि लेते हैं। मालपुरा में हुए चार्तुमास पर प्रवचन देते हुए जैनाचार्य सुन्दरसागर जी महाराज ने कहा कि मालपुरा के समाजबंधुओं के आग्रह पर दो फूल यहां चातुर्मास के लिए भेजे थे। लेकिन उन्हें खुशी इस बात की है कि उनके दोनो फूलो ने मालपुरा के सम्पूर्ण समाज विशेषकर युवा बच्चो को साथ लेकर चातुर्मास के दौरान अच्छी एवं श्रेष्ठ धर्मप्रभावना की। इस पर मंच पर मौजुद उनकी शिष्या आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी, सुरम्यमती माताजी सहित अन्य मौजुद संतो की आंखो से खुशी की अश्रुधारा बह निकली।

**गुरू शिष्य का हुआ अद्‌भुत मिलन :** रविवार को जैनाचार्य सुन्दरसागर जी महाराज का शहर में मंगल प्रवेश हुआ। तब मालपुरा के चातुर्मास के दौरान प्रवास पर रही आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्यमती माताजी सहित प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर शैल दीदी व कनक दीदी केकड़ी रोड स्थित रामद्वारे के सामने पहुंच कर अपने गुरू आचार्य सुन्दरसागर जी महाराज की अगवानी कर आर्शिवाद प्राप्त किया। गुरू शिष्य के इस अद्‌भुत मिलन पर मौजुद जनसैलाब ने गुरू महाराज सहित शिष्या के जयकारो के गूंजायमान किया।

**मंगल प्रवेश के जुलुस में उमड़ा जनसैलाब :** रविवार को जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ससंघ मालपुरा नगर में प्रवेश किया। जिनका धर्मप्रेमी लोगो ने केकड़ी रोड स्थित रामद्वारे के सामने अगवानी कर पदपक्षालन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। यहां से जैनाचार्य सुन्दरसागर जी महाराज के संघ में शामिल सभी संतो का मंगल प्रवेश बेण्डबाजो के साथ रवाना हुआा। जुलुस में महिला बेण्ड का वादन सबसे आकर्षण का केन्द्र रहा। इसे अद्‌भुत संयोग ही कहा जाए कि गुरू सुन्दरसागर जी महाराज के अलावा आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्यमती माताजी की आहारचर्या भी एक भी धर्मप्रेमी के यहां हुई। जिसे देखने के लिए शहर भर से समाजबंधु उमड़ पड़े।



# पल्सपोलियो अभियान का उपखण्ड अधिकारी के किया शुभारम्भ






कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** मालपुरा स्थित सरकारी अस्पताल में रविवार से शुरू हुए तीन दिवसीय महाअभियान का उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने पोलियो की दवा पिलाकर शुभारम्भ किया। हिन्दुस्तान से पोलियो जैसी घातक बिमारी को पूरी तरह से समाप्त करने के उद्धेश्य से रविवार कों पल्स पोलियो महाअभियान शुरू हुआ। इस महाअभियान के अन्तर्गत 0 से 5 पांच वर्ष के बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई गई। तीन दिवसीय महाअभियान के प्रथम दिन चिकित्सा विभाग की ओर से स्थापित पोलियो बूथो पर चिकित्साकर्मियो ने पोलियो की दवा पिलाई। वहीं सोमवार व मंगलवार को घर घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस महाअभियान का राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा में चिकित्साघिकारियो व चिकित्साकर्मियो की मोजुदगी में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने पात्र बच्चे को पोलियो की ,खुराक पिलाकर किया। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव चौधरी ने बताया कि महाअभियान के प्रथम दिन के विभाग के निर्देशानुसार पोलियो बूथ स्थापित कर प्रशिक्षिक चिकित्साकर्मियो को पोलियो की दवा पिलाने के लिए तैनात किया गया था। वहीं सोमवार व मंगलवार को घर घर जाकर पोलियो की दवा पिलाने के लिए सभी व्यवस्थाऐं पूर्ण की जा चुकी है।

**रोटरी क्लब मालपुरा सिटी की ओर से महाअभियान चलाया गया :**- रोटरी क्लब मालपुरा सिटी की ओर से गांधी पार्क के नजदीक स्थित जनता क्लिनिक में पोलियो बूथ स्थापित किया गया। इसमें डॉ. खुशबू गुप्ता, डॉ. कैलाश सामरिया, क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, सचिव सुनील जैन , सदस्य डॉ. राजकुमार गुप्ता, अभिषेक शर्मा, सौभाग्यसिंह सहित अन्य सदस्यो की मौजुदगी में सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन ने पोलियो की दवा पिलाकर महाअभियान का शुभारम्भ किया।

कार्रवाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति

# बेरोकटोक दौड़ रहे बजरी से भरे ओवरलोड वाहन

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान)।** रोक के बावजूद मलारना डूंगर क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। स्थानीय पुलिस अवैध बजरी परिवहन के नाम पर एक से दो वाहन जब्त कर खुद की पीठ थपथपा रही है। लेकिन इलाके में बेरोकटोक चल रहे अवैध बजरी खनन और परिवहन की हकीकत किसी से छिपी नहीं है। शाम ढलते ही क्षेत्र की सड़कों पर बजरी से भरे ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ने लगते हैं।

कोटा- लालसोट मेगा हाइवे, भाड़ौती - मथुरा मेगा हाइवे, भूखा-शेषा, गम्भीरा-भाड़ौती, मलारना स्टेशन रोड पर बजरी के ओवरलोड वाहनों के दबाव के कारण अन्य वाहन चालकों का निकलना दुश्वार हो जाता है। यहां सड़क दुर्घटना का अंदेशा रहता है। पुलिस के गश्ती वाहन के आसपास घूमते बाइक सवार और लग्जरी वाहनों का जमावड़ा बहुत कुछ बयान करता है।

### खनन स्थल तक नहीं पहुंच रहे अधिकारी

गौरतलब है कि बनास नदी में माफिया जेसीबी मशीनों से अवैध तरीके से बजरी खनन कर रहे हैं। यहां से वाहनों में भरकर बाहरी जिलों में ले जाकर महंगे दामों में बेच रहे हैं।

इससे सरकार को प्रतिदिन करोड़ों रुपए राजस्व की चपत लग रही है। वहीं सब कुछ जानकर भी कार्रवाई के लिए जिम्मेदार खनन स्थल बनास नदी तक नहीं पहुंचते हैं।

### जीव हो रहे प्रभावित

बनास नदी जलीय जीवों के साथ अन्य वन्यजीवों की शरण स्थली है। यहां नदी पेटे में जलीय जीव स्वच्छंद विचरण करते हैं, लेकिन अवैध खनन में लगे माफियाओं के वाहनों की घड़घड़ाहट जलीय और वन्य जीवों के स्वच्छंद विचरण में खलल डाल रही है। इसे लेकर ग्रामीण कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होती।



### दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

क्षेत्र में बुधवार शाम से शुरू हुआ अवैध तरीके से बजरी परिवहन का सिलसिला गुरुवार सुबह तक चलता रहा। जाग होने लगी तो पुलिस ने पिपलवाड़ा नहर और बिच्छीदोना ढोला के पास से बजरी ले जाते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर लिए। पुलिस के अनुसार यह अवैध तरीके से बनास नदी की बजरी भरकर ले जा रहे थे। ऐसे में इन वाहन चालकों पर प्राथमिकी भी दर्ज की।

### इनका कहना है....

अवैध तरीके से बजरी ले जाते दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की है। प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप निराधार हैं।

**संपत सिंह, थानाधिकारी, मलारना डूंगर**

# पंच कल्याण महोत्सव : धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

## गोद भराई रस्म में झूमे जैन श्रद्धालु, हाथी घोड़ों पर निकाली भव्य शोभायात्रा

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** समीपवर्ती चौथकाबरवाड़ा कस्बे में नवनिर्मित शांतिनाथ जिनालय में श्री शांतिनाथ जिनबिब पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को हाथी घोड़ों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसे देखने लोग उमड़े! वहीं शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मरु देवी की गोद भराई करवाई गई। इस मौके पर पीहर पक्ष तथा ससुराल पक्ष नाचते गाते शगुन लेकर पहुंचे। इस दौरान महोत्सव में मौजूद भक्त भी पंडाल में नाचने लगे। पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के तहत सुबह 6 बजे जाप्यआराधना भक्तिपाठ का आयोजन हुआ। वहीं सुबह 7 बजे मंगलाष्टक अभिषेक शांतिधारा नित्यपूजन मंडल आराधना पूज्य महाराज के प्रवचन व आहारचर्या हुआ तथा दोपहर बाद भारतीय तपोवन आर्ट्स ग्रुप की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भजनों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। वहीं 2 बजे गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वही शाम को 6 बजे के बाद बैंड बाजा के साथ हाथी पर हेमंत कुमार, मनोज कुमार कसंल के घर से महाआरती लाई जाएगी। इसके बाद माता का मंगल स्नान एवं श्रृंगार हुआ । वहीं महाराज नाभिराय का दरबार लगा और स्वप्न फलादेश तथा माता मरू देवी की सेवा के बाद 56 कुमारियों का आगमन हुआ। इस दौरान बड़ी संया में समाज के लोग मौजूद रहे।

**तैनात रहे पुलिस के जवान :** पंचकल्याण महोत्सव कार्यक्रम के तहत रविवार को सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई! इससे पहले



सुबह 8 बजे भगवान का जन्म हुआ, जिस पर खुशियां मनाई गई। शोभायात्रा में 20 हाथी, पांच घोड़ियां, 2 बग्गी, 2 जिप्सी, एक रथ, चार बैंड़ आदि शामिल हुए। शोभायात्रा चौथ माता ट्रस्ट धर्मशाला से शुरू होकर बावड़ी पाड़ा, गढ़ मोहल्ला, मुयबाजार, स्टेशन चौराहा होते हुए चौथ माता धर्मशाला पर पहुंची। इस दौरान बड़ी संया में समाज के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। इधर कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान भी चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए।

# खरपतवार नाश से दस बीघा सरसों फसल नष्ट, तीन भाईयों के खिलाफ एफआईआर

अब्दुल माहिर



**गंगापुरसिटी (बढ़ता राजस्थान)।** जिले के बाटोदा थाना क्षेत्र के बिछोछ गांव में खरपतवार नाशक दवा के छिडक़ाव से 10 बीघा भूमि में सरसो फसल नष्ट करने का मामला सामने आया है। 13 नवंबर को घटिज इस घटना को लेकर पीड़ित किसान की तहरीर पर बाटोदा थाना पुलिस ने बिछोछ गांव के ही तीन भाईयों को नामजद करते हुए 23 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन अभी तक मामले की जांच पूरी नहीं हुई है। उधर किसानों की सूचना पर फसल नष्ट होने की जानकारी मिलने पर गंगापुरसिटी से कृषि विशेषज्ञों का दल भी मौके पर पहुंचा। जहां उन्होंने फसल खराबे के कारणों की बारीकी से जांच की। प्रारंभिक पड़ताल में फसल नष्ट होने का कारण खरपतवार नाशक दावाओं का उपयोग होनो पाया गया है।

### यह है मामला

बाटोदा थाना पुलिस के अनुसार रामचरण पुत्र जमनालाल मीना निवासी बिछोछ ने एक तहरीर देकर बताया था कि उसकी व उसके भाई जीतराम और रामराज की बिछोछ गांव में खसरा न. 1084 में रकबा 0.2600 है., खसरा नंबर 1086 में रकबा 0.1300 है., खसरा नंबर 1088 में रकबा 0.3600 है., खसरा नंबर 1090 में रकबा 0.2700 है., खसरा नंबर 1092 में रकबा 0.5500 है., खसरा नंबर 1095 में रकबा 0.5700 है., खसरा नंबर 1097 में रकबा 0.2100 है., खसरा में 1100 रकबा 0.6200 है. करीब 10 बीघा सामलाती कृषि खातेदारी भूमि है। इस जमीन में सरसो की फसल की बुवाई कर रखी थी। 13 नंबवर की रात्रि को प्रेमराज, रिषीकेश, मुकेश पुत्रान किशोरी मीना ने जान बूझकर हमारी सरसो फसल में दवाई छिडक़ दी। जिससे पूरी सरसो की फसल नष्ट हो गई। इन लोगो ने मैने शाम को खेतों की तरफ ट्रैक्टरजाते देखा है। यह पहले से हमारे परिवार से रंजिश रखते हैं। इस पर पुलिस ने 23 नवंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। कृषि विशेषज्ञों ने मौका निरीक्षण करने के बाद बताया कि संभवत: 2,4-डी या किसी अन्य खरपतवार नाशक दवा का छिडक़ाव के कारण ही सरसों की फसल नष्ट की गई है। कृषि अधिकारी पिंटु मीना ने बताया कि इस मामले की पुलिस में एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि किसी भी फसल में रसायनिक छिडक़ाव के दौरान स्प्रे पंप नोजल को जमीन से सटाकर छिडक़ाव करे। क्यों कि कुछ फसलों के लिए खरपातवार नाशक दवा घातक हो सकती है। ऐसे में स्प्रे नाजल उपर रहा तो हवा के साथ यह दवा दूसरी फसलों में पहुंच कर नुकसान कर सकती है।

### इकना कहना है

घटना 13 नवंबर की है। एफआईआर दर्ज करली गई थी। फिलहाल जांच चल रही है।

**भरत सिंह थानाधिकारी बाटोदा**

मण्डी में पसरा सन्नाटा

# अनिश्चितकालीन बंद के प्रथम दिन मण्डी कारोबार व खरीद कार्य बंद होने से किसान व व्यापारी परेशान

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** व्यापार मंडल मालपुरा च इण्डस्रीयल एसोशियसन मालपुरा द्वारा चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने के विरोध में अनिश्चितकालीन बंद के प्रथम दिन मण्डी परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। मालपुरा के औद्योगिक क्षैत्र स्थित गर्ग इण्डस्ट्रीज से 18 अक्टूबर को मूंग के 200 कट्‌टे चोरी हुए। इसके अगले माह 26 नवम्बर को सरसो के 100 कट्‌टे चोरी की घटनाऐं हुई। दो माह की अल्प अवधि में ही एक ही औद्योगिक इकाई से दो चोरी की घटनाऐं हुई। जिनके विरोध में व्यापार मंडल मालपुरा एवं इण्डस्ट्रीयल एसोशियसन मालपुरा की ओर से ज्ञापन सौंप कर चोरी की घटनाओं के विरोध में रविवार में मण्डी कारोबार व एसोशियसन द्वारा मण्डी से खरीद कार्य बंद करने की चेतावनी दी थी। इसी अनुरूप रविवार को मण्डी कारोबार बंद रहने से मण्डी परिसर में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा।

व्यापार मंडल मालपुरा के मंत्री पदमचन्द जैन व कोषाध्यक्ष गिरधारी आगीवाल के नेतृत्व में मण्डी के सभी व्यापारी एवं इण्डस्ट्रीयल एसोशियसन मालपुरा के अध्यक्ष धीरज कुमार जैन व



सचिव सुशील कुमार जैन ने बताया चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने व आरोपीयो के गिरफ्तार नहीं होने तक कारोबार व खरीद कार्य बंद रहेगा। कारोबार व खरीद होने से जहों एक ओर मण्डी को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं बंद के चलते व्यापारी व किसान भी परेशान हैं। इस समय किसान मुंग सहित मक्का बाजरा, ज्वार सहित अन्य फसलो को बेचने के लिए मण्डी में आते हैं लेकिन कारोबार बंद होने से किसानो में भारी चिन्ता हैं।

# विधिक सचिव गौतम ने किया निरीक्षण, वृद्धजनों को सुविधाएं देने के लिए निर्देश

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर( बढ़ता राजस्थान)।** विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव समीक्षा गोतम ने शनिवार को रुक्मणी वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित रुक्मणी वृद्धाश्रम के संचालक ने बताया कि वृद्धाश्रम में पुरुष एवं महिला वृद्धजन दोनों के रहने की सुविधा उपलब्ध है । वृद्धाश्रम द्वारा उन्हें निशुल्क भोजन, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है ।

दौराने निरीक्षण वृद्धाश्रम में कुल 07 पुरुष एवं 06 महिला वृद्धजन सहित कुल 13 वृद्धजन उपस्थित पाए गए । सचिव समीक्षा गौतम द्वारा वृद्धजनों से वार्ता की गई एवं उन्हें दी जा रही भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई । और दौराने निरीक्षण वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं संतोषजनक पाई गई, वृद्धजनों द्वारा कोई भी शिकायत नहीं किया जाना पाया ।



# कैलाश गुर्जर ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षैत्र के युवा कांग्रेसी नेता कैलाश गुर्जर को कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के मालपुरा ब्लाक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्या डॉ. सी.बी.यादव ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं संगठन के प्रति कार्य अनुभव को देखते हुए मालपुरा क्षैत्र के सदरपुरा ग्राम निवासी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कैलाश गुर्जर को संगठन के मालपुरा ब्लाक अध्यक्ष पद पर मनोनीत कर संगठन के प्रति निष्ठा रखकर कांग्रेस संगठन द्वारा पंचायत राज संगठन के विकास के लिए किए कार्यो को जन जन तक पहुंचा कर संगठन के प्रति आस्था प्रकट करने के निर्देश प्रदान किए हैं।



# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने नवीन मार्शल आर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** रविवार को रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्टस एकेडमी, लाल डिग्गी के पास का उद्घाटन फिता काटकर किया गया। एकेडमी की संस्थापक पायल सैनी ने बताया कि सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री द्वारा फीता काटकर एकेडमी का अवलोकन किया गया और बॉक्सिंग ग्लव्स पहनकर पंचिंग बैग में पंच मार कर एकेडमी का शुभारंभ विधिवक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मंच पर विराजमान अतिथियों के समक्ष गणेश वंदना के साथ साथ लोचन ओर मनन द्वारा तैयार किए गए बच्चों द्वारा योग व लाठी की प्रस्तुति दिखाई गई। कार्यक्रम में मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि लड़कियों को खेलों में निशुल्क प्रशिक्षण देने की यह पहल महिला सशक्तिकरण में मिल का पत्थर साबित होगी। बच्चों को खेल की ओर अग्रसर होना चाहिए। खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बहुत जरूरी है और खासकर महिलाओं को मार्शल आर्टस सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग लेनी चाहिएए जिससे वह अपने आप की आत्मरक्षा कर सके और अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। साथ ही कार्यक्रम के दौरान स्कूल गेम्स फेडरेशनऑफ इंडिया के नेशनल गेम में चुने जाने वलीतीन बालिका ओर एक बालक खिलाड़ी को मंच पर सम्मा किया गया और उनका हौसला भी बढ़ाया। खिलाडियों को जीतने की शुभकामनाये भी दी। कार्यक्रम में मंच पर अशोक गुप्ता, रोशन सैनी, दौलतराम हजरती, अभिषेक तनेजा, ललित शर्मा, हरमीत सिंह, अमित छाबड़ा, सतीश चौधरी, अरूप चक्रवर्ती, हरमीत सिंह मंच पर मौजूद रहे। इनके अलावा आशुतोष मिश्रा, संजीव शर्मा, मोहित शर्मा, गोपीचंद पालीवाल, सुनील मिल्खा, सुमन मिल्खा, गौरव खंडेलवाल अनिल सैनी, गोवर्धन सिसोदिया जितेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।

नेक कमाई का नेक कार्य

# संकल्प शिक्षा वृक्ष में बांटी शिक्षण सामग्री और जर्सियां

## कचरा बीनने वाले अब बोलने लगेंगे फर्राटेदार अंग्रेजी सीखेंगे संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर में कूड़ा बीनने वाले ओर नियमित स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को उनके घर के आस पास ही अतिरिकत कक्षाएं लगाकर उन्हें बेसिक पढ़ाने के साथ उनमें संस्कार विकसित किए जा रहे है। गुरुनानक कॉलोनी और दिवाकरी में संस्कार शिक्षा वृक्ष निशुल्क कक्षा में 102 बच्चे नियमित अध्ययन करने आ रहे हैं। यह कक्षाएं शाम को स्कूल टाइम के बाद लगती है जिसमें आने वाले बच्चे उत्साहित हैं। नेक कमाई की ओर से संचालित संस्कार शिक्षा वृक्ष नि:शुल्क कक्षा में महिला शिक्षकों की व्यस्था जयपुर की सुमेधा संस्था की ओर से की गई है। नेक कमाई फाउंडेशन के मुखय कॉर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि गुरुनानक कॉलोनी वाले केंद्र के बच्चो के लिए शिक्षण सामग्री खान चंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से शिक्षण सामग्री और फीडिंग हैंड्स जयपुर की ओर से गर्म कपड़े वितरित हुए। कार्यक्रम संयोजक गुरप्रीत सिंह ने संस्कार शिक्षा स्कूल के बारे में जानकारी दी। संरक्षक दौलत राम हजरतीए युवा समाजसेवी सौरभ कालरा और गुलशन मनचंदा ने गर्म कपड़े वितरित किए।

कार्यक्रम में शिक्षक निशा दुरेजा ओर सोनम कोर को सममानित किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य यूनिवर्सिटी के कुल सचिव डॉ आशुतोष शर्मा, उमा बजाज, प्रवीन बत्रा, कमला यादव, सोनिका अरोड़ा व अजय आनंद गोयल आदि उपस्थित थे। पढ़ाई में कर सकते हैं सेवा:-संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने बताया कि अलवर में ऐसे कई स्कूल चलाए जाएंगे। जिनमें सेवा करने वाले यहां आकर सेवा कर सकते है। इन बच्चो को डॉक्टर गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट की ओर से बैग और कपड़े वितरित किए जाएंगे। अंत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने आभार जताया।



# आदतन सक्रिय हिस्ट्रीसीटर महेश गुर्जर अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

## बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस ने लगातार अवैध हथियारों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के आदतन सक्रिय हिस्ट्रीसीटर अपराधी महेश गुर्जर को गिरफ्तार किया है।थानाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि हिस्ट्रीसीटर महेश गुर्जर निवासी मुग़लपुर को एक अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया।

महेश गुर्जर के खिलाफ विभिन्न थानों में 17मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे अपराध मुक्त राजस्थान को लेकर पुलिस महानिरीक्षक रेंज अजयपाल लाम्बा, कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के आदेशानुसार अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही के लिए विभिन्न थानों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। उसके लिए गठित टीम ने लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए हरसौरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। टीम में थानाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, कांस्टेबल योगेश कुमार, कंवरसिंह,राजेश कुमार, रूपचंद व चालक अरुण कुमार शामिल रहे।




# आरसीआई कैंपस बानसूर में 147 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित आरसीआई कैंपस बानसूर में 147 प्रतिभाओं का सम्मान हुआ।इस वर्ष कक्षा दसवीं तथा कक्षा बारहवीं में अध्ययन कर रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आरसीआई कैंपस बानसूर में रविवार को प्रात: 10 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ विजय कुमार, प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद सैनी, प्रधानाचार्या नम्रता खुल्लर तथा मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मान समारोह में कोटपूतली तथा पावटा क्षेत्र के कक्षा दसवीं तथा कक्षा 12वीं के 147 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, बैग, स्मृति चिन्ह, नगद पुरस्कार आदि देकर सम्मान स्वरूप प्रदान किए गए।आरसीआई शिक्षा ग्रुप बानसूर की ओर से पावटा तथा कोटपूतली क्षेत्र में कक्षा दसवीं तथा कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा खोज परीक्षा गत माह नवंबर में आयोजित करवाई गई थी।इस प्रतियोगि परीक्षा में राधिमां गौतम पुत्री सीताराम गौतम कक्षा 12वीं, अंकुश पुत्र रतनलाल कक्षा बारहवीं, ईशांत सिंह पुत्र कैलाश चंद कक्षा दस तथा लक्ष्य सिंह पुत्र मुरली सिंह कक्षा दस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में आयुष शर्मा पुत्र उमेश शर्मा कक्षा दस, रोहित यादव पुत्र रतिराम यादव कक्षा दस, प्रेम कुमार पुत्र दीनदयाल कसाना कक्षा बारह तथा सौरभदीप बंसल पुत्र संजय कुमार बंसल कक्षा बारह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विपिन सैनी पुत्र नरसिंह सैनी कक्षा 12वीं, अरुण सैनी पुत्र दिनेश कुमार सैनी कक्षा 12वीं, प्रियंका यादव पुत्री मनोज कुमार कक्षा दस तथा नमन गौतम पुत्र सीताराम गौतम कक्षा दस ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगि परीक्षा में कुल 1248 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। यह परीक्षा बोर्ड कोर्स के 50% सिलेबस में से आयोजित करवाई गई थी। आगामी 9 फरवरी 2025 को बोर्ड कक्षा दसवीं तथा कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के 100% कोर्स में से बोर्ड परीक्षा से पहले परीक्षा 2025 का आयोजन भी करवाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न तहसीलों के विद्यार्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।




# पाटौरनुमा मकान में अज्ञात कारणों से भवकी आग

## ईंधन-पशुओ का चारा जलकर राख, लगभग 2 लाख का नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** सदर थाना इलाके के गांव कलसाड़ा में रविवार शाम को अज्ञात कारणों से पाटौरपोश मकान में आग लग गई। आगजनी में पाटौर टूट गई। इसके साथ ही पाटौर में रखा पशु चारा और ईंधन से भरा बिटौरा जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने मिट्टी-पानी डालकर करीब दो घन्टे की मशक्कत के बाद पर काबू पाया। पटवारी रोहित कुमार ने बताया कि शाम करीब 4 बजे कलसाड़ा गांव में बहादुर जाट पुत्र जगदीश के पाटौरपोश मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मिट्टी पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ईंधन में आग भभकती चली गई। इससे पीड़ित परिवार को करीब ?2 लाख का नुकसान हो गया। घटना स्थल पर पहुंचकर पर्चा मौका बनाया गया है। सरकारी नियमानुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।



# कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर आयोजित, माय भारत पोर्टल पर करवाया पंजीकरण, विकसित भारत यंग लीडर क्विज की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में आज दिनांक 8 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ.सरोज मीणा, डॉ.महेश गोठवालए डॉ.अनिल यादव, डॉ.सुभाष खटीक ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों और कार्य पध्दति के बारे में विस्तार से बताते हुये स्वंय से पहले राष्ट्र और समाज को वरीयता देते हुए सेवा कार्य के लिए मार्गदर्शन दिया, राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की जानकारी देते हुए स्वंयसेवको को बताया कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना में सक्रिय रूप से भाग लेकर न केवल अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी बना सकते हैं। स्वंयसेवको को माय भारत पोर्टल के बारे में बताते हुए उनका युवा के रूप में पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया साथ ही राज्य युवा महोत्सव में एवं विकसित भारत यंग लीडर क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। स्वंयसेवको ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया। स्वयंसेवको राधिका, सेजल, सोनम चौहान, आशीष, ज्योति, कोमल, मुस्कान, रामजीत, नम्रता, छवि, मोहित, शकील ने शिविर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एकल गायन और काव्य पाठ किया। स्वंयसेवकों ने हर्षोल्लास से शिविर में भाग लेते हुए सामुहिक अल्पाहार का भी आनन्द उठाया।



# रुकने का नाम नहीं ले रहा चोरियों का सिलसिला

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना के रुदावल थाना इलाके में चोरों ने मकान को अपना निशाना बनाया। चोर घर से 1 लाख 25 हजार रुपए कैश और लाखों के सोने के जेवर चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान चोरों ने कमरे में सो रहे पति पत्नी को कमरे की बाहर से कुंदी लगा गए। जब सुबह दोनों सोकर उठे और गेट खोलने का प्रयास किया तो गेट बंद मिला। घटना चौखडां गांव की है। जगमोहन ने बताया- वह अपनी पत्नी के साथ घर के बरामदे में सो रहा था। घर के एक कमरे में उसकी बेटा और बहू सो रहे थे। रात करीब 2 बजे कुछ अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए। घर के बरामदे में जगमोहन की जैकेट रखी थी। जिसमें दूसरे कमरे की चाबी और 2 हजार रुपए रखे थे। चोरों ने जैकेट से कमरे की चाबी और 2 हजार रुपए निकाल लिए, जिसके बाद उन्होंने कमरे में सो रहे जगमोहन के बेटा और बहू के कमरे की बाहर से कुंदी लगाकर उन्हें बंद कर दिया। चोरों ने घर के दूसरे कमरे का ताला खोला और कमरे में रखी अलमारी से 1 लाख 25 हजार रुपए और लाखों के सोने के जेवर चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब जगमोहन के बेटा और बहू की नींद खुली तो कमरे से बाहर आने के लिए दरवाजा खोला तो दरवाजा नहीं खुला। दोनों पति-पत्नी घबरा गए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया तो जगमोहन ने कमरे का दरवाजा खुला। तब जाकर उन्हें चोरी का पता लगा इसके बाद जगमोहन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद रुदावल थाना पुलिस, एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत, खेरिया मोड़ चौकी प्रभारी घनश्याम पोसवाल मौके पर पहुंचे। मौके पर स्न्नस्रु की टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गई। जिससे घटना स्थल से जरूरी सबूत जुटाए जा सके।

## बयाना में आज दो सौ बूथों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने गटकी जीवन की दो बूंद दवा, स्वास्थ्य विभाग ने किये विशेष इंतजाम

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज रविवार को बयाना कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बनाए गए दो सौ पल्स पोलियो बूथों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने जीवन की दो बूंद दवा के रूप में पल्स पोलियो की दवा गटकी । बयाना के मुख्य बाजार में बनाए गए पल्स पोलियो बूथ पर वरिष्ठ पत्रकार राजीव झालानी ने नन्हे मुन्ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर शुभारंभ किया।

# अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत विशेष सफाई कार्यक्रम

## फतेहजंग गुंबद और आसपास के क्षेत्र में निगम ने की सफाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अतुल्य अलवर स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर निगम की ओर से रेलवे स्टेशन के समीप स्थित फतेहजंग गुंबद के आसपास सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान एकत्र कचरे को भी तत्काल निगम के निस्तारण केंद्र पर भिजवाया गया। वहींए नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया और सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि गुंबद और आसपास के क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई रखी जाए। अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि सभी अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाएं।

उन्होंने कहा कि आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करे और कपड़े के थैले का उपयोग करे। गीले सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखने के दिए निर्देशदृ रविवार सुबह विशेष सफाई अभियान के दौरान नगर निगम आयुक्त नरूका ने रेलवे स्टेशन और फतेहजंग गुंबद के आसपास दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग.अलग रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने ग्राहकों को भी अलग.अलग कचरा डालने के लिए प्रेरित करें।साथ ही नगर निगम के ऑटो टिपर में भी निर्धारित पात्रों में ही गीला और सूखा कचरा डाला जाए।



# अलवर निम्स हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

## एएसपी डॉ.प्रियंका रघुवंशी ने किया फीता काटकर शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रविवार को शांतिकुंज स्थित अलवर निम्स हॉस्पिटल में स्व:डॉ वीणा गुप्ता की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नि:शुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रियंका रघुवंशी रही। इस दौरान हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील रस्तोगी ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट का स्वागत कर आभार प्रकट किया । इस दौरान सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की एचओड़ी प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ। मालती गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक वाटर एंड फायर का भी लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टर समस्त स्टाफ मौजूद रहे। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुनील रस्तोगी ने मीडिया को बताया कि इस कैंप में लगभग डेढ़ सौ रोगियों ने निशुल्क परामर्श लिया। जिनकी बीपी और शुगर की निशुल्क जांच की गई अन्य जांचों पर 30 प्रतिशत छूट दी गई।



# घर में खेलते- खेलते मासूम भाई-बहनों ने खाई नींद की गोलियां

## पलंग पर रखी थी ताऊ की गोलियां, सीएचसी में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** घर में रखी नींद की गोलियां खाने से दो मासूम बहन-भाइयों की तबीयत बिगड़ गई। अचानक दोनों को गहरी नींद के आगोश में देख परिजनों को घटना का पता चला। बच्चों के पास ही गोलियों के खाली रैपर देख परिजनों को सारा माजरा समझ में आया। इसके बाद परिजन बेसुध दोनों बच्चों को बयाना सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। घटना बयाना विधानसभा के रुदावल थाना इलाके के गांव नगला तुला में शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे की है। अस्पताल में मौजूद गांव नगला तुला निवासी सोहन सिंह चौबदार ने बताया कि वह उसकी पत्नी घरेलू कामों में व्यस्त थे। उसके बड़े भाई पूरन सिंह बीमार हैं। जिन्हें डॉक्टरों ने उपचार के लिए नींद की गोलियां दी हुई हैं। दवाइयां कमरे में बिस्तर पर ही रखी थी। सोहन सिंह के बेटे ढाई साल के कार्तिक और डेढ़ वर्षीय कीर्ति घर में खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों बच्चों ने अपने ताऊ पूरन की बिस्तर पर रखी दवाइयां ले ली। बच्चों ने नींद की गोलियों का रैपर खोल लिया और दोनों बच्चों ने 4-5 गोलियां खा लीं। गोलियां खाने के बाद बच्चे गहरी नींद के आगोश में चले गए। बच्चों को अचानक बेसुध सोते और पास में गोलियों के खाली रैपर पड़े देख परिजनों को शक हुआ। इसके बाद परिजन बच्चों को बयाना सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी इंचार्ज डॉ जोगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि बच्चों का उपचार किया जा रहा है। फिलहाल उनकी हालत सामान्य है।

दवा वितरण केंद्र का भवन निर्माण कार्य अंतिम चरण में

# बानसूर उप जिला अस्पताल में मरीजों को अब निशुल्क दवाओं के लिए घंटों कतार में नहीं लगना पड़ेगा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने अस्पताल में लगातार बढ़ रहे मरीजो और दवा वितरण में आ रही परेशानियों को देखते हुए अस्पताल में चार दवा वितरण केंद्र खोलने की स्वीकृति दिलाई थी। जिसका भवन का निर्माण का काम जोर सोरों से हो रहा है अब वह अंतिम चरण में है। अब मरीजों को दवा के लिए घंटे कतार में लगकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा पीएमओ डॉ राजेश यादव का कहना है कि बानसूर उपजिला अस्पताल में दवा वितरण व्यवस्था में सुधार हो सकेगा जिससे मरीजों को लंबी कतारों में राहत मिलेगी भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है जल्द ही बानसूर अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन भी उपलब्ध हो जाएगी मशीन जयपुर कार्यालय में आ गई है।

# केंद्रीय न्याय एंव कानून मंत्री पहुँचे मेघवाल समाज छात्रावास, हुआ जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** मेघवाल समाज विकास संस्थान निम्बाहेड़ा द्वारा आयोजित द्वितीय नेत्र रोग शिविर का आयोजन मेघवाल समाज छात्रावास में किया गया। भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 68वें परीनिर्माण दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पहुँचे। वहाँ पहुँचकर मंत्री मेघवाल ने बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। व केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने नेत्ररोग शिविर का अवलोकन किया। साथ ही मौजूद मरीजों से कुशलक्षेम पूछी। और उपस्थित जनों को सम्बोधित भी किया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विशेष अतिथि जिला प्रमुख भूपेंद्रसिंह बडोली, समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी ने की।पूर्व विधायक अशोक नवलखा, निंबाहेड़ा प्रधान बगदी राम,धाकड़, डॉक्टर ताराचंद मेघवाल, हेमराज मेघवाल जिला परिषद सदस्य, दिनेश मेघवाल पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे। संस्थान के सदस्यों ने अतिथियों को मल्यार्पण एवं ऊपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। शिविर में 317 रोगियों का चयन किया गया 237 रोगियों को दवाई देकर इलाज किया और 80 नेत्ररोगियों का ऑपरेशन किया गया।ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर में डॉक्टर महेंद्र कुमार, डीआर ममता मीना, डॉ हरदयाल सिंह, डॉ राधेश्याम कच्छावा रहे। आपरेशन सभी निशुल्क थे सभी दवाइयां निशुल्क थी भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा की गई। उसके बाद संस्थान के द्वारा केंद्रीय मंत्री अर्जुन रामज मेघवाल से लाइब्रेरी के लिए आर्थिक सहयोग एवं दो हाल 30 फीट 60 फीट की मांग रखी केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने 20 लाख रुपए लाइब्रेरी के लिए घोषणा करी और हाल बनाने के लिए एस्टीमेट बनाकर देने को कहा मेघवाल समाज ने इस घोषणा से उनका अभिवादन किया। बैठक में संस्थान केअधक्ष बालू राम मेघवाल, पूर्वअध्यक्ष हजारीलाल



मेघवाल, जिला अध्यक्ष रामचंद्र बामनिया, राष्ट्रीय सर्व मघवंश प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल सोलंकी नंदलाल कमाली, शंभूलालमेघवाल, नंदलाल चरडिया, गंगाराम फलवा राधेश्याम कमाली, कंवरलाल कोटडी कला, छगनलाल मांगरोल, कालूराम सावा रामपाल डोरिया मनोहर कृपाराम जी की खेडी, प्रदीप कृपाराम जी कीखडी,पूर्व पार्षद मुकेश कुमार पूर्व पार्षदखमराज मांगीलाल बामनिया, गंगाराम कल्याणपुरा , दुर्गाशंकर टाइ का खेड़ा, भेरूलाल मरलिया, रामेश्वरलल मकनपुरा, उदय राम सीता राम जी का खेड़ा, डॉ दिनेश जवदा, राजाराम मुरलिया, अजीतकमार मुरलिया, देवराज कृपाराम जी की खेड़ी, बगडदीराम कल्याणपुरा प्रकाश कृपाराम जीकी खेडी, प्रहलाद साकरीया, घीसालाल चारबोटिया मौजूद रहे। समारोह का संचालन अध्यापक रामेश्वरल रामेश्वर लाल मेघवाल मकनपुरा, ने किया।

## जिले के 1 लाख 51 हजार 68 बच्चे गटकेंगे दो बून्द जिंदगी की

### सीएमएचओ डॉ सामर ने खनन क्षेत्र के बूथों का किया सघन निरिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** बच्चो को पोलियो की बिमारी से मुक्त रखने के लिये रविार से 03 दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस की शुरूवात की गई अभियान का शुभारम्भ जिला चिकित्सालय जनाना अस्पताल मे चिकत्सा विभाग और रोटरी कलव के संयुक्त तत्वाधान मै ब च्चो को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया । इस मोके पर विधायक हरिमोहन शर्मा ने नोनीहालो को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का आगाज किया इस मोके पर डॉ0 प्रभाकर विजय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय बून्दी व डॉ0 सतीश सक्सेना जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी बून्दी एवं डॉ0 गोविन्द गुप्ता शहरी पल्स पोलियो प्रभारी , डब्लूएचओ प्रभारी डॉ राजेश गुप्ता वरिष्ठ अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, राकेश गोस्वामी एवं,पल्स पोलियो परियोजना समन्वयक एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटोदी, रोटरी क्लब पदाधिकारी धनश्याम जोशी लक्ष्मी चन्द गुप्ता, सुरेश जखोटिया, हासम भाई, नारायण झवर, धुर्व व्यास, प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, रितेश सोनी सहित अस्पताल के कर्मचारी एवं रोटरी क्लब के अन्य सदस्य मोजूद रहे. वही सीएमएचओ डा ओ पी सामर ने खनन क्षेत्र मे जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर बूथ का विधिवत शुभारम्भ किया। डॉ0 सामर ने बताया कि जिले में आयोजित पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत रविवार को बूथ पर एवं सोमवार एवं मंगलवार को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी।अभियान के अन्तर्गत नवजात शिशु से ले कर 0-5 वर्ष तक के बच्चो को करीब 1 लाख 51 हजार 68 बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी, जिले में पोलियो खुराक पिलाने के लिए 749 बूथ बनाये गये, है अभियान में टीकाकरण के लिये 2996 वैक्सीनेटर व 151 सुपरवाईजर न्यूक्त किये गये है। मोबाईल टीम व ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के निर्देश पर जिले के खनन क्षेत्र डाबी, बुधपुरा, एवं खनन क्षेत्र मै विभिन्न बूथों की सघन मॉनिटरिंग की एवं खनन क्षेत्र के विभिन्न पोलियो बूथों का निरीक्षण किया उन्होंने बूथों पर जाकर नन्हें मुन्नों को पोलियो ड्राप पिलाई।

## राज्य सरकार से मेडिकल कॉलेज को मिली सौगात

### विद्यार्थियों को प्रशिक्षण हेतु आने-जाने के लिये मिली बस सुविधा



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( नि.स. )।** मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को समीपस्थ चिकित्सालय में प्रशिक्षण हेतु ले जाने में काफी समस्या का सामाना करना पड रहा था। राज्य सरकार से काफी समय से मांग की जा रही थी कि एक बस की व्यवस्था हो जाये तो बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिये आवश्यक है। इसे मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेज को बस की सुविधा प्रदान की। राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय चित्तौडगढ़ के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डा. प्रमोद तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस हेतु बजट उपलब्ध कराया गया है। मेडिकल छात्र छात्राओं के समीपस्थ चिकित्सालय में प्रशिक्षण एवं ड्यूटी कार्य हेतु राजकीय मद से बस क्रय की गयी जिसकी लागत 24.34 लाख रूपये है एवं 32 सीटर बस है। इसका शुभारंभ होने से लम्बे समय से चली रही आ रही समस्या का समाधान हो गया एवं विद्यार्थियों ने हर्ष जाहिर किया। इस मौके पर महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ, स्टाफ एवं इन्हर व्हील क्लब ऑफ चित्तौडगढ के सदस्य भी उपस्थित रहे। इन्हर व्हील क्लब ऑफ चित्तौडगढ ने महाविधालय को बैंच भेट की जिस पर प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज ने इनका आभार व्यक्त किया।

## सर्व हिन्दू समाज के नेतृत्व में गंगधार चौमहला कस्बा बंद कर जन आक्रोश रैली निकाली



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला गंगधार के सर्व हिन्दू समाज के नेतृत्व में गंगधार चौमहला कस्बा बंद कर जन आक्रोश रैली निकाल कर ज्ञापन सौपा । बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बर्बरता पूर्वक हो रहे अत्याचारो और वहां के मठ मंदिरों पर हो रहे हमलों के खिलाफ चौमहला कस्बे के झण्डा चौक से दोपहर 1.30 सर्व हिन्दू समाज व हिंदूवादी संगठनों द्वारा विशाल जनाक्रोश रैली कस्बे मे निकाल कर उपखंड कार्यालय पहुंची जहां महा महिम राष्ट्रपति के नाम गंगधार तहसीलदार जतिन दिनकर को ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के लगातार उत्पीड़न पर विराम हो वही वहाँ अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष रूप से हिन्दू समुदाय पर अनवरत एवं अमर्यादित अत्याचार पर रोक लगाई जाए बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है उसमें वामपंथी, तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने, वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिन्ता व्यक्त करनी चाहिए थी जैसी रोक लगानी चाहिए थी ।ऐसी रोक नहीं लगाई है। सर्व हिन्दू समाज आपसे यह अपेक्षा करता है कि वहाँ पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गम्भीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दवाव बनाए कि हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए सुरक्षा की जाए इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज कस्बे वासी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जन आक्रोश रैली में मौजूद रहे।

## दादा नारायण दास मदनानी स्मृति सेवा सप्ताह का समापन : 11 प्रतिभाओं का सम्मान

### हम सबको अपनी आय का दो प्रतिशत सामाजिक सेवा के कार्यों के लिए खर्च करना चाहिए : प्रोफेसर सोडाणी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** दादा नारायण दास मदनानी सेवा संस्थान द्वारा उनकी 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष अयोजित नारायण सेवा सप्ताह का समापन रविवार को11 प्रतिभाओं के सम्मान के साथ समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्धमान महावीर कोटा खुला विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर कैलाश सोडाणी ने कहा कि हम सबको अपनी आय का दो प्रतिशत सामाजिक सेवा के कार्यों के लिए खर्च करना चाहिए । उन्होंने कहा कि यह संकल्प सामाजिक सेवा को एक नई दिशा देगा । उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आज का युग इस बात का है कि हम सब पुस्तकालय और अनुसंधान शाला से जुड़े ताकि अधिक से अधिक शिक्षा प्राप्त करें और अधिक से अधिक अनुसंधान हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोटा मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर विजय सरदाना ने कहा की मेडिकल प्रोफेशन जब सामाजिक सेवा के साथ जुड़ जाता है तो सही अर्थों में सेवा का कार्य सबको नजर आता है । उन्होंने आह्वान किया कि मेडिकल प्रोफेशन के से जुड़े सभी लोगों को सामाजिक सेवा का कार्य जरूर करना चाहिए । प्रारंभ में संस्थान के अध्यक्ष किशोर मदनानी ने स्वागत भाषण देते हुए दादा एन डी मदनानी के संकल्पो के बारे में बताया ।उन्होंने बताया कि समाज सेवी दादा नारायण दास मदनानी रेलवे से लेखाधिकारी के पद से सेवानिवृत होने के बाद विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर सामाजिक कार्यों में लग गए थे वह सिंधु सोशल सर्किल के संरक्षण व अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक संस्थान के उपाध्यक्ष एवं रेलवे आफिसर्स क्लब के विभिन्न पदों पर रहकर विभिन्न सामाजिक सेवओं में सक्रिय रहे। संस्थान के सचिव प्रकाश वीर नाथानी ने तीन से 8 दिसंबर तक सप्ताह के दौरान किए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया की अनेक सामाजिक संगठन, शैक्षिक संगठन और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भारत सरकार के पूर्व निदेशक किशन रतनानी ने कहा की दादा नारायण दास मदनानी जिन सामाजिक सेवाओं को प्राथमिकता देते थे उन सबको इस सेवा सप्ताह का प्रमुख हिस्सा बनाया गया, साथ ही बालिकाओं और खेलों को प्रोत्साहन देने का कार्य इस सेवा सप्ताह से जोड़ा गया। आज समारोह में 11 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया उनमें शामिल थे श्री करणी नगर विकास समिति के प्रभारी प्रवीण भंडारी, भारत सरकार के पूर्व निदेशक किशन रतनानी ,सामाजिक सेवाओं से जुड़े भुवनेश गुप्ता , और वरुण रसावट. ओम साइ सेवा समिति के अध्यक्ष प्रीतम टेलयानी , इनके साथ ही चाइल्डलाइन और बचपन बचाओ से जुड़ी रेखा कुमारी , पुलिस लाइन विद्यालय की प्राचार्य निधि गांधी, स्काउट और गाइड के जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल , स्नेक कैचर और रेस्क्यू ऑपरेशन करने वाले विष्णु श्रगी तथा जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेंद्र गुप्ता , साथ ही जिला व राज्य स्तर पर तैराकी में अनेक मेडल जीतने वाले प्रिंस नाथानी, बालिका फुटबॉल अकादमी की दोनों टीमों को भी सम्मानित किया गया।

## जयपुर जाते समय लोकसभा स्पीकर ने बूंदी के विकास को लेकर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** कोटा-बूंदी की सांसद और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जयपुर जाते समय अपने संसदीय क्षेत्र बूंदी के नवल सागर झील पर रुककर कार्यकर्ताओं के साथ चाय व कचौरी का आनंद लिया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने नवल सागर झील की समस्याओं पर चर्चा की। लोकसभा स्पीकर ने झील के रिसाव को रोकने और इसे 12 महीने भरा रखने के प्रयासों को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस संदर्भ में नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव तैयार करने की बात उन्होंने कही। इसके बाद, बूंदी के रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभ्यारण के विकास पर भी चर्चा हुई। ओम बिरला ने कहा कि रामगढ़ विषधारी जैसा जंगल कहीं नहीं मिलेगा और यह एरिया बहुत बड़ा है। इसके विकास में 10 से 15 साल लग सकते हैं, लेकिन इस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा ताकि पर्यटकों को अधिक लाभ मिल सके। इसके अलावा, जंगल सफारी शुरू करने और जेतसागर झील में बोटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बूंदी की पहाड़ियां और किले, जैसे बावड़िया किला और किले के गेट, भी पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षक हैं, और इनका विकास भी जल्द ही कराया जाएगा। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अपने कर्मठ कार्यकर्ता और पूर्व जिला प्रमुख राकेश बॉयत की माता के देवलोकगमन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके परिवार के पास पहुंचे। इस दौरान उनके साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, युवा नेता रुपेश शर्मा और भरत शर्मा भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

## केबल चोरी करते समय चोर को पेड़ से उल्टा लटका कर पिटाई, वीडियो हुआ वायरल

### सदर थाना पुलिस वीडियो वायरल होने के बावजूद पेड़ से लटका कर पीटने की पुष्टि क्यों नहीं कर रही है?

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के उमरच गांव में कुछ ग्रामीणों द्वारा एक व्यक्ति को पेड़ से उल्टा लटका कर पीटने का मामला सामने आया है। हालांकि, सदर थाना पुलिस इस घटना की पुष्टि फिलहाल नहीं कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में यह साफ देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति, हंसराज को पेड़ से उल्टा लटका कर पीटा जा रहा है। सदर थाना के ड्यूटी अधिकारी जय सिंह ने बताया कि हंसराज एक नशेड़ी है और तालेड़ा थाने में इसके खिलाफ पहले से एक पुराना मामला दर्ज है, जिसमें यह फरार चल रहा था। जय सिंह ने यह भी कहा कि वायरल वीडियो



के आधार पर पुलिस जांच करेगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि हंसराज रात के समय चोरी कर रहा था। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पेड़ से उल्टा लटका कर पीटना शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## उद्योगपति रामपाल सोनी मूक बधिर विद्यालय के अध्यक्ष चुने गये

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** बधिर बाल कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष पद पर उद्योगपति एवं संगम ग्रुप इण्डिया लि.के चैयरमेन रामपाल सोनी सर्वसम्मति से तीन वर्ष के लिए चुने गये।इसके अतिरिक्त कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर उद्योगपति डॉ. एस.एन. मोदानी चुने गये। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रामपाल सोनी ने कहा कि संस्था ने अपने 40 वर्षो में कार्य काल में तेजी से विस्तार किया है। चार छात्रों के साथ पूर्व मंत्री रामप्रशाद लढ़ा ने बधिर बाल कल्याण विकास समिति की स्थापना की गई थी। इसके साथ ही विद्यालय में कई दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करते हुए होस्टल सुविधाऐं जुटाई गई। सोनी ने कहा कि सस्था से जुड़ते हुए अनेक लागों ने समय समय पर इसके विस्तार में अपना योगदान दिया है।

## जे.के. सीमेंट के स्वर्ण जयंती महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री मेघवाल

### अति लक्ष्मीनारायण यज्ञ की परिक्रमा कर खुशहाली की कामना की





बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़, ( नि.स. )।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा के गौरवशाली 50 वर्ष पूर्ण होने पर जे.के. सीमेंट प्रबंधन की ओर से सात दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार को एल.के. सिंघानिया स्कूल के खेल मैदान में आयोजित किए जा रहे अति लक्ष्मी नारायण यज्ञ के तीसरे दिन केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल यज्ञ में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां जे.के. सीमेंट समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया एवं निधिपति सिंघानिया ने बुके भेट कर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का स्वागत किया। केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर देश मे खुशहाली की कामना की, वहीं अतिथियों ने यज्ञशाला एवं जे.के. सीमेंट परिसर में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में दर्शन भी किए। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल के साथ पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट, पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रहलाद सोनी, प्रतापगढ़ भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पारस पारख, जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़, पूर्व नगर अध्यक्ष मोतीलाल आहूजा, सुरेश खेरोदिया, उमेश तोतला, विरेश चपलोत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदादिकारी कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जे.के. सीमेंट समूह के डॉ. कौस्तुभ दाधीच, निम्बाहेड़ा यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, कमर्शियल हेड अजय गर्ग, माइंस हेड यतेंद्र शर्मा सहित कई अधिकारीगण भी मौजूद थे।

## राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल में सिसोदिया को प्रन्यासी नियुक्त किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भाजपा के वरिष्ठनेता एवं कोटा संभाग मीडिया के संभाग संयोजक अरविन्द सिसोदिया को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनुशंसा और मण्डल के अध्यक्ष शिक्षामंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यास में प्रदेशस्तरीय प्रन्यासी मनोनीत किया गया है। आरएसटीबी के सचिव वरिष्ठ आरएएस मूलचंद ने आदेश जारी कर यह नियुक्तिपत्र जारी किया है । मण्डल में अध्यक्ष द्वारा दो सदस्यों को मनोनीत किए जाने का प्रावधान है। इसीक्रम में कोटा से अरविन्द सिसोदिया एवं सीकर से डॉ. कमल सिखवाल को नियुक्त किया गया है । राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल, राजस्थान की स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम की पाठ्यपुस्तकों को प्रकाशित करवाने और उनके राज्य के स्कूलों में वितरण करवाये जानें की वृहद एवं महत्वपूर्ण व्यवस्था करता है तथा शिक्षा प्रोत्साहन के कार्यक्रम चलाता है ।



# अविमुक्तेश्वरानंद बोल : 'पत्थर फेंकने से कोर्ट की कार्रवाई नहीं रूकती'

# मंदिर-मस्जिद विवाद पर कहा-प्रमाण है तो कोर्ट में जाकर सबमिट करें

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** कुछ लोग पत्थर फेंककर सोचते हैं कि हम कार्रवाई को रोक देंगे। पत्थर फेंकने से अदालत की कार्रवाई नहीं रूकती है। 78 साल में एक भी उदाहरण बता तो कि पत्थर फेंकने से कोर्ट की कार्रवाई रूकी हो। ज्योतिष पीठ बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदजी महाराज शनिवार को धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में आयोजित एक सभा में बोल रहे थे। इस दौरान शंकराचार्य ने वहां मौजूद लोगों के सवालों के जवाब दिए। जहां उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, गोवंश और गुरुकल व्यवस्था को लेकर अपने विचार रखे। पत्थर फेंकने से कोर्ट की कार्रवाई नहीं रूकती' अविमुक्तेश्वरानंदजी महाराज ने कहा- केवल मौखिर रूप से नहीं बल्कि इतिहास में दर्ज है कि बहुत सारे मंदिरों को तोड़कर मस्जिद के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। अब ये बात जब हिंदू लड़का पढ़ता है तो उसके मन में पीड़ा होती है कि हमारे मंदिरों के साथ अत्याचार हुआ है। इसी तरह जब इस इतिहास को मुस्लिम बच्चा पढ़ता है तो उसे भी पीड़ा होती है कि पता नहीं ये बात सही है या गलत है। अगर सही है तो हमारे पूर्वज बड़े अत्याचारी थे। ऐसा सोचकर उसे दुख हो जाता है। अगर वह मानता है कि यह सब झूठ है तो उसका निराकरण नहीं होने की वजह से उसे दुख होता है। हम ये चाहते हैं कि जिन जिन मंदिरों और मस्जिदों के बारे में ऐसी बात है। उन सभी की सूची बनाकर इसके बारे में प्रमाण देकर निर्णय कर लेना चाहिए, क्योकि ये बात जितने दिन तक दबी रहेगी उतनी ही समस्या बढ़ती रहेगी। इस दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर शंकराचार्य ने कहा- सबसे पहले भारत देश को यह घोषणा करने की आवश्यकता है कि बेशक भारत में सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं, लेकिन भारत हिंदुओं की धरती है। इसलिए इसे हिंदुस्तान कहा जाता है। दूसरी ये घोषणा करनी होगी कि पूरे विश्व में कहीं भी हिंदुओं के साथ कोई गलत व्यवहार होता है, तो वह निर्बाध रूप से भारत में आकर रह सकते हैं। इजराइल इसका उदाहरण है।



अभी बांग्लादेश से जो हिंदू आ रहे थे उन्हें मारकर भगा दिया। हम लोगों ने वीडियो देखा। हमने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र लिखा कि उनको आने दीजिए रोकिए मत। आखिर वो जान बचाकर भागकर आ रहे हैं। उनको आप मौत के मुंह में क्यों डाल रहे हैं। अगर उन्हे रहने, खाने, पहनने के खर्चे की



समस्या से आप परेशान हैं, तो वह हम हिंदू समाज की ओर से करने को तैयार हैं। मगर फिर भी भारत की सरकार ने ध्यान नहीं दिया। दरअसल अविमुक्तेश्वरानंदजी महाराज शुक्रवार शाम 4 बजे धौलपुर के राजाखेड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने रात्रि विश्राम के बाद सुबह 9 बजे जिला प्रमुख आवास पर धर्मसभा का आयोजन किया गया।

## बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर पार्क में भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के अंबेडकर पार्क में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68 वें परिनिर्वाण दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या लोगो ने भाग लिया और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत शहर की लालजीत कॉलोनी स्थित अंबेडकर भवन से हुई,जहां से लोगो ने शांतिपूर्ण मार्च निकाला। यह मार्च अंबेडकर पार्क तक पहुंचा,जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में शहर के साथ-साथ आसपास



के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में मौन सभा आयोजित की गई,जिसमें बाबा साहब के संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संविधान के मूल्यों को समाज में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान अमर सिंह पूनिया,बदन सिंह बौद्ध,मोहर सिंह बौद्ध,मोहर सिंह मीणा,नरेंद्र सिंह,मुख्तियार सिंह,मांगीलाल दूर्य,राहुल कौशल, राजवीर सिंह, भोला ठेकेदार, नेमीचंद, बादशाह नेत्रपाल ,मनीष बाबू,अनिल अजर, शिव सिंह, शंभू,ताराचंद,शिवकुमार,रामस्वरूप ,रोहित,प्रदीप, सरवन, जसवंत ,रामचरण,बॉबी,नरेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन कर रही स्कूलों में इवेंट

### कसौटी खेड़ा गांव में स्कूली बच्चों के लिए हुई खेलकूद प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा बाड़ी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न इवेंट्स का आयोजन किया जा रहा है। संस्था द्वारा बाड़ी उपखंड के पांच ब्लाकों के 132 स्कूलों में यह आयोजन अलग-अलग क्रिस्टल प्रभारी द्वारा किये जा रहे हैं। आज रविवार को उपखंड के कांसोटी खेड़ा गांव में संस्था की सीमा सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता,खेलकूद प्रतियोगिता एवं कविता और गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत कसौटी खेड़ा की सरपंच ममता देवी मीणा की अध्यक्षता में ग्रामीण महिलाओं ने भी रस्साकसी और कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं में भाग लिया। इस दौरान प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों का संस्था द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश गर्ग उर्फ मामा, रामकुमार कुशवाह,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा मीणा के साथ मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के क्लस्टर मैनेजर गजानंद राय,शिवम शर्मा और लक्ष्मीकांत शर्मा भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान गांव की सरपंच ममता देवी मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा गांव के स्कूल में न केवल इवेंट्स का आयोजन किया जा रहा है बल्कि बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास को लेकर संस्था के कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं। इससे ग्रामीण बच्चों में स्कूल आने और शिक्षा के प्रति रुझान बड़ा है।



क्लस्टर मैनेजर गजानंद राय ने बताया कि संस्था द्वारा बाड़ी उपखंड को पांच ब्लाकों में बांटकर अपने कार्यकर्ताओं द्वारा 132 स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। प्रयास यही है कि बच्चे स्कूली शिक्षा के साथ-साथ अपनी शारीरिक क्षमताओं का विकास कर सकें। ऐसे में यह इवेंट आयोजित किये जा रहे है। इस दौरान दर्जनों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीण महिलाओं द्वारा रस्साकसी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया।

## शहर के ट्यूशन सेंटरों के आसपास मंडराने वाले पांच मजनुओं को पुलिस ने पकड़ा

### अभिभावकों की शिकायत और पुलिस के उच्च अधिकारियो के निर्देश पर कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने अभिभावकों की लगातार शिकायत और सीएलजी बैठक में सदस्यों द्वारा उठाये गए मुद्दों के आधार पर एसपी द्वारा द्वारा लिए गए एक्शन के बाद एंटी रोमियो अभियान चलाकर शहर के ट्यूशन केंद्रों के पास कार्रवाही करते हुऐ 05 मनचलों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ थाने पर मामला दर्ज करते हुए 126/170 बीएनएसएस में कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों से पुलिस ने दो बाइक भी जप्त की हैं। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया की शहर की ट्यूशन केंद्र और कोचिंग सेंटरों के आसपास मनचलों द्वारा लगातार ट्यूशन पढ़ने वाली छात्राओं पर फब्तियां कसने और रास्ता रोकने के साथ परेशानी पैदा करने के मामले सामने आ रहे थे। ऐसे में थाने के एएसआई जितेंद्र सिंह के साथ कांस्टेबल सुमन प्रकाश, बृजेश कुमार, रितेश, वीरेंद्र, रामलखन और रामअवतार की टीम बनाकर कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में पांच मनचलों को शहर के अलग-अलग सेंटर से गिरफ्त में लिया है। जिनके पास से दो बाइक भी जप्त की हैं। बाइकों को लेकर जहां 207 एमबी एक्ट में कार्रवाई की है। वहीं आरोपियों के खिलाफ 126/170 बीएनएसएस में कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में जो मनचले पुलिस ने गिरफ्तार किए है उनमें मोहित पुत्र संजीव कुमार जाटव निवासी हथियापोर,समित पुत्र पवन कुमार जाटव निवासी हथियापोर, सूरज पुत्र हरिसिंह जाटव निवासी हथियापोर के साथ दुष्यंत पुत्र रणवीर गुर्जर निवासी मुगलपुरा और शिवपूजन पुत्र शिवसिंह गुर्जर निवासी नरसिंहपुरा शामिल है।

**ट्यूशन स्टूडेंट्स को नसीहत समस्या होने पर सीधे करें फोन :** कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीणा ने सभी स्टूडेंट्स को नसीहत दी है कि यदि वे किसी परेशानी में आते हैं तो तुरंत पुलिस को फोन कर सकते हैं। छात्राओं को पुलिस के नंबर भी ट्यूशन सेंटर पर उपलब्ध कराए



हैं। यही बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी छात्रा को परेशानी नहीं हो इसको लेकर लगातार सादा वर्दी में भी ट्यूशन सेंटर के आसपास पुलिस तैनात की जाएगी और पुलिस को जो भी सूचना देगा उसका नाम गोपनीय रहेगा। सर्किल अधिकारी ने सभी ट्यूशन सेंटर,कोचिंग संस्थानों के संचालकों को अपील की है कि वह अपने सेंटर के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाए।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य सचिव जयपुर के निर्देशानुसार एवं महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा हाउसिंग बोर्ड धौलपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों को




प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया गया तथा इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय, स्नानगृह इत्यादि का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनो को सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## इस बार अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन होगा बोर्ड पैटर्न पर

### समान परीक्षा आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियो की वीसी के माध्यम से बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बोर्ड परीक्षा की तरह पहली बार राज्य स्तरीय अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। यह राज्य स्तरीय समान अर्धवार्षिक परीक्षा 14 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आयोजित होगी। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक परीक्षा आयोजन को लेकर वीसी के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा विभाग बीकानेर के अधिकारियों द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बाड़ी ब्लॉक शिक्षा विभाग के शिक्षा अधिकारी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि पहली बार अर्धवार्षिक परीक्षा राज्य स्तरीय जिला समान परीक्षा के रूप में आयोजित होने जा रही है। यह परीक्षा 14 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आयोजित होगी। परीक्षा को लेकर बीकानेर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड माध्यमिक शिक्षा विभाग के गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी डॉ अरुण कुमार शर्मा ने यह बैठक वीसी के माध्यम से आयोजित की है। जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग की निदेशक सीताराम जाट भी मौजूद रहे। परीक्षा आयोजन को लेकर 14 से 24 दिसंबर तक कक्षा 9 से 12 का समय विभाग चक्र यानि टाइम टेबल भी जारी किया गया है। यह परीक्षा निजी और सरकारी स्कूलो में प्रथम और द्वितीय पारी में आयोजित होगी। प्रतिदिन परीक्षा का प्रश्न पत्र संबंधित स्कूल के पीईईओ द्वारा संबंधित थाने से वितरित किया जाएगा।

**राजस्थान समान परीक्षा ( अर्धवार्षिक ) का इस प्रकार होगा आयोजन :** वीसी के माध्यम से बीकानेर से उच्च अधिकारियों ने जो निर्देश जारी किए हैं। उसके अनुसार 9 से 11 दिसंबर के बीच में जिला मुख्यालय पर प्रश्न पत्र पहुंच जाएंगे। जहां से 12 दिसंबर को जिले के सभी ब्लॉकों के पीईईओ और यूसीईओ को सीबीईओ की मॉनिटरिंग में इन प्रश्न पत्रों का वितरण होगा। 12 दिसंबर को ही पीईईओ और यूसीईओ अपने नजदीकी थाने में सभी प्रश्न पत्रों को सुरक्षा के बीच रखबाएंगे।



जहां से परीक्षा वाइज 14 से 24 दिसंबर तक प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा। वीसी के माध्यम से पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुई परीक्षा सम्बन्धी इस बैठक में ब्लॉक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ पंचायत प्रसार शिक्षा अधिकारी रामनिवास मीणा, विष्णु मीणा, पूरणमल, टीकम सिंह, राजवीर सिंह, मोहन सिंह एवं 35 ग्राम पंचायत के पीईईओ मौजूद रहे।

## बाड़ी के इब्राहिमपुर में छात्रों का एसयूपीडब्ल्यू कैंप : ट्रैफिक नियमों के बारे में

### दी जानकारी, शिक्षा अधिकारी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ,( नि.स. )।** बाड़ी उपखंड सदर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज समाज उपयोगी उत्पादक शिविर का समापन हुआ। स्कूल में शिविर समापन पर जहां स्कूली बच्चों को समाज उपयोगी उत्पादों की जानकारी दी गई। वहीं ट्रैफिक रूल्स के बारे में भी बाड़ी से पहुंचे ट्रैफिक इंचार्ज और टीम द्वारा जानकारी दी। साथ में नागरिकों से जुड़ी विभिन्न धाराओं की सदर एसएचओ विनोद कुमार ने बच्चों को जानकारी दी और बताया कि वह किस प्रकार वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम से बच सकते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य नीतू कुमारी गुर्जर ने बताया-विद्यालय में कक्षा 9वीं और 10वीं के बच्चो के लिए पांच दिवसीय समाज उपयोगी उत्पादक शिविर का आयोजन 19 नवंबर से किया गया। वही कक्षा छह से आठ तक के बच्चो का तीन दिवसीय शिविर लगाया गया। दोनों शिविरों का आज समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार गर्ग जहां मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद



रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह परमार ने बच्चो को शिक्षा से जुड़े नवाचारों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में बसेड़ी के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रूपसिंह मीणा और अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र मीणा भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान बाड़ी से पहुंचे ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामवकील सिंह और ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। जिससे शिविर और रोचक हो गया। इस दौरान सदर एसएचओ विनोद कुमार ने नागरिकों से जुड़ी विभिन्न धाराओं की बच्चों को जानकारी दी साथ में बताया कि वह वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम और फ्रॉड से बचने के लिए मोबाइल का सावधानी से उपयोग करे। कार्यक्रम के दौरान ब्रजकिशोर द्वारा बच्चों को मोबाइल से होने वाले लाभ एवं हानियां की जानकारी दी।इस दौरान कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक मांगीलाल दूर्य ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक दशरथ सिंह, भोरु लाल, शेरसिंह अमर सिंह, कुलराज सिंह, राघवेंद्र सिंह, रतनलाल वर्मा, विजय सिंह, मुकुल शर्मा एवं भोलाराम तिवारी मौजूद रहे।

### गृह राज्य मंत्री ने एसपी ऑफिस में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर की कानून व्यवस्था की समीक्षा

# अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है सरकार : गृह राज्य मंत्री बेढम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** रविवार को प्रदेश के गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राजसमंद में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति का गहन समीक्षा की। बैठक में कुंभलगढ़ विधायक श्री सुरेंद्र सिंह राठौड़ और राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी भी उपस्थित थे। साथ ही जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, एडिशनल एसपी (महिला सेल) रजत सहित समस्त पुलिस उपाधीक्षक मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री श्री बेढम ने विभिन्न अपराधों जैसे लूट, हत्या, डकैती, मारपीट, चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्वरी आदि के प्रकरणों की समीक्षा की। इसके साथ ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराध में दर्ज प्रकरण की स्थिति को देखा। साथ ही साइबर क्राइम को लेकर भी विशेष रूप से सजग रहने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से बैठक में सड़क हादसों और उनकी रोकथाम के उपायों, आपराधिक घटनाओं पर कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से सजग रहने पर जोर दिया गया। पुलिस संसाधनों और जनशक्ति को मजबूत करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि अपराधों पर तुरंत कार्रवाई करें और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार करें। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले में पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोत्तम स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। विधायक राठौड़ ने जिला पुलिस द्वारा जिले भर में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाइयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता से न केवल अपराधों पर अंकुश लगाया है, बल्कि जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि जिले की सुरक्षा और विकास के लिए हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। अपराधमुक्त समाज बनाने के लिए पुलिस और जनता के बीच संवाद बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने वर्तमान में युवा पीढ़ी में नशे की लत को लेकर चिंता जाहिर करते हुए जन जागृत और पुलिस कार्रवाई पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त माहेश्वरी ने पुलिस प्रशासन की भूमिका को केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित न मानते हुए, इसे सामाजिक कल्याण और सामुदायिक सेवा के रूप में भी देखा। उन्होंने पुलिस के साथ आम जनता के संवाद को बढ़ावा देने और आपसी विश्वास को मजबूत करने के प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक ने आश्वासन दिया कि जिले में सुरक्षा और संसाधनों को और बेहतर बनाने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। उनकी यह सराहना पुलिस टीम के मनोबल को बढ़ाने के साथ-



साथ उनके उत्कृष्ट कार्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाने में सहायक होगी। बैठक के अंत में सभी पुलिस अधिकारियों ने गृह राज्य मंत्री को यह भरोसा दिलाया कि जिले में कानून व्यवस्था को कायम रखा जाएगा और और सभी पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

## दिन दहाड़े मकान मे घुसकर अज्ञात चोर जेवर, नगदी आदि चुराकर ले गये, पुलिस सीसीटीवी खंगालने मे लगी, मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** साकेत नगर हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर नं. 4 के एक मकान मे दिन दहाडे चोरो ने नगदी व ज्वेलरी पर हाथ साफ कर लिया है। मकान मे रहने वाले मकान मालिक अपने किसी रिश्तेदार के यहां खाना खाने गये हुये थे और पीछे से अज्ञात चोरों ने गेट तोड़कर लगभग 3.5 लाख रुपये की ज्वेलरी व नगदी चुरा ले गये। वहीं एक भगवान के आले मे पडा मोबाईल फोन भी उठा ले गये। इस मामले की जानकारी साकेत नगर पुलिस थाने को मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर पुनः लौट गई। वहीं मकान मालिक सुरेश नाथ ने साकेत नगर थाने मे मामला दर्ज कराते हुये 3.5 लाख रुपये के लगभग की चोरी का मामला दर्ज कराया है। साकेत नगर पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल तेजपाल ने बताया कि उक्त घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर मौका स्थल को देखा



जहां दो अलमारी व एक बड़े संदूक का ताला तोड़कर नथ, कानो की झुमकिया, पायजेब, चांदी के सिक्के, मंगल सूत्र व नगदी आदि चुरा कर ले गये। जबकि अलमारी का पूरा सामान और सन्दूक का पूरा सामान बाहर बिखेर गये। अज्ञात चोरों ने मकान मे कुदकर पहले मैन गेट का ताला तोडा उसके बाद सुरेश नाथ के कमरे मे घुसकर उनके कमरे मे रखी सन्दूक से ज्वैलरी व नगदी उठायी और उसके पास ही बने उनके पुत्र घेवर नाथ के कमरे मे रखी लोहे की अलमारियों को तोड़कर उसमे से चांदी के सिक्के, पायजेब व नगदी आदि चुराकर ले गये। अलमारी का पूरा सामान बिखरा पडा था। घटना की जानकारी साकेत नगर पुलिस को दी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस चोरो की तलाश मे सीसीटीवी कैमरे खंगालने मे लगी है।

## उत्कृष्ट समाज सेवा से सम्मानित हुए संभाग के ज्योति मित्र

### राज्य में कहीं नहीं, शाइन इंडिया जैसा सेवा कार्य-कपिल गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** नेत्रदान,अंगदान और देहदान के लिए कार्य कर रही संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा रविवार शाम, जवाहर नगर,कोटा के निजी सभागार में संभाग स्तरीय उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि श्री ताराचंद गोयल (संस्थापक -गोयल ग्रुप) अध्यक्षता श्री आलोक कुमार (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद,संस्थापक दधीचि देहदान समिति),विशिष्ट अतिथि श्री कपिल गर्ग (वाइस प्रेसिडेंट-ईबीएसआर, पूर्व पुलिस महानिदेशक-जयपुर) थे ।

संस्थापक सचिव डॉ संगीता गौड़ ने बताया कि,कार्यक्रम में हाड़ौती संभाग के ऐसे सहयोगियों को सम्मानित किया गया,जिनके सहयोग,समर्पण से ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्रदान के कार्य को बढ़ावा मिला है । इसके साथ ही शहर के भी ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया,जिन्होंने संस्था के नेत्रदान अभियान को राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मदद की है । कार्यक्रम में कॉर्निया ट्रांसप्लांट से हुए लाभान्वित व्यक्ति श्री सुदर्शन अरोरा भी मौजूद थे,जिन्होंने बताया कि,यदि नेत्रदान के माध्यम से उनको कॉर्निया प्राप्त नहीं होता, तो शायद वह दोबारा यह सुंदर दुनिया नहीं देख पाते । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री ताराचंद गोयल ने कहा कि, नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य को करने से न सिर्फ नेत्रदाता को मोक्ष प्राप्ति होती है,बल्कि परिवार के सदस्यों को भी इसका पुण्य लगता है कि, उन्होंने अंतिम समय में अपने दिवंगत परिजन का नेत्रदान करवा कर किन्हीं दो दृष्टि बाधित लोगों को रोशनी प्रदान करने में सहयोगी किया है । आलोक कुमार ने देहदान अंगदान के विषय में जरूरी जानकारी देते हुए कहा कि, मनुष्य अपने कर्मों से महान बन सकता है,यह तो पता है,परंतु अंगदान जैसा देवतुल्य कार्य करके वह अब देवता भी बन सकता है,जब आप अंगदान से किसी का जीवन बचाते हैं,तो एक व्यक्ति को नहीं पूरे,परिवार को बचाते हैं,अंगदान नेत्रदान को परिवार में चर्चा का विषय बनायें,ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें । सम्मान समारोह में कोटा शहर व संभाग के बूँदी,बाराँ झालावाड़, भवानीमंडी,रामगंज मंडी, देवली,नैनवा से



पधारे 70 ज्योति-मित्रों का प्रशस्ति पत्र और शाइन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । सम्मान समारोह के उपरांत कोटा के वरिष्ठ कलाकार गीतांजलि ग्रुप के सहयोग से संगीत संध्या का आयोजन किया गया,जिसमें भोपाल से आई मशहूर गायिका श्रीजा उपाध्याय ने भी अपने गीतों के माध्यम से सुंदर व मनमोहक प्रस्तुति दी । संगीत संध्या के मध्य में मंदाकिनी दाधीच सिमरन कंवर और नेहा गौतम की भी नृत्य की प्रस्तुति हुई। संगीत संध्या में गीतांजलि ग्रुप से प्रेम नारायण, राजीव मल्होत्रा, मार्कण्डेय दाधीच,गरिमा गुप्ता और डॉ कुलवंत गौड़ ने भी अपनी प्रस्तुति दी। मंच का संचालन उद्घोषिका नीता डांगी और डॉ कमल गौतम ने किया।

## जब तक डा. सी आर गहलोत एपीओ नहीं हो जाते तब तक हम यहां जमे रहेंगे : विधायक शंकर सिंह रावत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत रविवार सुबह ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय मे पल्स पोलियो दवा पिलाने के अभियान की शुरुआत करने पहुंचे। अभियान की शुरुआत करने के बाद विधायक श्री रावत को उन्हीं के गांव के कुछ लोग मिले जिनसे उनकी कुशलक्षेम पुछी। ग्रामीणों ने विधायक श्री रावत को बताया कि दो दिन से परिवार के सदस्य दाखिल है तो विधायक श्री रावत उन्हें देखने ट्रोमा वार्ड चले गये जहां उनसे उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी ली। चिकित्सालय मे दाखिल मरीज पुनम सिंह पुत्र लाल चंद रावत (60) दो दिन पहले सेन्दडा रोड मोती नगर के पास मोटरसाईकिल से घायल हो गया था जिसे शनिवार शाम को भर्ती कराया गया। उपस्थित चिकित्सक ने दवाई आदि लिखकर मरीज को दाखिल कर दिया। इस बात को लेकर मरीज पुनम सिंह ने विधायक श्री रावत को बताया कि शनिवार शाम से दाखिल होने के बावजूद कोई डा. सार सम्भाल करने नहीं आया। बस इतने मे ही विधायक शंकर सिंह रावत आग बबूला हो गये। उन्होंने तत्काल संबंधित डा. सी



आर गहलोत को बुलाया। डा. सी आर गहलोत के सामने ही मरीज ने विधायक को शिकायत की जिस पर डा. गहलोत ने कुछ ऐसे शब्द बोल दिये जिससे मरीज को और विधायक श्री रावत को गुस्सा आ गया। विधायक श्री रावत ने भी डा. को मौके पर ही झाडते हुये कहा कि तुम जब मेरे सामने ही मरीज को अबे तबे कर रहे हो तो पीछे क्या करते होंगे। इस बात को लेकर विधायक श्री रावत और डा. छेलाराम गहलोत (सी आर गहलोत) से गहमागहमी हो गई और विधायक इसी बात को लेकर ट्रोमा वार्ड मे ही धरने पर बैठ गये। इस बीच ब्यावर नगर परिषद के निवृतमान सभापति नरेश कनौजिया ने भी डा. गहलोत से आवेश मे ना आकर सहजता से बात करने को कही तो डा. और ज्यादा आग बबूला हो गये। डा. गहलोत अपने कक्ष मे चले गये वहीं विधायक शंकर सिंह रावत, निवृतमान सभापति नरेश कनौजिया सहित सैकडो समर्थक चिकित्सालय पहुंचकर डा. सी आर गहलोत को तत्काल एपीओ करने की मांग करने लगे। इस मामले को लेकर चिकित्सालय के पीएमओ डा. सुरेन्द्र सिंह चौहान, डिप्टी कन्ट्रोलर डा. अग्रवाल आदि ने समस्या को समझते हुये शीघ्र व्यवस्था को ठीक करने का आश्वासन दिया। विधायक शंकर सिंह रावत, निवृतमान सभापति नरेश कनौजिया आदि भाजपा के कार्यकर्ता व समर्थको ने तत्काल प्रभाव से एपीओ करने की मांग को लेकर बैठे रहे और इस बीच अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया भी चिकित्सालय परिसर मे पहुंच गये और समझाईश करने का प्रयास कर रहे हैं। उधर विधायक शंकर सिंह रावत ने तब तक धरने से नहीं उठने का वादा किया हैं जब तक दोषी चिकित्सक डा. सी आर गहलोत को एपीओ ना कर दिया जाये। इधर चिकित्सालय के कुछ चिकित्सकों ने विधायक शंकर सिंह रावत से मिलकर डा. सी आर गहलोत के बारे मे जानकारी देते हुये कहा कि डा. स्वच्छ व साफ छवि के है और उनका मकसद किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं है। जहां तक उनकी आवाज की बात है तो यह तो प्रकृति की बात है। सभी चिकित्सकों ने उनकी ओर से निवेदन कर मामले को समाप्त करने को कहा। इस बीच डा. छेलाराम गहलोत ने भी विधायक श्री रावत से व निवृतमान सभापति नरेश कनौजिया से क्षमा याचना की, लेकिन विधायक शंकर सिंह रावत व उनके समर्थक उन्हें एपीओ कराने की मांग को लेकर अडे हुये हैं।

## शेखावाटी यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने जूड़ो नेशनल प्रतियोगिता में बनाई जगह

### साउथ वेस्ट जोन जूड़ो पुरुष प्रतियोगिता में शेखावाटी विश्वविद्यालय बना उपविजेता




बढ़ता राजस्थान

**सीकर ( नि.स. )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तीन जूडो खिलाड़ियों ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। यह नेशनल प्रतियोगिता कानपुर में होगी। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता 2024-25 में शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर ने उपविजेता चैंम्पियनशिप पर कब्जा किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने इस उपलब्धि के लिए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। कुलपति प्रोफेसर राय ने अगली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि विजेता स्टूडेंट नेशनल



लेवल पर भी यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करेंगे। विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी सौरभ सोनी ने -81 किलो में गोल्ड मेडल व राहुल ने -100 किलो में ब्रांच मेडल जीता। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कोच नूतन कुड़ी को बेस्ट कोच का अवार्ड प्रदान किया गया।

साथ ही विश्वविद्यालय के तीन खिलाड़ियों सौरभ, राहुल और राहुल सैनी ने कानपुर में होने वाली नेशनल जूडो प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है।

## राजमेक्स चुनाव 2024 : चारण निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, अंजु हर्ष महासचिव और अंजु गोयल कोषाध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी एकीकृत महासंघ (राजमेक्स) के चुनाव रविवार को संपन्न हुए, जिसमें विजेता चारण को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही अंजु हर्ष को महासचिव एवं अंजु गोयल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। राजमेक्स महासंघ के चुनाव डॉ नसरीन भारती जी, डॉ संजुला थानवी जी, कमला पोद्दार जी एवं ज्योती गोस्वामी जी की चार सदस्ययी चुनाव समिति द्वारा संपन्न करवाये गये। तीनों नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने महासंघ के उद्देश्यों के अनुरूप सामाजिक व महिला हितार्थ कार्य करते हुए राजमेक्स को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता ज़ाहिर की। चुनाव घोषणा कार्यक्रम में अल्पना कुलश्रेष्ठ, स्वाति दीक्षित, शाइस्ता खान एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।



### जिले की 5 चीजों को प्रमोट करेगी सरकार

# भजन सरकार एक वर्ष पूर्ण होने पर करेगी पंच गौरव को प्रोत्साहन

## सवाई माधोपुर में मार्बल मूर्तियां, रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, अमरूद, फुटबॉल, नीम

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राज्य की भजन लाल सरकार ने हर जिले में पांच चीजों को प्रमोट करने के लिए पंच गौरव में शामिल किया है। इसके तहत हर जिले के पांच तत्वों के रूप में एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल पर विशेष फोकस करते हुए इनकी मार्केटिंग की जाएगी। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि जिले में पंच गौरव मार्बल मूर्तियां, रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, अमरूद, फुटबॉल, नीम चिन्हित किए गए हैं। इनकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को दी गई है। उन्होंने बताया कि पंच गौरव को प्रोत्साहन देने के लिए कृषि, वन, पर्यटन, उद्योग एवं खेल विभाग नोडल के रूप में कार्य करेंगे। जिले में रणथम्भौर टाईगर रिजर्व व अन्य पर्यटन के माध्यम से हजारों परिवारों को रोजगार मिल रहा है।







**अमरूद :** सवाई माधोपुर जिले का अमरूद अपनी की गुणवत्ता व उत्पादन के कारण राजस्थान ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत में विशिष्ट पहचान रखता है।

वर्तमान में करीब 8 हजार कृषक 12 हजार 500 हैक्टेयर में अमरूद की खेती कर रहे हैं। यहां लगभग 3 लाख 37 हजार 500 मैट्रिक टन अमरूदों का उत्पादन प्रतिवर्ष होता है। यहां एल-49, इलाहबादी सफेदा, गोला/बर्फखान आदि अमरूद के किस्में मुख्य रूप से उगाई जा रही है।

**मार्बल मूर्तियां ( बांसटोरडा ) :** जिले की बौंली तहसील से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर बांसटोरडा ग्राम में करीब 35 से 40 हस्तशिल्पी परिवार मार्बल से विभिन्न देवी-देवताओं, महापुरूषो, विभिन्न जीव-जन्तुओं की छेनी-हथोड़े, औजारों से पत्थरों को तराशकर अपने हाथों से जीवन्त मूर्तियां बनाते है। शिल्पी झिरी (दौसा), मकराना, (नागौर), भैंसलाना (जयपुर), चित्तौड़ अम्बाजी गुजरात, इटली तथा वियतनाम से भी कच्चा माल मंगाते है। सरकार से पहचान मिलने पर मार्बल मूर्तिकला का प्रचार-प्रसार होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

**फुटबॉल :** बजट घोषणा 2023-24 में एक जिला एक खेल के तहत फुटबॉल खेल अकादमी खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। फुटबॉल खेल की लोकप्रियता के कारण सवाई माधोपुर में फुटबॉल खेल अकादमी की स्थापना किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। 15 खिलाड़ी राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपने खेल, कौशल का परिचय दे चुके है।

**नीम :** जिले में नीम का वृक्ष बहुतायत में पाया जाता है। अपने औषधीय गुणों के कारण मधुमेह में अत्यधिक लाभकारी है। नीम का उत्पादों का वाणिज्यिक उपयोग से स्थानीय निवासियों की आमदनी बढ़ेगी।

**रणथम्भौर टाईगर रिजर्व :** रणथंभौर टाईगर रिजर्व सम्पूर्ण विश्व में बाघों के साथ-साथ अन्य जीव-जन्तुओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां करीब 160 देशों के साथ-साथ देशी पर्यटक भी वन्यजीवों को स्वछंद विचरण करते देखने प्रतिवर्ष आते है। इस वर्ष अक्टूबर तक कुल 5 लाख 47 हजार 770 पर्यटक आये है।

## खाद्य सुरक्षा के लाभार्थी 31 दिसम्बर तक आवश्यक रूप से करायें ई-केवाईसी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा ) ।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना में पात्र लाभार्थियों की गैस की एलपीजी आईडी मैप कराने की तिथि 10 दिसम्बर तक तथा खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों की ई-केवाईसी की तिथि 31 दिसम्बर तक बढा दी गई है। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि सभी खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों को 450 रूपये की अनुदानित राशि पर घरेलू सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने हेतु गैस की एलपीजी आईडी मैप कराने की अवधि 10 दिसम्बर 2024 तक बढा दी गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थियों के एलपीजी आईडी मैपिंग का कार्य चल रहा है। इसके लिए उपभोक्ता को अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर पोस मशीन के माध्यम से सभी सदस्यों के आधार नम्बर की सीडिंग व ई-केवाईसी तथा एलपीजी आईडी की मैपिंग करवाया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा योजना के तहत ई-केवाईसी करने की प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक कर दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना में लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान पर जाकर वायोमैट्रिक सत्यापन आवश्यक रूप से करायें। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 31 दिसम्बर 2024 तक जो लाभार्थी अपनी ई-केवाईसी नहीं करवायेंगे तो उनका नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

## देवली में एक के बाद एक चोरी की बढ़ती वारदातो से पुलिस की सक्रियता पर उठ रहे कई सवाल

### प्रत्येक दिन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों ने पुलिस की मुस्तेदी को ठेंगा दिखाया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** दिनों देवली शहर में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला चोर गिरोह पूरी तरह सक्रिय रहकर पुलिस की मुस्तेदी को ठेंगा दिखा रहा है। यह कहना इसलिए मुश्किल नहीं होगा की। एक सप्ताह के भीतर शहर में चोरी की लगभग आधा दर्जन वारदातें पुलिस थाने के बाहर और इर्द-गिर्द घटित हो चुकी है। इन सभी चोरी की वारदातों की रिपोर्ट पुलिस थाने में लगभग दर्ज हो चुकी है। हालांकि यहां हो रही चोरी की वारदातो में लिप्त चोरों की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है। लेकिन सक्रिय चोर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इसी वजह से देवली शहर में चोरी की घटनाएं यहां बेलगाम होती चली जा रही है । यहां आए दिन चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच पुलिस की सक्रियता पर भी कई सवाल खड़े होते चले जा रहे हैं। ऐसे में चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच शनिवार को मामला यह सामने आया है कि शुक्रवार रात अज्ञात चोर ने शहर के बीचों-बीच स्थित बावड़ी बालाजी मंदिर को फिर से अपना निशाना बना लिया। यहां पुलिस से बेखौफ चोरों ने करीब डेढ़ से पौने दो बजे के बीच बावड़ी बालाजी के मंदिर में चोरी की वारदात कर डाली । चोर ने मंदिर के प्रवेश द्वार से बालाजी प्रतिमा मंदिर में प्रवेश किया और करीब ढाई सौ ग्राम वजनी आधा दर्जन चांदी के छत्र चुरा लिए। इसी प्रकार करीब आधा किलो वजनी चांदी का मुकुट भी चुरा लिया। मंदिर में हुई चोरी की इस वारदात का पता पुजारी को सुबह चला । पुजारी चोरी की सूचना पुलिस थाने तक पहुंचाई। सूचना पर देवली थाना पुलिस मंदिर पहुंची और वारदात की जानकारी लेना शुरू कर दी । पुलिस को यहां मंदिर के पीछे करीब डेढ़ फीट लंबा एक लोहे का सरिया मिला । इस पर पुलिस का अनुमान

पुलिस थाने के पास बावड़ी बालाजी मंदिर से चोरों ने चुरा लिए चांदी के मुकुट और छत्र



है कि उक्त सरिया से चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया होगा। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। ऐसे में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध सामने आया । तो वहीं शनिवार को सुबह 11.00 पुलिस थाने के पीछे गुरुद्वारा रोड स्थित बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बाहर से बैंक कैशियर की बाइक चोरी हो गई है। ऐसे ही गुरुवार के प्रात: 4.00 बजे वार्ड नंबर 6 से पालिका के सफाई कर्मचारी शंकर लाल वाल्मीकि की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। यहां आए दिन चोरी की बढ़ती वारदातों और बेखौफ चोरों की सक्रियता ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

## क्षेत्र के विकास में नही होगा किसी प्रकार का भेदभाव- हरीश मीणा

### शिक्षा, खेल और आमजन की सुविधा के लिए होंगे कई विकास कार्य-रामसहाय वर्मा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 77 लाख 31 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले चार कक्षा कक्ष व बरामदा और एक बाल वाटिका का शिलान्यास मुख्य अतिथि सांसद हरीश मीणा, विधायक रामसहाय वर्मा, प्रधान रामअवतार लांगडी, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने विधिवत रूप से किया। मुख्य अतिथि सांसद मीणा ने कहा कि टोंक सवाई माधोपुर क्षेत्र में विकास को लेकर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक बालक के भविष्य का निर्माण करते है। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, खेल और आमजन की सुविधा के लिए हर प्रकार के विकास कार्य किए जाएंगे। जल्दी ही शहर के प्रताप स्टेडियम में विकास के कार्य व उप जिला अस्पताल का शिलान्यास भी जल्द ही किया जाएगा। प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम में पंडित केदारप्रसाद शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन करवाकर शिलान्यास करवाया।

## शिव महापुराण में हुआ शिव पार्वती विवाह और शिव तांडव

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( नि.स. )।** अंजनीसुत सेवा समिति भरतपुर के तत्वावधान में इन दिनों किले में स्थित बांगड़ वाले हनुमान जी के मंदिर पर सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।

अंजनीसुत सेवा समिति स्तर से प्राप्त समाचार अनुसार वृंदावन धाम के आचार्य शशिकृष्ण ठाकुर के द्वारा इस कथा का वाचन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है । 3 दिसंबर मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुए कार्यकर्मों के अंतर्गत आने वाले दिनों में 9 दिसंबर सोमवार को श्री खाटू श्याम जी का बाहर के कलाकारों द्वारा भव्य जागरण तथा 10 दिसंबर मगंलवार को हवन एवम अन्नकूट प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा । अंजनीसुत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने क्षेत्र के समस्त भक्त जनों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की है ।

## प्रभु श्री राम का नाम लेने मात्र से ही मनुष्य धन्य हो जाता है-आचार्य अतुल कृष्ण जी महाराज

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( आशीष वर्मा )** रविवार को काली की बगीची, भरतपुर हॉल में यजमान शिशुपाल लवानियां द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम कथा में आचार्य अतुल कृष्ण जी महाराज ने बताया कि कलयुग में प्रभु श्री राम का नाम लेने मात्र से ही मनुष्य धन्य हो जाता है प्रभु श्री राम का नामकरण मात्र से ही मनुष्य का भाग्य भविष्य तय हो जाता है । उन्होंने बताया कि हमारे समाज में जो समस्याएं हैं वे शिक्षा अभाव की वजह से हैं पहले हमारी शिक्षा धर्म से जोड़ने वाली, त्यागमयी जीवन जीने वाली और दूसरों का भला करने वाली होती थी । पहले शिक्षा बालक में संस्कार बनती थी और संस्कार ही पालक के व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक होते थे । कथा में आज उन्होंने भक्ति के नव रूप, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण परशुराम संवाद, प्रभु श्री राम के बचपन की बाल लीलाओं का वर्णन भी किया । संगीतमय श्रीराम कथा ने सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर कथा के आचार्य कथा के आचार्य अतुल कृष्ण जी महाराज एवं यजमान शिशुपाल लवानियां का, श्री ब्राह्मण समाज तिलक नगर के अध्यक्ष नत्थीलाल दीक्षित के नेतृत्व में समाज के अनेक गणमान्यजन की ओर से पटका, माला, साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद शर्मा ठेकेदार, पूर्व मेयर शिवसिंह भोंट, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण पाराशर, अति.जिला शिक्षा अधिकारी विशाल चौधरी, प्रधानाचार्या रश्मि चौधरी, हरिओम फौजदार कुम्हेर, वैद्य लक्ष्मण तिवारी, एडवोकेट सुशील कुमार शर्मा की ओर से भी आचार्य का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, जगदीश लवानियां, हरीश मुद्गल, सरोज पंडित, विनोद भारद्वाज, बनवारी पंडित, बाबूलाल कटारा, लालचंद शर्मा, मदनमोहन शर्मा, अशोक शर्मा, हरीशंकर जोशी, ओमप्रकाश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे । इस अवसर पर पधारे हुए सभी भक्तजनों को आचार्य जी ने अपना आशीर्वाद दिया एवं आयोजक शिशुपाल लवानियां ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

## स्वास्थ्य मंदिर की महिला सेवा इकाई की मीटिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा ) ।** रविवार को महिला सेवा इकाई की कार्यकारणी मीटिंग स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर अध्यक्ष अंजना सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष अंजना सोनी ने नवंबर माह में किए गए सेवा कार्यों की विवेचना करते हुए बताया कि इकाई द्वारा नवंबर माह में पांच लड़कियों की कन्यादान में मदद, तीन लड़कियों की स्कूल फीस, 10 गरीब विधवा महिला परिवारों को राशन सामग्री किट, खिलता बचपन समर्थ जीवन प्रकल्प के बच्चों को राशन सामग्री एवं जूते कंबल प्रदान किए गए। सचिव शकुन सोनी ने दिसंबर माह में होने वाले सेवा कार्यों की चर्चा करते हुए बताया कि दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया जाएगा। इकाई द्वारा 7 गरीब लड़कियों का सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम 2 मार्च को स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर किया जायेगा। इच्छुक जरूरतमंद परिवार स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। आज की मीटिंग में कोषाध्यक्ष मीरा गोयल सदस्य साधना गोयल, सुनीता सिंघल, अंजू तनेज़ा, सुनीता कुलश्रेष्ठ, संरक्षक प्रभा गुप्ता कविता गोयल ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## विंटर वंडरलैंड 2024: क्रिसमस का जादू और शिक्षा का संदेश

### राउंड टेबल इंडिया ने लॉन्च किया भव्य पोस्टर, 21-22 दिसंबर को होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राउंड टेबल इंडिया ने अपने बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम विंटर वंडरलैंड 2024 का भव्य पोस्टर लॉन्च रविवार को की गई। 21 और 22 दिसंबर को सिटी पार्क में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक ओरिलाइट लाइफ स्पेसेस रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन स्वप्निल गोयल ने घोषणा की कि इस वर्ष विंटर वंडरलैंड से जुटाई गई धनराशि का उपयोग एक सरकारी स्कूल में 6 कक्षाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा,राउंड टेबल इंडिया शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कार्यक्रम के आकर्षण

कार्यक्रम के आयोजक शुभदीप शर्मा ने विंटर वंडरलैंड 2024 के मुख्य आकर्षणों को साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए मजेदार खेल और गतिविधियां,रंगीन क्रिसमस मार्केट,मंच पर शानदार लाइव प्रस्तुतियां होंगी।

### समर्थन और शुभकामनाएं

पोस्टर विमोचन में उपस्थित डॉ. साकेत गोयल ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए टीम को शुभकामनाएं दीं। होटल फेडरेशन एवं व्यापार महासंघ महासचिव अशोक महेश्वरी ने राउंड टेबल इंडिया के सामाजिक कार्यों की सराहना कहा कि युवा समाजसेवा की कार्य आगे बढकर हिस्सा ले रहे है यह बदलते भारत की नई तस्वीर है। हमें इन्हे प्रोत्साहित कर सेवाकार्यो के लिए सहयोग करना चाहिए।

चार्टड चैयरमेन अरुण मेहता ने कहा कि卐शिक्षा के लिए किए जा रहे ये प्रयास समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।卐उन्होने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को शिक्षा के प्रति एक बड़ा कदम बताया।

ओरिलाइट लाइफ स्पेसेस से ध्रुवी और सूर्या होटल्स से अन्वेषा और सूर्या ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### टीम का योगदान

राउंड टेबल इंडिया की टीम से मुकुल, अंकित, जसकरण, राघव, शौर्य, सिद्धार्थ, अनंत, राहुल, अंशुल, प्रांशुल, और निखिल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।


### आयोजन का उद्देश्य

विंटर वंडरलैंड 2024, जो 21 और 22 दिसंबर को सिटी पार्क, कोटा में आयोजित होगा, न केवल क्रिसमस का जश्न मनाएगा, बल्कि वंचित बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के उद्देश्य को भी आगे बढ़ाएगा।


### आव्हान

होटल फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने इस शानदार आयोजन का हिस्सा बनें और शिक्षा के इस नेक कार्य में अपना योगदान दें। राउंड टेबल इंडिया का प्रयास है कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जाए और बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद मिले।

# ओएमजी-2 और पेडमैन जैसी फिल्में करने पर बोले अक्षय, कहा: किसी में मजाल नहीं जो सेक्स एजुकेशन पर फिल्म बनाए, नुकसान उठाकर बनाते हैं ऐसी फिल्में







अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन गिने-चुने अभिनेताओं में से एक हैं, जो फिल्मों के सब्जेक्ट के लिए जाने जाते हैं। अक्षय ज्यादातर टैबू सब्जेक्ट या सोशल मैसेज देने वाली फिल्में करते हैं, लेकिन अब एक्टर की मानें तो इन फिल्मों से उन्हें रिटर्न नहीं मिलता है। एक्टर ने कहा कि वो मसाला फिल्में कर 3-4 गुना ज्यादा कमा सकते हैं, लेकिन फिर भी वो टैबू सब्जेक्ट पर फिल्में बनाना ज्यादा पसंद करते हैं।

हाल ही में एएनआई के पॉडकास्ट में अक्षय कुमार ने टैबू सब्जेक्ट्स पर फिल्में बनाने और फिल्म सेलेक्शन पर बात की है। उन्होंने कहा है, ये मेरा तरीका है सोसाइटी को लौटाने का। मैं जानता हूं कि अगर मैं सूर्यवंशी, सिंह इज किंग और राउडी राठौड़ जैसी फिल्में बनाऊं तो मैं 3-4 गुना ज्यादा कमाऊंगा। ये मैं आराम से कर सकता हूं। मैं वेलकम कर लूं, भागम भाग कर लूं, लेकिन अगर आप दिल से पूछें तो मुझे एयरलिफ्ट, टॉयलेट: एक प्रेम कथा जैसी फिल्में करने में मजा आता है। मैंने शौचालय पर टॉयलेट: एक प्रेम कथा बनाई। इतनी सारी चीजें हैं, जो सोसाइटी के अंदर घुसी हुई हैं, जो टैबू हैं, आदत सी बन गई हैं, लोग आदत को सुधारते नहीं हैं। मेरा मन करता है वो फिल्में बनाने का।

### टैबू सब्जेक्ट पर फिल्म बनाने से नहीं मिला मुनाफा

आगे अक्षय ने कहा है कि टैबू सब्जेक्ट पर फिल्में बनाने पर उन्हें नुकसान होता है, लेकिन फिर भी वो वैसी ही फिल्में बनाना पसंद करते हैं। एक्टर ने इस पर कहा, मेरे पास पैसे नहीं आते वापस, लेकिन बात पैसों की नहीं है। मुझे पता है बिजनेस भी उतना नहीं होता, लेकिन अगर आप मेरे सामने बैठकर कह रही हैं कि आपने फिल्म देखी और आपको अच्छी लगी, लेकिन क्या है किसी में वो मजाल जो मास्टरबेशन या सेक्स एजुकेशन पर फिल्म बनाए। मुझे आप बता दीजिए अगर किसी भी एक्टर ने बनाई हो तो। चाहे यहां (बॉलीवुड में) देख लो या हॉलीवुड में देख लो।

बातचीत के दौरान अक्षय कुमार से पूछा गया था कि क्या वो इस तरह की फिल्में करने के लिए पैसे नहीं लेते। इस पर एक्टर ने कहा, मैं खुद ही प्रोड्यूस करता हूं। तो मैं खुद पैसे कैसे लूंगा। फिल्म ने जो भी कमाए, वो मेरी कमाई और नहीं कमाए तो नहीं कमाए।

### आने वाले दिनों में अक्षय के पास 8 बड़ी फिल्में

अक्षय कुमार जल्द ही फिल्म स्काय फोर्स, जॉली एलएलबी-2, हाउसफुल 5, शंकरा, कनप्पा (तेलुगु), वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और वेदत मराठे वीर दौड़ते सात (कैमियो) में नजर आने वाले हैं।

## शाहरुख के फैन की हुई थी प्रमोशनल इवेंट में मौत

### अल्लू अर्जुन की ही तरह किंग खान पर भी लगे थे चार्जेस, जानिए क्या था पूरा वाक्या



हाल ही में फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान हैदराबाद में भगदड़ मच गई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अल्लू अर्जुन पर गैर इरादतन हत्या के चार्जेस लगाए गए हैं। वहीं एक्टर ने खुद भी मृतिका के परिजनों को 25 लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया है, हालांकि ये इस तरह का इकलौता मामला नहीं हैं। अल्लू अर्जुन से पहले शाहरुख खान पर भी भगदड़ में मारे जाने वाले फैन की हत्या से जुड़े चार्जेस लग चुके हैं।

दरअसल, शाहरुख खान की फिल्म रईस साल 2017 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए शाहरुख खान ने क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई से दिल्ली तक सफर किया था। इस दौरान 23 जनवरी 2017 को शाहरुख खान की एक झलक पाने के लिए वडोदरा स्टेशन पर इतनी भीड़ इकट्ठा हो गई कि भगदड़ में 45 साल के फरदीन खान खान की हार्टअटैक से मौत हो गई।

पॉलिटिकल लीडर जीतेंद्र सोलंकी ने शाहरुख को फरदीन की मौत का आरोपी बताते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उन पर आईपीसी और रेल्वे एक्ट की कई धाराएं लगाई गई थीं। मामले में शाहरुख खान को समन किया गया था। हालांकि कोर्ट ने शाहरुख खान को माफी मांगने की शर्त पर बरी कर दिया था।

कोर्ट से राहत मिलने के बावजूद गुजरात के एक शख्स ने तत्कालीन यूनियन मिनिस्टर को लेटर लिखकर शाहरुख के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की थी।

### शाहरुख खान ने जारी किया था ऑफिशियल स्टेटमेंट

विवादों के बीच शाहरुख खान ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया था, जिसमें लिखा था, मेरे साथ उस दिन मेरे साथ काम करने वाली एक लड़की भी ट्रैवल कर रही थी। उसके अंकल उससे मिलने आ रहे थे, लेकिन भीड़ में उन्हें हार्ट अटैक आ गया। हमने खुशी से ये सोचकर सफर शुरू किया था कि हम साथ में समय बिताएंगे, लेकिन हमारे करीबी ने एक अपने को खो दिया। ये बेहद दुखद है।

### पुष्पा-2 देखने पहुंची महिला की हुई मौत

फिल्म पुष्पा 5 दिसंबर को रिलीज हुई है। इस दिन अल्लू अर्जुन हैदराबाद के संध्या थिएटर पहुंचे थे। उन्हें देखने के लिए इतनी भीड़ उमड़ी कि रेवती नाम की महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अल्लू अर्जुन के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। हाल ही में अल्लू अर्जुन ने महिला के प्रति संवेदना व्यक्त कर उसके परिवार को 25 लाख का मुआवजा देने की घोषणा की है।

## रेखा ने अपनी लाइफ के मिस्ट्री मैन का किया जिक्र : अर्चना पूरन सिंह के सवाल पर कहा- क्या आप नहीं जानतीं वह कौन हैं

अर्चना पूरन सिंह ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने बचपन के किस्से और रेखा के साथ मेकअप रूम का किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए रेखा जी के साथ काम करना मेरे बचपन का सपना पूरा होने जैसा था। रेखा जी से पर्सनली मिलना चाहती थी- अर्चना हाल ही में रेखा ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में शिरकत की थी। जिसके बाद अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'जब मैंने रेखा जी की सावन भादों देखी, तब मैं एक छोटे से शहर में रहने वाली बच्ची थी, जिसकी बॉम्बे जाने की ख्वाहिश थी...लेकिन रेखा जी से पर्सनली मिलना चाहती थी।' रेखा जी ने मेकअप करना सिखाया- अर्चना अर्चना पूरन सिंह ने लिखा, 'कई सालों बाद मैंने रेखा जी के साथ फिल्म लड़ाई में काम किया, फिल्म के शूट के समय उन्होंने मुझे अपने मेकअप रूम में बुलाया और मेकअप और नकली पलकें लगाने के तरीके बताया था। ये एक ऐसा ट्रेंड था जिसकी शुरुआत बॉलीवुड इंडस्ट्री में रेखा जी ने ही की थी।' रेखा ने अपनी लाइफ के मिस्ट्री मैन का किया जिक्र- अर्चना अर्चना पूरन सिंह ने आगे लिखा, 'यह एक सपना सच होने जैसा था जब मैंने पहली बार साल 1989 में रेखा जी के साथ फिल्म लड़ाई में काम किया था। रेखा जी अक्सर अपने मिस्टीरियस मैन के बारे में बात करती हैं।

## दिव्यांका बोलीं- काम के चलते बचपना एन्जॉय नहीं कर सकी

### कहा- जो शौक छूट गया, अब पूरा कर रही हूं, शादी के बाद लाइफ बदली

दिव्यांका त्रिपाठी की नई वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शिरी हाल ही में रिलीज हुई है। इसमें एक साधारण हाउसवाइफ की असाधारण कहानी दिखाई गई है। यह कहानी एक ऐसी महिला की है जो अपने परिवार के लिए अपने सपनों को पीछे छोड़ देती है, लेकिन हालात उसे दोबारा अपने पैशन को जीने का मौका देते हैं। बातचीत में दिव्यांका ने सेकंड चांस, हाउसवाइफ की अनदेखी ताकत और अपनी जिंदगी के अनुभवों पर खुलकर बात की। पढ़िए इस खास बातचीत के कुछ हिस्से।

### बचपन के सपने और एडवेंचर

दिव्यांका त्रिपाठी ने बताया कि शादी के बाद उन्हें अपने बचपन के एडवेंचर्स को फिर से जीने का मौका मिला। उन्होंने कहा, बचपन में मुझे एडवेंचर का बहुत शौक था, लेकिन काम के चलते यह सब पीछे छूट गया। शादी के बाद, विवेक मेरे पार्टनर बने और मैंने वो सारे एडवेंचर पूरे किए। जब मुझे खतरों के खिलाड़ी में हिस्सा लेना था, तो मुझे खुद पर भरोसा नहीं था। लेकिन विवेक ने मुझे मोटिवेट किया और मैंने इसमें हिस्सा लिया। यह शो मेरे लिए बचपन के सपने जैसा था। इसके बाद मैंने बाइक राइडिंग भी सीखी। मुझे लगता है कि जिंदगी में अभी भी बहुत कुछ बाकी है और मैं वो सब करना चाहती हूं।



### लाइफ में सेकंड चांस की अहमियत

दिव्यांका मानती हैं कि सेकंड चांस तब खास बनता है, जब हम उसे अपनाएं और अपनी पहली गलती या नाकामी की वजह से उसे नजरअंदाज न करें। उन्होंने कहा, जिंदगी में हर किसी को सेकंड चांस मिलता है। यह हमारी चॉइस होती है कि हम उस मौके का फायदा उठाते हैं या उसे छोड़ देते हैं। रिश्तों की बात करें तो, अगर कभी खटास आए, तो यह आपका फैसला होता है कि उस रिश्ते को संभालना है या छोड़ देना है। मेरे करियर में भी कई बार ऐसा हुआ जब मुझे लगा कि मुझे दूसरा मौका मिला है। पहली बार की गलतियों से मैंने सीखा और दूसरे मौके पर खुद को बेहतर बनाया। पहला चांस हमें सीख देता है और दूसरा चांस सही दिशा में चलने का मौका।

## कॉन्सर्ट में गिरने से बाल-बाल बचे एपी ढिल्लों

### मंच पर मलाइका को गले लगाकार डेडिकेट किया गाना, कहा- मेरे बचपन का प्यार हो

इंडो-कनाडियन सिंगर और रैपर एपी ढिल्लों के इंडिया टूर की शुरुआत मुंबई से हो चुकी है। सिंगर ने शनिवार को मुंबई के क्र-2 ग्राउंड में परफॉर्म किया। इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी मंच पर पहुंचकर उनका साथ दिया। ये कॉन्सर्ट लगातार सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है, हालांकि सामने आए एक वीडियो में सिंगर एपी ढिल्लों मंच से गिरने से बाल-बाल बचते नजर आए हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एपी ढिल्लों जल्दबाजी में दौड़ते हुए मंच पर चढ़ते दिखाई दे रहे हैं, हालांकि आखिरी सीढ़ी चढ़ते हुए बैलेंस बिगड़ने पर वो लड़खड़ा जाते हैं। सिंगर ने हाथ का सहारा लेते हुए खुद को संभाला और फिर हंसते हुए मंच तक पहुंचे।

### मलाइका अरोड़ा हैं एपी ढिल्लों की चाइल्डहुड क्रश

कॉन्सर्ट के बीच एपी ढिल्लों ने मलाइका अरोड़ा को मंच पर बुलाया था। मलाइका ने उनके गानों पर थिरकते हुए जमकर मस्ती की। इस दौरान एपी ढिल्लों ने उन्हें गले लगाते हुए उन्हें देखकर गाना गाया। साथ ही उन्होंने अनाउंस किया कि मलाइका अरोड़ा उनकी चाइल्ड हुड क्रश हैं।

आगे सिंगर ने मलाइका के लिए विद यू गाना डेडिकेट किया था। मलाइका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में इसकी झलक दिखाते हुए सिंगर को शुक्रिया अदा किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, ये बहुत प्यारा सरप्राइज था, थैंक्यू एपी ढिल्लों। मलाइका अरोड़ा इस कॉन्सर्ट में ब्लैक लेदर मिनी ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। वहीं 360 डिग्री मंच पर एपी ढिल्लों ने अपने ट्रेंडिंग गानों पर परफॉर्मेंस दी।

### भारत के इन शहरों में भी परफॉर्म करेंगे एपी ढिल्लों

7 दिसंबर को हुए मुंबई कॉन्सर्ट के बाद एपी ढिल्लों 14 दिसंबर को दिल्ली में, 21 दिसंबर को चंडीगढ़ में परफॉर्म करेंगे। सिंतबर में उन्होंने इस इंडिया टूर की अनाउंसमेंट की थी।

## रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया के पेरेंट्स से मिलने पहुंचे सलमान खान:सामने आईं सेलिब्रेशन की तस्वीरें, दबंग टूर के चलते दुबई गए थे, वापस लौटे

सलमान खान पिछले कुछ दिनों से दबंग टूर के लिए दुबई में थे। इस टूर में सोनाक्षी सिन्हा, सुनील ग्रोवर, मनीष पॉल ने भी उनका साथ दिया। दुबई में रहते हुए हाल ही में सलमान खान अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर के पेरेंट्स से भी मिले हैं। साथ ही सलमान ने यूलिया के पेरेंट्स का बर्थडे भी सेलिब्रेट किया है। यूलिया वंतूर बीते कुछ दिनों से दुबई में अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। दो दिन पहले यूलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से मां के साथ तस्वीरें शेयर की थीं। इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा था, हैप्पी बर्थडे इस दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला को। मेरी वंडरफुल मां। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। इसके अगले ही दिन यूलिया ने पिता का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर सलमान भी उनके साथ मौजूद रहे। सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कर यूलिया ने लिखा है, हैप्पी बर्थडे डेड, आई लव यू एंड थैंक्यू। 2 हीरोज।

### सलमान की परफॉर्मेंस देखने पहुंची यूलिया वंतूर


यूलिया वंतूर दुबई में चल रहे सलमान के दबंग टूर का हिस्सा बनीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में सलमान की परफॉर्मेंस की झलक शेयर की है। सलमान ने इस दौरान ग्रैंड एंट्री ली और सुल्तान, दबंग, ओ ओ जाने जाना, जूते दे दो पैसे ले लो और जवानी फिर न आए जैसे आइकॉनिक गानों पर परफॉर्मेंस दी है। दबंग टूर में सोनाक्षी सिन्हा ने भी परफॉर्मेंस दी है। इस दौरान सुनील ग्रोवर ने सलमान खान की नकल उतारते हुए अपने बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को भी खूब हंसाया। इस टूर को मनीष पॉल ने होस्ट किया था।

### टाइट सिक्योरिटी के बीच मुंबई लौटे सलमान

रविवार सुबह सलमान खान दुबई से मुंबई लौटे हैं। इस दौरान उन्हें एयरपोर्ट में टाइट सिक्योरिटी के बीच देखा गया है।

## शाहरुख-सलमान के साथ फिल्म करने को तैयार हैं आमिर

### बोले- वो दोनों भी एक साथ काम करना चाहते हैं, बस सही स्क्रिप्ट का इंतजार है



आमिर खान ने खुलासा किया है कि वे, शाहरुख खान और सलमान खान एक फिल्म में साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि तीनों को बस अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है। रेड सी फिल्म फेस्टिवल में आमिर ने कहा कि 6 महीने पहले एक साथ फिल्म करने के बारे में उनकी सलमान और शाहरुख से बातचीत हुई थी। आमिर ने साथ काम करने की पहल की थी आमिर ने कहा- 6 महीने पहले कहीं हम एक साथ थे और इस बारे में बात की थी। वास्तव में, मैं ही वह शख्स था, जिसने इस बारे में पहल की थी। मैंने शाहरुख और सलमान से कहा कि अगर हम तीनों एक साथ फिल्म नहीं करेंगे तो यह वाकई दुखद होगा। बॉलीवुड के तीन दिग्गजों को एक साथ बड़े पर्दे पर देखने की संभावना लंबे समय से फैंस के बीच चर्चा का विषय रही है। आमिर के मुताबिक, शाहरुख और सलमान भी इस चीज के लिए राजी हैं।

आमिर बोले- हमें सही कहानी का इंतजार है आमिर ने आगे कहा- हम तीनों का ऐसा है कि हमें एक साथ एक फिल्म करनी चाहिए। उम्मीद है कि यह जल्दी होगा। लेकिन इसके लिए सही तरह की कहानी की जरूरत होगी। इस वजह से हमें सही स्क्रिप्ट का इंतजार है।

पहले भी साथ काम करने की इच्छा जताई थी यह पहली बार नहीं है जब आमिर ने शाहरुख और सलमान के साथ फिल्म करने की बात की है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के एक एपिसोड में, फैन ने आमिर से सलमान और शाहरुख के साथ फिल्म करने के बारे में पूछा था। जवाब में एक्टर ने कहा था- आपकी और मेरी सोच बिल्कुल एक जैसी है। मैं हाल ही में दोनों से मिला हूं और उनसे कहा- हम तीनों को इंडस्ट्री में इतने साल हो गए हैं। यह दर्शकों के लिए कितना गलत होगा कि करियर के इस दौर में अगर हम साथ में एक फिल्म न कर सके। एक फिल्म तो बनती है।

बताते चलें, आमिर खान अपकमिंग फिल्म लाहौर 1947 को प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसके डायरेक्टर राजकुमार संतोषी हैं। इस फिल्म के लीड एक्टर सनी देओल हैं। वहीं एक्टर फिल्म एक दिन को भी प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिनमें उनके बेटे जुनैद खान और साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी लीड रोल में हैं।

## नाना पाटेकर ने खुद को बताया वॉयलेंट

### कहा- आज भी कोई बड़ी बात होती है तो मेरा हाथ उठ जाता है, मैंने कई लोगों को मारा है

सीनियर एक्टर नाना पाटेकर ने हालिया इंटरव्यू में अपने करियर के शुरुआती दौर पर बात की है। एक्टर ने बताया है कि शुरुआत में वो काफी वॉयलेंट हुआ करते थे। इसके अलावा नाना पाटेकर ने संजय लीला भंसाली से हुए झगड़े पर भी बात की, जिसके बाद दोनों ने कभी साथ काम नहीं किया था।

सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में अपनी अपकमिंग फिल्म वनवास प्रमोट करने पहुंचे नाना पाटेकर ने कहा है, मैं शुरुआत में काफी वॉयलेंट था। मैं सुनता बहुत कम था, बोलता बहुत कम था, हाथ से ही बोलता था। मैं सीधे गिरेबान पकड़ लेता था। मैं बोलता बहुत कम था। अब नहीं हूं। लेकिन आज भी अगर कोई बड़ी बात होती है, तो मेरा हाथ उठ जाता है। पहले मैं बहुत ज्यादा वॉयलेंट था। अगर मैं एक्टर नहीं होता तो अंडरवर्ल्ड में होता। मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, हंसने की बात नहीं है।

जब नाना पाटेकर से पूछा गया कि क्या आपने किसी एक्टर को मारा है तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, एक्टर को? मैंने बहुत लोगों को मारा है। लेकिन झगड़े किस बात पर होते हैं। अगर तुम मुझसे बेहतर कर रहे हो तो ठीक, लेकिन बेहतर नहीं कर रहे हो तो झगड़ा होता है।

बातचीत के दौरान नाना पाटेकर ने संजय लीला भंसाली से हुए झगड़े पर भी बात की है। उनसे पूछा गया था कि क्या वो दोबारा संजय लीला भंसाली के साथ काम करेंगे या कभी उन्होंने उनसे झगड़ा सुलझाने की कोशिश की। इस पर एक्टर ने कहा, संजय के साथ काम करना मैं भी मिस करता हूं, लेकिन हर एक को अपनी जुबान लगती है। मैं बहुत कठोर बोलता हूं, मुझे गुस्सा आता है तो शायद वो गुस्सा हुआ होगा।

झगड़ा सुलझाने पर नाना पाटेकर ने कहा, क्लैरिफाई क्या करना है, अगर इतने साल बाद भी उसे समझ नहीं आया। गलती हो गई तो हो गई। मैंने जो भी बोला, जो नहीं बोला, उसमें मैं तो गलती नहीं समझता।

बताते चलें कि संजय लीला भंसाली की फिल्म खामोशी में नाना पाटेकर ने मूक जोसेफ का रोल प्ले किया था। एक सीन में संजय लीला भंसाली चाहते थे कि वो हार्ट अटैक से मर रही अपनी पत्नी फ्लैवी (सीमा बिस्वास) को मुड़कर देखें, लेकिन नाना पाटेकर इस बात पर अड़े हुए थे कि जब तक उन्हें कोई क्लू नहीं मिलता वो नहीं मुड़ेंगे, क्योंकि वो मूक थे। इस बात पर सेट पर दोनों की बहस हो गई थी, जिसके बाद दोनों ने कभी दोबारा साथ काम नहीं किया।

बताते चलें कि नाना पाटेकर जल्द ही फिल्म वनवास में नजर आएंगे। ये फिल्म 20 दिसंबर को रिलीज होगी।



# सीरिया के राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे... दमिश्क में दाखिल हुए विद्रोही, ईरान-हिजबुल्लाह को बड़ा झटका

बढ़ता राजस्थान

**दमिश्क ( एजेंसी )।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद कथित तौर पर दमिश्क छोड़कर एक अज्ञात लोकेशन पर भाग गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दो सीनियर मिलिट्री अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एक विमान में सवार होकर वह भागे हैं। राष्ट्रपति के भागने की खबर तब आई है जब विद्रोही बलों ने दावा किया है कि उन्होंने राजधानी में घुसना शुरू कर दिया है और उनका मुकाबला करने के लिए सीरिया की सेना मौजूद नहीं है। यह ईरान और हिजबुल्लाह के लिए बड़ा झटका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दमिश्क के एक मुख्य चौराहे पर हजारों लोग जमा हैं। कई लोग पैदल तो कई लोग कारों से आ रहे हैं। भीड़ आजादी के नारे लगा रही है। विद्रोहियों ने एक बयान जारी करते हुए कहा , हम सीरियाई लोगों के साथ सेडनाया जेल में हमारे कैदियों को मुक्त करने और उनकी जंजीरों को तेड़ने की घोषणा करते हैं। अन्याय के युग की समाप्ति हो गई है। सेडनाया दमिश्क के बाहरी इलाके में एक बड़ी सैन्य जेल है जहां सीरियाई सरकार ने हजारों लोगों को हिरासत में लिया था। सेडनाया जेल अपनी कठोर परिस्थितियों और मानवाधिकारों के हनन के लिए कुख्यात है। लंबे समय से यह असद की सरकार के दमन का प्रतीक रही है।



### नक्शे से गायब हुआ विमान

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाइटराडार वेबसाइट के डेटा के मुताबिक सीरिया एयर के एक विमान ने दमिश्क हवाई अड्डे से लगभग उसी समय उड़ान भरी जब राजधानी पर विद्रोहियों की ओर से कब्जे की जानकारी मिली थी। विमान ने शुरु में सीरिया के तटीय क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था, जो असद का गढ़ है। लेकिन फिर अचानक यू-टर्न लिया और नक्शे से गायब हो गया। विमान में कौन सवार था इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती है।



### दमिश्क में गोलीबारी

कुछ ही घंटे पहले विद्रोहियों ने घोषणा की कि उन्होंने एक ही दिन की लड़ाई के बाद सीरिया के प्रमुख शहर होम्स पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। इसके बाद असद का 24 साल का शासन खतरे में है। दो निवासियों ने रविवार को कहा कि दमिश्क के केंद्र में गोलीबारी की आवाज सुनी जा सकती है। हालांकि यह साफ नहीं है कि गोलीबारी कौन कर रहा है। राजधानी के दक्षिण-पश्चिम ग्रामीण इलाकों में, स्थानीय युवाओं और पूर्व विद्रोही सड़कों पर उतर आए। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अमेरिका को सीरिया में सैन्य कार्रवाई से बचना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारी लड़ाई नहीं है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब विद्रोही राजधानी दमिश्क के उपनगरों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद सत्ता में बने रहने के लिए अमेरिकी समर्थन के लायक नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि विद्रोही संभवतः असद को सत्ता से हटा सकते हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर होंगे



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, एनसीपी-एसपी नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे। इधर, राहुल नार्वेकर ने आज स्पीकर पद के लिए नामांकन भर दिया है। कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। शपथ ग्रहण से पहले विपक्ष के नेताओं ने सीएम फडणवीस से मुलाकात की। ये सभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद की मांग को लेकर पहुंचे थे।

## ढाका में इंडियन हाई कमीशन के सामने विरोध-प्रदर्शन: बीएनएफ लीडर बोले- भारत ने हमसे चटगांव मांगा तो बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने रविवार को इंडियन हाई कमीशन के सामने भारत के विरोध में लॉन्ग मार्च निकाला। हालांकि पुलिस ने इस मार्च को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद बीएनएफ के एक प्रतिनिधि गुट को पुलिस की मदद से इंडियन हाई कमीशन को ज्ञापन सौंपने की इजाजत दी गई। बीएनएफ के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर रिजवी ने इस दौरान भारत विरोधी बयान दिए। रिजवी ने कहा- भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा। बता दें कि चटगांव में 26 नवंबर को चिन्मय प्रभु के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान एक वकील सैफुल इस्लाम ऊर्फ आलिफ की मौत हो गई थी। वकील की मौत कैसे हुई, ये पता नहीं चल पाया।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस : 8 आरोपियों की ज्यूडीशियल कस्टडी बढ़ी

### अब तक 26 लोग गिरफ्तार हो चुके; सभी पर मकोका एक्ट की धाराएं लगी हैं

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** मुंबई की कोर्ट ने बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मुख्य शूटर समेत आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक ज्यूडीशियल कस्टडी में भेज दिया। इनकी कस्टडी शनिवार को खत्म हो रही थी। सभी को विशेष मकोका कोर्ट में पेश किया गया, जहां इनकी कस्टडी बढ़ा दी गई।



बाकी के आरोपी पहले ही ज्यूडीशियल कस्टडी में हैं। मुंबई पुलिस ने इस मामले में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ 30 नवंबर को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई गई थीं।

इससे पहले 5 दिसंबर को एक आरोपी ने बताया था कि बाबा सिद्दीकी से पहले सलमान खान को मारने का प्लान था। लेकिन सिक्योरिटी टाइट होने की वजह से प्लान बदल दिया गया।

सलमान को बीते कुछ सालों से जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के नाम से लगातार धमकियां मिल रही हैं। काले हिरण के शिकार मामले का हवाला देते हुए लॉरेंस ने एक टीवी इंटरव्यू में सलमान को मारने की धमकी दी थी।

## छायेगा कोहरा



## अब छूटेगी... धूज़णी... प्रदेश में तीन दिन शीतलहर का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ और तेज होती हवा ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है। 9 से 11 दिसंबर तक प्रदेश में शीतलहर (कोल्ड वेव) चलने की चेतावनी जारी की गई है। 11 दिसंबर को सबसे ज्यादा 5 जिलों में ठंड (कोल्ड वेव) का असर रहेगा। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। सीकर, हनुमानगढ़, चूरू में रात का पारा गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस तक आ गया।

**सभी शहरों का पारा 30 डिग्री से नीचे**-मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने रविवार गंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों में बादल छाने की संभावना जताई है। शनिवार को राजस्थान के सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। जयपुर में सीजन की सबसे सर्द रात रही। यहां पहली बार पारा सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ।

**11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान**-राजस्थान में शनिवार को 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। इसमें राजधानी जयपुर भी शामिल है। यहां पहली बार पारा सिंगल डिजिट ( 10 डिग्री से नीचे) 9 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में बीती रात हल्की सर्द हवा भी चली। दिन में आसमान साफ रहा। यहां अधिकतम तापमान 25 .8 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया।

जयपुर के अलावा कल (शनिवार) अजमेर का न्यूनतम तापमान 8 .8, अलवर का 6 .6, पिलानी का 6 .3, सीकर का 5, बाड़मेर का 13 .7, जैसलमेर का 10 .2, बीकानेर का 12 .2, चूरू का 5 .6, गंगानगर का 8 और हनुमानगढ़ का 5 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेखावाटी बेल्ट में पारा 5 डिग्री सेल्सियस आने के कारण यहां ठिठुरन बढ़ गई। यह इस सीजन का सबसे कम तापमान है।

## महाराष्ट्र में थम नहीं रहा विवाद मारकडवाडी के ईवीएम विरोधी कार्यक्रम में शामिल हुए शरद पवार, कर दी ये मांग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने रविवार को महाराष्ट्र में सोलापुर जिले के मारकडवाडी गांव का दौरा किया और ईवीएम विरोधी कार्यक्रम में शामिल हुए। गांव के दौरे के दौरान उन्होंने जयंत पाटिल सहित अपनी पार्टी के कई नेताओं के साथ ग्रामीणों से मुलाकात की। ईवीएम विरोधी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवार ने कहा, मैं ग्रामीणों को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि आपने पूरे देश को सही दिशा दिखाई है। आप (ग्रामीण) ही थे जिन्होंने मतपत्रों का उपयोग कर चुनाव कराने के बारे में सोचा था। पवार ने कहा, हमने ईवीएम के बारे में कुछ आंकड़े एकत्र किये हैं। लोगों ने मतदान किया लेकिन अंत में परिणाम अप्रत्याशित थे। आपने इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाई और इस प्रक्रिया को बदलने की जरूरत है।

एनसीपी-एससीपी प्रमुख ने मतपत्रों का उपयोग कर दोबारा चुनाव कराने की मांग करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने कहा, पुलिस ग्रामीणों को उनके गांव में इकट्ठा होने से कैसे रोक सकती है? वे आपके (ग्रामीणों) खिलाफ शिकायत कैसे दर्ज कर सकते हैं? ऐसी सभी शिकायतें एकत्र करें और उन्हें मुझे दें। मैं इस मुद्दे को मुख्यमंत्री, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रधानमंत्री और यहां तक कि भारत के निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाऊंगा। शरद पवार ने सवाल पूछा कि अगर पूरी मतपत्रों पर चुनाव करा सकती है तो हम क्यों नहीं। उन्होंने कहा, अमेरिका, इंग्लैंड और कई यूरोपीय देश ईवीएम पर नहीं बल्कि मतपत्रों पर चुनाव करा रहे हैं, जब पूरी दुनिया मतपत्रों पर चुनाव करा रही है।

### मुख्यमंत्री ने सीआईआई की नेशनल काउंसिल को किया संबोधित

## राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है 'राइजिंग राजस्थान', उद्योगों को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय बाजार, निवेशक बनेंगे प्रगति का हिस्सा - मुख्यमंत्री शर्मा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राजस्थान की औद्योगिक समृद्धि की आधारशिला है। राजस्थान में मिनरल्स, प्राकृतिक गैस, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा, ऑटोमोबाईल सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के साथ हमारे 'विकसित राजस्थान' के विजन को साकार करते हुए देश और प्रदेश को आगे बढ़ाना है।

श्री शर्मा ने रविवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की नेशनल काउंसिल के सदस्यों को इंटरेक्शन के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट के आयोजन में सीआईआई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही निवेशकों और राज्य सरकार के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य किया है। इन्होंने अपने संगठनात्मक कौशल से इस समिट को एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना दिया है, जहां विचारों का आदान-प्रदान, साझेदारी और भविष्य के विकास की एक मजबूत नींव रखी जा रही है।

### राजस्थान में निवेश कर प्रगति को बढ़ाएंगे निवेशक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआईआई के सहयोग और समर्थन से निवेशकों के लिए एक समृद्ध एवं परिपक्व मंच तैयार हुआ है। राज्य सरकार के कार्यकाल के प्रथम वर्ष में इस समिट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है, ताकि निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस समिट को राज्य में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है। इससे राजस्थान के उद्योगों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार मिलने के साथ ही विभिन्न देशों के निवेशक राजस्थान में निवेश कर प्रगति को और बढ़ा सकेंगे।

### राइजिंग राजस्थान में अब तक हुए 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू

श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट में अब तक 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के एमओयू किए जा चुके हैं, जो राज्य में निवेशकों के अद्वितीय एवं नवीन विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए पॉलिसी फ्रेमवर्क में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। कुछ समय पहले लांच की गई रिप्स 2024 के बाद नौ और नीतियां 4 दिसम्बर को लांच की हैं।

### राजस्थान की आर्थिक प्रगति के लिए हो रहे व्यापक प्रयास

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान की आर्थिक प्रगति के लिए 53 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें, 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे तथा ऊर्जा के क्षेत्र में 30 गीगावाट से 5 वर्षों में 125 गीगावाट के लक्ष्य को सामने रखकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही राज्य के कोने-कोने में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए व्यापक एवं महत्वाकांक्षी प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं, जिसके नतीजे शीघ्र सामने आएंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com